VPL

वर्ष 10 अंक 98
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, बुधवार
15 जनवरी 2025
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHIN/ 2015 / 65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20



03 दिल्ली दंगे: अदालत ने 'छेड़छाड़' की गई क्लिप को लेकर जांच... | 06 सूर्य नमस्कार या उगते सूरज को सलाम! : डॉ. सुरेश गर्ग | 11 बुमराह दिसंबर महीने के लिए आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने

''लोकतन्त्र में - राष्ट्र, आपके धर्म और आपकी अपनी रक्षा आपके 'वोट देने' से ही होगी।''
- रिखब चन्द जैन



डॉ रिखब चन्द जैन (संस्थापक)
अश्विनी उपाध्याय (संरक्षक)
सुरेन्द्र गुप्ता (संरक्षक)
मणीन्द्र जैन (संरक्षक)
विपिन गुप्ता (राष्ट्रीय अध्यक्ष)

- वोट अवश्य दें।
- वोट न बेचें।
- जाति, धर्म, लिंग, रंग, क्षेत्र के आधार पर वोट न दें।
- अहिंसा में विश्वास वाले को ही वोट दें।
- अपराधीओं को वोट न दें।
- 'मतदाता मित्र' बने औरों को वोट देने के लिए प्रेरित करें।
- बिना वोट दिए कोई न रहे।
- वोट के बदले नगद, तोहफे, शराब, सामान न लें।
- वोट योग्य व्यक्ति निःस्वार्थी और सेवाभावी, आतंकवादी को वोट न दें।
- अपराधियों को टिकट देने वाली पार्टी का बहिष्कार करें।
- सही वोट से ही सही प्रतिनिधि और सही सरकार।

भारतीय मतदाता संगठन
गैरराजनैतिक • संवाद आधारित • संघर्ष विहिन • सर्वधर्म समभाव
तीसरी मंजिल, 70 कैलाश हिल्स, नई दिल्ली
Email: bhartiyamatdata@gmail.com



# अब भूकंप के लिए चेतावनी प्रणाली विकसित करने की जरूरत: प्रधानमंत्री मोदी ने वैज्ञानिकों को दी सलाह

**नयी दिल्ली,** (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को वैज्ञानिकों से भूकंप के लिए चेतावनी प्रणाली विकसित करने की दिशा में काम करने का आग्रह करते हुए कहा कि मौसम के उन्नत पूर्वानुमानों ने चक्रवात के कारण होने वाले आर्थिक नुकसान को काफी कम किया है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के 150 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने संस्थान की सराहना करते हुए इसे भारत की वैज्ञानिक यात्रा का प्रतीक बताया।

मोदी ने इस बात का जिक्र किया कि किस तरह उन्नत मौसम पूर्वानुमान से चक्रवातों के दौरान होने वाली मौतों में उल्लेखनीय कमी और आर्थिक नुकसान में कमी आई, जिससे निवेशकों का भरोसा बढ़ा और आर्थिक लचीलापन बना।

प्रधानमंत्री ने कहा, ''मौसम विज्ञान किसी भी देश की आपदा प्रबंधन क्षमता के लिए सबसे महत्वपूर्ण समर्थन प्रदान करता है। प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव को कम करने के लिए, हमें मौसम विज्ञान की दक्षता को अधिकतम करने की आवश्यकता है।'' उन्होंने याद किया कि कैसे 1998 में गुजरात के कांडला में चक्रवात और 1999 के ओडिशा सुपर चक्रवात ने हजारों लोगों की जान ले ली थी। उन्होंने कहा, ''लेकिन बेहतर पूर्वानुमान के कारण जानमाल का नुकसान अब कम से कम है।''

जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग में सोमवार को 6.5 किलोमीटर लंबी सुरंग का उद्घाटन करने के अपने दौरे का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि आईएमडी ने सुझाव दिया था कि उद्घाटन समारोह 13 जनवरी को आयोजित किया जाए क्योंकि बर्फ से ढके सोनमर्ग में मौसम साफ रहता है। इस अवसर पर मोदी ने देश को प्रत्येक मौसम और जलवायु का सामना करने के लिए 'स्मार्ट राष्ट्र' बनाने के मकसद से 'मिशन मौसम' की शुरुआत की।

मोदी ने कहा कि हर तरह की जलवायु का सामना करने के लिए भारत एक 'स्मार्ट राष्ट्र' बने, इसके लिए हमने 'मिशन मौसम' शुरू किया है। उन्होंने कहा, ''मिशन मौसम टिकाऊ भविष्य और भविष्य की तैयारियों को लेकर भारत की प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है।'' 'मिशन मौसम' का लक्ष्य अत्याधुनिक मौसम निगरानी तकनीक और सिस्टम विकसित करके, उच्च-रिज़ॉल्यूशन वायुमंडलीय अवलोकन, अगली पीढ़ी के रडार और उपग्रहों एवं उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटरों का इस्तेमाल करते हुए उच्च स्तरीय क्षमता को हासिल करना है। यह मौसम और जलवायु प्रक्रियाओं की समझ को बेहतर बनाने, वायु गुणवत्ता डेटा प्रदान करने पर भी ध्यान केंद्रित करेगा जो लंबे समय में मौसम प्रबंधन और हस्तक्षेप की रणनीति बनाने में सहायता प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि विज्ञान में प्रगति और इसकी पूरी क्षमता का उपयोग देश की वैश्विक प्रतिष्ठा को आकार देने के लिए आधारशिला के रूप में काम करता है।

मोदी ने कहा, ''भूकंप के लिए चेतावनी प्रणाली विकसित करने की जरूरत है और वैज्ञानिकों एवं शोधकर्ताओं को इस दिशा में काम करना चाहिए।'' प्रधानमंत्री ने मौसम के तरीकों को समझने में विशेषज्ञता के भारत के समृद्ध इतिहास को रेखांकित करने के लिए शास्त्रों और प्राचीन ग्रंथों का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि हमारे यहां वेदों, संहिताओं और सूर्य सिद्धान्त जैसे ज्योतिषीय ग्रन्थों में मौसम विज्ञान पर बहुत काम हुआ था।

मोदी ने कहा कि तमिलनाडु के संगम साहित्य और उत्तर में घाघ भड्डरी के लोक साहित्य में भी बहुत सी जानकारी उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि कृषि पाराशर, पाराशर रूचि और वृहत संहिता जैसे ग्रन्थों में बादलों के निर्माण और उनके प्रकार तक, उस पर गहरा अध्ययन मिलता है।

प्रधानमंत्री ने 'प्री-मॉडर्न कच्छी नैवीगेशन टेक्निक्स एंड वॉयेज' पुस्तक का भी जिक्र किया जिसमें गुजरात के नाविकों के बारे में सदियों पुराने समुद्री ज्ञान को प्रलेखित किया गया है। मोदी ने कहा कि आईएमडी के मौसम पूर्वानुमान जैसे-जैसे अधिक सटीक होंगे, विभिन्न क्षेत्रों, उद्योगों और यहां तक कि रोजमर्रा की जिंदगी में भी उनका महत्व बढ़ेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि मौसम विज्ञान प्रौद्योगिकी में प्रगति के कारण भारत की आपदा प्रबंधन क्षमताओं में काफी सुधार हुआ है जो न केवल देश के लिए बल्कि वैश्विक समुदाय के लिए भी फायदेमंद साबित हुई है।

मोदी ने कहा, ''आज, हमारी बाढ़ मार्गदर्शन प्रणाली नेपाल, भूटान, बांग्लादेश और श्रीलंका सहित पड़ोसी देशों को भी सूचनाएं दे रही है।''

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत किसी भी आपदा से प्रभावित अपने पड़ोसी देशों को मदद की पेशकश करने वाला पहला राष्ट्र बनकर उभरा है।

राष्ट्रीय राजधानी स्थित भारत मंडपम में आयोजित समारोह में शिरकत करते हुए प्रधानमंत्री ने आईएमडी के 150वें स्थापना दिवस पर एक स्मारक सिक्का और मौसम संबंधी अनुकूलता और जलवायु परिवर्तन अनुकूलन के लिए आईएमडी विज़न-2047 दस्तावेज़ भी जारी किया। इसमें मौसम पूर्वानुमान, मौसम प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन शमन की योजनाएं शामिल हैं। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने भारत मंडपम में आईएमडी की उपलब्धियों पर आधारित एक प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

प्रधानमंत्री ने कहा, ''आज हम भारत मौसम विज्ञान विभाग यानी आईएमडी के 150 वर्ष का जश्न मना रहे हैं। यह केवल भारतीय मौसम विभाग की यात्रा नहीं है, यह हमारे भारत में आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी की भी यात्रा है।'' उन्होंने कहा कि आईएमडी ने न केवल करोड़ों भारतीयों की सेवा की है, बल्कि भारत की वैज्ञानिक यात्रा का भी प्रतीक बना है।

"खुशी केवल पैसों में नहीं बल्कि सफलता के आनंद में है!"



Saurabh Shivhare
Saurabh_5519

RERA REGISTRATION NO.: RC/REP/HARERA/GGM/831/563/2024/58 DATED 03.06.2024 (WWW.HARYANARERA.GOV.IN)
SIGNATURE GLOBAL
Titanium SPR
SECTOR 71, GURUGRAM
3.5 & 4.5 BHK
UBER LUXURIOUS CONDOMINIUMS



SIGNATUREGLOBAL (INDIA) LIMITED
CIN NO.: L70100DL2000PLC104787
7053-121-121

## न्यूज ब्रीफ

### मालदा में तृणमूल कांग्रेस के नेता की गोली मारकर हत्या, दो अन्य कार्यकर्ता घायल

मालदा, (भाषा) पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में मंगलवार को अज्ञात हमलावरों ने अंधाधुंध गोलीबारी करके तृणमूल कांग्रेस के एक कार्यकर्ता की हत्या कर दी। इस घटना में पार्टी की स्थानीय समिति के अध्यक्ष समेत दो अन्य लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक पखवाड़े से भी कम समय पहले इसी क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस के पार्षद दुलाल सरकार की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। पुलिस ने बताया कि कालियाचक थानाक्षेत्र के तहत कालियागंज में तृणमूल कांग्रेस की स्थानीय समिति के अध्यक्ष बकुल शेख और अन्य पार्टी कार्यकर्ता एक सड़क के उद्घाटन के कार्यक्रम में भाग ले रहे थे, उसी समय यह घटना घटी।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव: मुख्यमंत्री आतिशी ने कालकाजी निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल किया

**नयी दिल्ली,** (भाषा) दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मुख्यमंत्री आतिशी ने मंगलवार को कालकाजी निर्वाचन क्षेत्र से अपने नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने लाजपत नगर में जिलाधिकारी कार्यालय में पर्चा भरा।



आतिशी को सोमवार को रोड शो के बाद अपना नामांकन दाखिल करना था। आम आदमी पार्टी (आप) के एक नेता के अनुसार हालांकि, रोड शो के कारण देरी हुई और वह दिन की समयसीमा (तीन बजे) से पहले जिलाधिकारी कार्यालय नहीं पहुंच पाईं। आतिशी का मुकाबला भाजपा के रमेश सिंह बिधूड़ी और कांग्रेस की अलका लांबा से है।

पूर्व सांसद बिधूड़ी ने 2003, 2008 और 2013 में तुगलकाबाद विधानसभा सीट से जीत हासिल की थी। लांबा करीब पांच साल तक आप में रहीं और 2019 में कांग्रेस में शामिल हो गईं।

नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए आतिशी ने चुनाव प्रचार के लिए सरकारी वाहनों के इस्तेमाल के संबंध में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए दिल्ली पुलिस की आलोचना की। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता प्रवेश वर्मा के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिन्होंने मतदाताओं के बीच ''खुलेआम पैसे और कंबल बांटे।'' मुख्यमंत्री ने कहा, ''पूरे देश ने (नयी दिल्ली सीट से भाजपा उम्मीदवार) प्रवेश वर्मा को पैसे बांटते देखा। यहां तक कि महिलाएं भी आगे आईं और उन्होंने कहा कि उन्हें ईवीएम पर कमल (भाजपा का चुनाव चिह्न) के सामने वाला बटन दबाने के लिए 1,100 रुपये दिए गए थे।''

आतिशी ने कहा कि वर्मा के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि ''कुछ गड़बड़ है।'' दिल्ली पुलिस ने आतिशी से संबंधित सरकारी वाहन में चुनाव संबंधी सामग्री ले जाने के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के एक अधिकारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। कालकाजी निर्वाचन क्षेत्र में कुल 1,94,515 मतदाता हैं, जिनमें से 1,06,893 पुरुष मतदाता, 87,617 महिला मतदाता और पांच ट्रांसजेंडर मतदाता हैं।

# मकर संक्रांति पर 2.50 करोड़ लोगों ने लगाई डुबकी, अखाड़ों ने किया अमृत स्नान

**महाकुम्भ नगर,** (भाषा) महाकुम्भ के दूसरे स्नान पर्व मकर संक्रांति पर मंगलवार को सुबह से दोपहर तक 13 अखाड़ों के साधु संतों ने बारी-बारी अमृत स्नान किया।



मेला प्रशासन के मुताबिक, अपराह्न तीन बजे तक 2.50 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में आस्था की डुबकी लगाई। अखाड़ों के अमृत स्नान में सबसे पहले सन्यासी अखाड़ों में श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी और श्री शंभू पंचायती अटल अखाड़ा के साधु संतों ने 'हर हर महादेव' के घोष के साथ संगम पर अमृत स्नान किया।

अमृत स्नान के उपरांत महानिर्वाणी अखाड़े के महामंडलेश्वर चेतनगिरी जी महाराज ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''हर 12 साल में पूर्ण कुंभ प्रयागराज में होता है और 12 पूर्ण कुंभ होने पर 144 साल बाद यह महाकुंभ आता है। बहुत भाग्यशाली लोगों को महाकुंभ में स्नान का अवसर मिलता है। महानिर्वाणी अखाड़े से 68 महामंडलेश्वर और हजारों साधु संतों ने अमृत स्नान किया।''

अमृत स्नान के अगले क्रम में तपोनिधि पंचायती श्री निरंजनी अखाड़ा और आनंद अखाड़ा के साधु संतों ने अमृत स्नान किया जिसमें सबसे आगे अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी थे और उनके बाद अखाड़ा के झंडे और फिर आराध्य देवता कार्तिकेय स्वामी और सूर्य नारायण पालकी पर सवार थे। इनके पीछे नागा सन्यासियों की टोली थी और इन सभी के बीच निरंजनी के आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरि एक भव्य रथ पर सवार थे। अमृत स्नान के बाद निरंजनी अखाड़ा के सचिव महंत रविंद्र पुरी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''निरंजनी के 35 महामंडलेश्वरों ने और हजारों की संख्या में नागा सन्यासियों ने अमृत स्नान किया।''

निरंजनी अखाड़े की साध्वी और पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा, ''घाट पर युवाओं की भीड़ यह बताती है कि युवाओं में सनातन धर्म के प्रति कितनी आस्था है। जब भी किसी ने सनातन धर्म को चुनौती दी, युवा और संत समाज ने आगे आकर धर्म की रक्षा की।'' निरंजनी और आनंद अखाड़े के बाद जूना अखाड़े, आवाहन अखाड़े और पंचअग्नि अखाड़े के हजारों साधु संतों ने अमृत स्नान किया। जूना के साथ ही किन्नर अखाड़े के संतों ने भी गंगा में डुबकी लगाई। जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि भव्य रथ पर सवार होकर स्नान घाट पर आए और उनके साथ हजारों की संख्या में नागा सन्यासी भी थे।

सन्यासी अखाड़ों के बाद तीन बैरागी अखाड़ों- श्री पंच निर्मोही अनी अखाड़ा, श्री पंच दिगंबर अनी अखाड़ा और श्री पंच निर्वाणी अनी अखाड़ा ने बारी बारी से स्नान किया। इनके बाद उदासीन अखाड़ों- पंचायती नया उदासीन और पंचायती बड़ा उदासीन अखाड़े ने स्नान किया। सबसे आखिर में श्री पंचायती निर्मल अखाड़ा के साधु संतों ने अमृत स्नान किया।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''यह हमारी सनातन संस्कृति और आस्था का जीवंत स्वरूप है। आज लोक आस्था के महापर्व मकर संक्रांति के पावन अवसर पर महाकुंभ 2025, प्रयागराज में त्रिवेणी संगम में प्रथम अमृत स्नान कर पुण्य अर्जित करने वाले सभी श्रद्धालुओं का अभिनंदन।''

कड़ाके की ठंड और कोहरे के बावजूद प्रयागराज में हर दिशा से जनसैलाब सुबह से ही संगम की ओर जाता दिखाई दिया। आम श्रद्धालु स्नान के साथ ही संगम क्षेत्र में अखाड़ों के साधु संतों के भी दर्शन कर रहे हैं।

आपके विश्वास को हमने और भी मज़बूत किया अपनी
फ्रेश लॉक टेक्नॉलॉजी के साथ
(100g Box with re-sealable pouch inside)




FRESH LOCK जो रखे मसालों को हर समय फ्रेश
क्वालिटी से No Compromise!
5 पीढ़ी से.. जहाँ जाए रिश्ते बनाए
गोल्डी मसाले
मसाले • हींग • अचार • चाय • पापड़ • गुलाब जामुन मिक्स • वन-वन नूडल्स • सेवईयाँ • अगरबत्ती
/goldieegroup1980 /goldieegroup /goldieegroup /goldieegroup
www.goldiee.com 1800 123 201201 customercare@goldiee.com

## छत्तीसगढ़ ही एक ऐसा राज्य,जहां भांजे को माना जाता है भगवान का स्वरूपः मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

■ तीन दिवसीय तातापानी महोत्सव का भव्य शुभारंभ

**स्टेट ब्यूरो चीफ/नेशनल एक्सप्रेस**



रायपुर(छत्तीसगढ़)।प्रभु श्री राम छत्तीसगढ़ के कण-कण में बसे हुए हैं,जन-जन में बसे हुए हैं।भगवान श्रीराम हमारे भांचा राम हैं। पूरी दुनिया में छत्तीसगढ़ ही एक ऐसा राज्य है,जहां भांजे को भगवान स्वरूप में पूजते हैं,उनका चरण पखारते हैं।उन्हें दंडवत होकर प्रणाम करते हैं।हमारी सरकार की श्रीराम लला दर्शन योजना से राज्य के 20 हजार से अधिक लोग अयोध्या में भगवान श्रीराम का दर्शन कर चुके हैं।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के तीन दिवसीय तातापानी महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर उक्त बाते कही।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हम लोग तातापानी संक्रांति परब में हर साल यहां आते हैं।पिछले साल जब हम लोग यहां आए थे,तब इस पावन स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा की थी।परिणाम आप सबके सामने है,आज तस्वीर बहुत कुछ बदली-बदली सी नजर आ रही है।यहां विकास के काम तेजी से हुए हैं और लगातार हो ही रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं।खासकर सरगुजा और बस्तर जिले में अनेक ऐसे सुंदर स्थान हैं,जो पूरी दुनिया के आकर्षण का केंद्र बन सकते हैं।ऐसे स्थलों को चिन्हित कर पर्यटन स्थलों का विकास तेजी से कराया जा रहा है।तातापानी भी ऐसी ही जगहों में से एक है।हम इन सभी दर्शनीय स्थलों को पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित करेंगे।इससे रोजगार और आय के अवसर बढ़ेंगे।अभी हम लोगों ने 177 करोड़ रुपये के 198 विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन किया है।इनमें करीब 134 करोड़ रुपये की लागत के 140 कार्यों का भूमिपूजन और 43 करोड़ रुपये के 58 कार्यों का लोकार्पण शामिल है।मुख्यमंत्री ने कहा कि नालंदा परिसर के निर्माण के लिए हम लोगों ने आज भूमिपूजन किया है, जिसके निर्माण से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को विशेष लाभ मिलेगा।मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बलरामपुर कॉलेज में ऑडिटोरियम निर्माण की घोषणा की।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 300 बेटियों के हाथ पीले हुए हैं। उन्होंने सभी नवदंपतियों को आशीर्वाद देते हुए सभी के सुखमय गृहस्थ जीवन की मंगल कामना की।मुख्यमंत्री ने कहा कि तातापानी संक्रांति परब बलरामपुर-रामानुजगंज जिले का गौरव है।तातापानी दुनिया के उन चुनिंदा स्थानों में से एक है, जहां गर्म-पानी के कुंड के रूप में प्रकृति की शक्ति को प्रत्यक्ष देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि तातापानी संक्रांति परब का यह आयोजन समाज में एकता और सौहार्द का संदेश भी देता है।इस महोत्सव में लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों के साथ ही पतंगबाजी और आरागाही हवाई पट्टी पर पैरासेलिंग का आनंद भी आप लोग उठा पाएंगे।यहां किसान संगोष्ठी और पंच-सरपंच सम्मेलन भी होगा।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य सामने रखा है।इसी के अनुरूप हम भी विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ा रहे है।पिछले एक साल में हमारी सरकार ने मोदी की अधिकांश गारंटियों को पूरा किया है।इस साल छत्तीसगढ़ में धान की फसल अच्छी हुई है। 3100 रुपए क्विंटल के दाम से प्रति एकड़ 21क्विंटल के मान से धान की खरीदी हो रही है।इस साल किसान भाइयों के घरों में रिकॉर्ड पैसा आने वाला है।अभी किसान भाइयों को धान के समर्थन मूल्य का भुगतान हो रहा है,शीघ्र ही उनके खातों में अंतर की राशि भी भेज दी जाएगी। हमारी सरकार राज्य के गरीब परिवारों को पांच साल तक निःशुल्क राशन उपलब्ध कराने का निर्णय भी लिया है।तेंदूपत्ता संग्रहण दर को हमने चार हजार रुपए से बढ़ाकर साढ़े 5 हजार रुपए प्रति मानक बोरा कर दिया है।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सभी आवासहीन पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराया जा रहा है।हमने सरकार के शपथ ग्रहण के दूसरे दिन प्रदेश के आवासहीनों के लिए 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति दी।उन्होंने बताया कि केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ के लिए 3 लाख से अधिक प्रधानमंत्री आवास योजना की घोषणा की है।उन्होंने अगले वित्तीय वर्ष में छत्तीसगढ़ को 4 लाख नए आवास के लिए सहमति दी है।उन्होंने कहा नये सर्वे में अब हितग्राहियों की मासिक आय सीमा बढ़ाकर 15,000 रुपये कर दी गई है।

# मुख्यमंत्री ने मकर संक्रांति के पावन अवसर पर वर्ष 2025 के शासकीय कैलेंडर का किया विमोचन

### सुशासन से समृद्धि की ओर थीम पर आधारित है छत्तीसगढ़ के रजत जयंती वर्ष का कैलेंडर

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**




रायपुर(छत्तीसगढ़)।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर छत्तीसगढ़ के रजत जयंती वर्ष 2025 के शासकीय कैलेंडर का विमोचन किया। कैलेंडर के कवर पेज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की फोटो के साथ सुशासन से समृद्धि की ओर के मूलमंत्र को दशार्या गया है।छत्तीसगढ़ शासन के वार्षिक कैलेंडर में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ वासियों के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव को दिखाया गया है। विमोचन के अवसर पर कृषि मंत्री राम विचार नेताम और लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज,मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत उपस्थित थे।मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि सुशासन से समृद्धि के मूलमंत्र पर आधारित यह कैलेंडर हमारे शासन की प्राथमिकताओं और उपलब्धियों का प्रतीक है।इसमें हमने राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाहित किया है,जो छत्तीसगढ़ को समृद्धि और विकास के नए आयामों तक ले जाएंगी।उन्होंने मकर संक्रांति के पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह साल हमारे प्रदेश की समृद्धि और खुशहाली का स्वर्णिम वर्ष होगा।

ड्टक्यूआर कोड के नए फीचर्स ने कैलेंडर को बनाया खासड्टरजत जयंती वर्ष 2025 के कैलेंडर में कुछ नए फीचर्स को समाहित किया गया है जिसने इसे और आकर्षक बना दिया है।कैलेंडर के प्रत्येक माह में एक क्यूआर कोड दिया गया है,जिसमें उस माह के विशेष अवसरों पर आधारित मुख्यमंत्री के वीडियो संदेश को सुना जा सकता है। इसी के साथ ही नए संदेश और शासन की उपलब्धियों की जानकारी निरंतर मिलती रहेगी।कैलेंडर के प्रत्येक माह के लिए उस महीने का क्यू आर कोड ही एक्टिव रहेगा। इसके साथ ही कैलेंडर के प्रत्येक पेज में छत्तीसगढ़ से जुड़े प्रमुख तथ्य के बारे में भी बताया गया है।ड्टकैलेंडर के प्रत्येक माह में दिखेगी शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की झलकड्टशासकीय कैलेंडर के जनवरी माह में छत्तीसगढ़ सरकार की श्री रामलला दर्शन योजना के माध्यम से अयोध्या और काशी की निःशुल्क यात्रा कर लौटे श्रद्धालुओं की तस्वीर दिखाई गई है।इस योजना से बड़ी संख्या में प्रदेश के लोगों को प्रभु श्री राम के दर्शन का लाभ मिल रहा है। इसी तरह फरवरी माह में राजिम कुंभ कल्प के वैभव की तस्वीर को साझा किया गया है।वहीं मार्च माह में 70 लाख माताओं-बहनों की खुशियों को

दशार्ती तस्वीर है,जिनके जीवन में महतारी वंदन योजना से बड़ा बदलाव आया है। कैलेण्डर के अप्रैल माह में वनांचल में रहने वाले लोगों के जीवन में तेंदूपत्ता संग्रहण से आए बदलाव की तस्वीर है।शासन ने तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए पारिश्रमिक दर को 4 हजार रुपए से बढ़ाकर 5 हजार 500 रुपए कर दिया है।मई माह में श्रमिकों के सम्मान में चलाई जा रही वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना की तस्वीर है।इस योजना के माध्यम से श्रमिकों के लिए 5 रुपए में भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। जून के महीने में स्कूली बच्चों की तस्वीर साझा की गई है।साथ ही छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू किए जाने और 18 स्थानीय भाषाओं में पढ़ाई कराए जाने का भी उल्लेख किया गया है।इसी तरह जुलाई के महीने में किसानों की समृद्धि के लिए संचालित कृषक उन्नति योजना के बारे में जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ के किसान की खुशहाली की तस्वीर को प्रदर्शित किया गया है।अगस्त माह में देश की सुरक्षा में तैनात महिला सुरक्षाकर्मियों के साथ मुख्यमंत्री की तस्वीर दिखाई गई है।सितंबर माह में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से पक्के घर का सपना पूरा हो रहे खुशहाल हितग्राहियों की तस्वीर है।इन दोनों ही योजनाओं से विशेष पिछड़ी जनजातियों और गरीब परिवारों को आवास मुहैया हो रहा है।अक्टूबर माह में बस्तर संभाग की खुशहाली और बदलती हुई तस्वीर को साझा किया गया है।बस्तर ओलंपिक की इस तस्वीर में तीरंदाजी में हाथ आजमाते युवा अपने सुरक्षित भविष्य का सपना गढ़ रहे हैं।इसी तरह नवंबर माह में धान खरीदी महापर्व के गौरव को दिखाया गया है।वही दिसंबर माह में शासन की नियद नेल्ला नार योजना के माध्यम से दूरस्थ आदिवासी बहुल ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं के विकास और क्षेत्र में शांति स्थापना के संकल्प को प्रदर्शित किया गया है।

## आत्महत्या के लिए मजबूर करने मामले में मुख्य सिपाही अभिमन्यु को गिरफ्तार किया

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

पानीपत/हरियाणा।पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह,आईपीएस,के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए थाना माडल टाउन पुलिस ने बिंझौल गांव निवासी 24 वर्षीय गुरमीत को आत्महत्या के लिए मजबूर करने व करप्शन के मामले में जांच के बाद आरोपी मुख्य सिपाही अभिमन्यु को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया।वारदात बारे थाना माडल टाउन में मृतक के दादा मामनराम पुत्र मनसा राम निवासी बिंझौल की शिकायत पर अभियोग दर्ज है।

उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स की जांच के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया।उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने बताया कि मामले में नामजद आरोपियों में से आरोपी सुरेश निवासी बिंझौल को गत दिनों गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह,आईपीएस,ने उक्त मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए गत दिनों आठ मरला चौकी के मुख्य सिपाही



अभिमन्यु व तत्कालीन चौकी इंचार्ज एएसआई सुशील को सस्पेंड कर उनकी विभागीय जांच करने के आदेश दिए थे।वही दर्ज मामले में जांच उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स द्वारा की जा रही थी।पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने एक बार फिर साफ व कड़े शब्दों में हिदायत देते हुए कहा कि ड्यूटी के दौरान लापरवाही व भ्रष्टाचार को किसी भी रूप में सहन नही किया जाएगा।सभी अपनी ड्यूटी को ईमानदारी व पूरी निष्ठा के साथ करें।शिकायत मिलने पर निश्चित रूप से कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।




# महिला आयोग की सदस्य डॉ प्रियंका ने किया रायबरेली दौरा

## लोगों से मिलकर सुनी समस्याएं, निस्तारण के दिए निर्देश







**नेशनल एक्सप्रेस**

रायबरेली - उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य डॉ प्रियंका मौर्या आज रायबरेली के ग्राम अशोकनगर सकरा में मौर्य बंधु क्लब द्वारा आयोजित सामाजिक संगोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। रायबरेली में ही डॉ प्रियंका मौर्या ने पूर्व ऊंचाहार विधानसभा प्रत्याशी अंजली मौर्य के यहां पहुंच कर परिवारजनों, सामाजिक एवं पार्टी कार्यकर्ताओं से स्नेहिल मुलाकात भी की।

इस दौरान विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक बिंदुओं पर सार्थक चर्चा हुई। इसके उपरांत डॉ प्रियंका आईटीआई रायबरेली स्थित वृद्धाश्रम में शिव फाउंडेशन द्वारा आयोजित कंबल एवं फल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुईं।

कार्यक्रम में एस पी मौर्य (अध्यक्ष - शिव फाउंडेशन), आशीष मौर्य, राघवेंद्र प्रताप सिंह, अनुज मौर्य, डॉ शरद कुशवाहा, नीरज मौर्य, शैलेंद्र मौर्य, महेश मौर्य, राजनारायण मौर्य, प्रभात मौर्य, अनिल सोनकर, एडवोकेट शैलेंद्र मौर्य, नीरज पाल, सुरजीत कश्यप आदि लोग उपस्थित रहे।

इससे पहले रायबरेली आगमन पर विभिन्न सामाजिक और पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा डॉ प्रियंका मौर्या का जोरदार स्वागत किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### घटिया निर्माण पर निगम का कड़ा रुख, ब्लैकलिस्ट होंगी एजेंसियां, अधिकारियों से भी होगी जवाबतलबी




नेशनल एक्सप्रेस/सुमित श्रीवास्तव/बरेली। नगर निगम ने निर्माण कार्यों में लापरवाही और घटिया सामग्री के इस्तेमाल को लेकर सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया है। सोमवार को नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानकों का पालन न करने वाली एजेंसियों की सूची तैयार की जाए और उन्हें ब्लैकलिस्ट किया जाए। इसके साथ ही, खराब गुणवत्ता के लिए जिम्मेदार अधिकारियों से भी जवाबतलबी होगी।बैठक में नगर आयुक्त ने कहा कि निर्माण कार्यों में पीली ईंट या घटिया सामग्री का इस्तेमाल बिल्कुल नहीं होना चाहिए। शिकायतों और जांच में यह बात सामने आई है कि कुछ जगहों पर घटिया सामग्री का उपयोग किया गया है। उन्होंने कहा, जहां भी ऐसी गड़बड़ी मिले, वहां संबंधित फर्म पर जुमार्ना लगाया जाए। यदि इसके बावजूद मानकों का उल्लंघन किया गया, तो एजेंसी को ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा।

नगर आयुक्त ने स्पष्ट किया कि खराब निर्माण कार्यों के लिए केवल एजेंसियां ही नहीं, बल्कि संबंधित अधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय की जाएगी। जेई से लेकर चीफ इंजीनियर तक सभी को जवाब देना होगा। उन्होंने कहा, ह्लयदि किसी क्षेत्र में घटिया निर्माण पाया गया, तो संबंधित अधिकारी भी कार्रवाई से नहीं बच पाएंगे। समीक्षा बैठक के दौरान नगर आयुक्त ने निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी मांगी, लेकिन कई इंजीनियर बैठक में मौजूद नहीं थे। इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई और अनुपस्थित अधिकारियों पर कार्रवाई के संकेत दिए।

नगर आयुक्त ने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी और जांच की जाए। गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अधिकारी स्थलों का दौरा करें और हर स्तर पर पारदर्शिता बनाए रखें। नगर निगम का यह कदम खराब निर्माण कार्यों पर रोक लगाने और जिम्मेदार एजेंसियों व अधिकारियों को जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। इससे भविष्य में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बेहतर होने की उम्मीद है।

### मारपीट के मामले में दो लोगों पर मुकदमा दर्ज

नेशनल एक्सप्रेस /तहसील रिपोर्टर/शिकोहाबाद। थाना नसीरपुर के गांव एमा लखनई में करब रखने को लेकर दबंगों ने मारपीट कर दी। मारपीट की घटना से पीड़ित घायल हो गए।

गुडडी देवी पतिनी रामनरेश निवासी एमा लखनई थाना नसीरपुर की गांव के खेत में करव कुटवाने के लिए रखी हुई थी। 6 जनवरी गाँव के चंद्रकांत उर्फ भुरा, बबलू पुत्रगण रामकिशन ने पीड़िता के गाली गलौज करने लगे। जब पीड़िता के पति विरोध किया तो उपरोक्त लोगों ने लाठी डंडे से पीड़िता के पति से मारपीट कर दी। जिससे पीड़िता के पति गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### मकर संक्रांति के मौके पर हुआ जगह जगह खिचडी भोज का आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस/ तहसील रिपोर्टर/जसराना। कस्बा जसराना एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार को मकर संक्रांति का त्योहार मनाया गया। कई जगहों पर खिचड़ी के स्टाल लगे। इस दौरान लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान लोगों ने गरीबों एवं साधु-संतों को दान एवं दक्षिणा देकर सम्मानित किया। मंगलवार को कस्बा जसराना के साथ पाढ़म एवं मुस्तफाबाद में मकर संक्रांति का त्यौहार मनाया गया। इस दौरान लोगों ने खिचडी भोज का आयोजन किया। सुबह लोगों ने नहा-धोकर दान दक्षिणा की। इसके बाद खिचड़ी का सेवन किया। नगर में कई जगहों पर खिचड़ी भोज भी हुआ। कस्बा जसराना में दो दर्जन से अधिक स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया। जिसमें खिचडी के साथ सब्जी पूरी का वितरण किया गया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत श्यावरी विकासखंड हाथवंथ जनपद फिरोजाबाद**

पत्रांक:मीमो/निविदा/मनरेगा योजना/वर्ष 2024-25 **अल्पकालीन निविदा** दिनांक:15/01/2025

ग्राम पंचायत श्यावरी विकासखंड हाथवंथ के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में मनरेगा योजना के अंतर्गत निर्माण कार्य कराए जाने हेतु निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु 15/01/2025 से 20/01/2025 तक पंजीकृत फर्मों से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत श्यावरी से दिनांक 15/01/2025 को समय 5:00 बजे से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदाएं दिनांक 20/01/2025 को समय 3:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय के सीलबंद बॉक्स में डाली जाएंगी जो उसी दिन सांय 4:00 बजे ग्राम पंचायत समिति के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा रु.200 धरोहर धनराशि रु..

| कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | अवधि |
|---|---|---|---|
| रमेश के घर से जमुना प्रसाद के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | 998963 | 2% | 2 माह. |
| हजारी लाल के घर से रामबाबू के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | 998982 | | |

निविदा की शर्तें:-
1. सामग्री की आपूर्ति का विवरण ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। 2. आपूर्ति करता है को निविदा के साथ 2 प्रतिशत धरोहर एफडीआर, चैक / बैंक डी.डी. जो ग्राम पंचायत के पक्ष में जमा करनी होगी। 3. आपूर्ति करता के प्रमाण पत्रों के अभाव में निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा। 4. आपूर्ति सामग्री कम अथवा अधिक आवश्यकता अनुसार हो सकती है। 5. निविदा स्वीकृत स्वीकृत करने का अंतिम निर्णय अधो हस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा 16. यदि किसी कारण से उपरोक्त दिनांक को उक्त कार्रवाई नहीं हो पाती है तो कार्यवाही अग्रिम दिवस में की जाएगी। 7. किसी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्यायालय केंद्र फिरोज़ाबाद होगा।

प्रधान सचिव


## अदालत का निर्देश लकीर की फकीर ना बने पुलिस 12 साल बाद मिला पीड़ित परिवार को न्याय

### न्यायालय और पुलिस के दायित्व सहभागिता से न्याय संभव

**नेशनल एक्सप्रेस/पवन त्रिपाठी**

बरेली। 12 साल कोर्ट और पुलिस के चक्कर लगाने के बाद मिला पीड़ित परिवार को न्याय ससुराल में आग लगाकर खुदकुशी करने वाली युवती ने यह बात स्वीकार की थी फिर भी महिला के परिवार बालों के आरोप अनुसार पुलिस ने दहेज और हत्या में चार्जशीट लगा दी। जिसकी वजह से गुलाब नगर के रहने वाले पीड़ित परिवार को न्याय के लिए 12 सालों का लंबा इंतजार करना पड़ा।

आपको बताते चलें गुलाब नगर निवासी वेद प्रकाश शर्मा ने 23 मई 2012 को थाना किला मैं अपनी 35 वर्षीय बेटी प्रतिमा की दहेज हत्या के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।वेद प्रकाश शर्मा के मुताबिक 5 फरवरी 2007 को वेद प्रकाश शर्मा ने अपनी बेटी प्रतिमा की शादी आलोक के साथ कराई थी। हैसियत के अनुरूप दान दहेज देने के उपरांत भी आलोक और ससुराल वालों ने कार और दहेज में कम नकदी देने की बात कहकर शादी के समय से ही उनकी बेटी प्रतिमा को प्रताड़ित व अपमानित करना शुरू कर दिया था। आरोप था कि प्रतिमा की ससुराल वालों ने 1 सितंबर 2011 को प्रतिमा को घर से निकाल दिया जिसकी रिपोर्ट उस समय थाने में दर्ज कराई गई थी दबाव में आकर प्रतिमा की ससुरालयों ने साजिशन समझौता कर प्रतिमा को अपने साथ ले गए थे तथा कुछ दिन उपरांत 12 मई 2012 प्रतिमा के साथ बेरहमी से मारपीट कर आग लगा दी बुरी तरह जल जाने के कारण 20 मई 2012 को उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा पुलिस द्वारा प्रतिमा के परिवार के आरोपो के आधार पर पति ,सास, ससुर ,देवर और नंद समेत पांच के विरुद्ध आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया था ,12 वर्षों की लंबी अवधि तक चली कोर्ट की कार्रवाई में अब तक आलोक और उसके पिता अशोक शर्मा की मृत्यु भी हो चुकी है तब कहीं जाकर अदालत द्वारा उनको न्याय प्राप्त हुआ। जबकि अपनी मौत से पहले प्रतिमा ने अपने बयान में खुद अपने ऊपर मिट्टी का तेल डालकर आग लगाने की बात स्वीकार की थी मौत से पहले अपने बयान में प्रतिमा का कहना था ससुराल में सास और पति के कारण आए दिन झगड़ा होता था इसलिए वह अपनी ससुराल से तंग आकर मायके में रहने लगी थी ।उनका कोर्ट में कैसे भी चल रहा था, कोर्ट में समझौते के आधार पर ट्रायल पर कुछ दिन के लिए ससुराल आई थी ,वहां दोबारा क्लेश उत्पन्न हो गया जिससे तंग आकर खुद ही प्रतिमा द्वारा अपने ऊपर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा ली गई थी।

इस पूरे मामले में अदालत ने पुलिस को लकीर का फकीर ना बनने की चेतावनी दी अदालत ने प्रतिमा के मृत्यु पूर्व बयान के आधार पर जिक्र करते हुए कहा पुलिस की लापरवाही के करण पीड़ित परिवार 12 वर्षों तक न्याय से दूर रहा विवेचक ने लकीर के फकीर की तरह विवेचना की सत्य को जानने का प्रयास नहीं किया अदालत ने एसएसपी को भेजे गए पत्र में कहा की न्याय प्रदान करने की प्रणाली में न्यायालय के साथ पुलिस के दायित्व की सहभागिता होती है निष्पक्ष और पूर्वाग्रह रहित विवेचना से ही न्याय संभव है जो पीड़ित के साथ अभियुक्त का भी विधिक अधिकार है,लकीर के फकीर की तरह सीधी धारा देखकर आरोप पत्र भेजने अन्याय है।

## श्रृंगवेरपुर राम घाट पर भक्तों ने लगाई आस्था की डुबकी



**नेशनल एक्सप्रेस**

### मकर सक्रांति के पावन पर्व पर त्योहार से जुड़ी सामग्रियों से दुकानें सजी रही ठंड के बावजूद भी गुड़, चीनी, तिल, देसी घी ,मेवा की खरीदारी में जुटे रहे लोग

लालगोपालगंज / विश्व विख्यात तीर्थो के राज संगम नगरी प्रयागराज के प्रसिद्ध पौराणिक स्थल प्रभु श्री राम की कर्मभूमि व निषाद राज की पावन धरती श्रृंगवेरपुर धाम में मकर संक्रांति के पावन पर्व पर लाखो भक्तों ने लगाई आस्था की डुबकी श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान करने के पश्चात आसपास के सभी मंदिरों में दर्शन कर माथा टेक लिया आशीर्वाद आपको बताते चलें की श्रृंगवेरपुर धाम में प्रतापगढ़ कौशांबी फतेहपुर लखनऊ बाराबंकी आदि कई जनपदों से भक्तों का श्रृंगवेरपुर गंगा स्नान करने के लिए आगमन हुआ वहीं श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा के साथ जाम की इस्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए पुलिस विभाग द्वारा जगह जगह पर बैरिकेडिंग कर रखी थी। वहीं सुरक्षा के लिहाज से श्रृंगवेरपुर चौकी इंचार्ज मारुति नंदन तिवारी अपने हमराहियों के साथ लगातार मुख्य सड़क से लेकर के गंगा घाट तक भ्रमण करते हुए दिखाई दिए।

## डीएम अंकल, बहुत है ठंड, अब तो कर दीजिए स्कूलों की छुट्टी

**नेशनल एक्सप्रेस तहसील प्रभारी**

चन्दौसी (सम्भल)। स्कूल पहुंच रहे बच्चे भी डीएम अंकल से छुट्टी की विनती कर रहे है। ठंड को देखते हुए स्कूलों की छुट्टी नहीं की गई है। जिससे स्कूली बच्चों परेशान है। अभिभावकों का कहना है कि प्रशासन को छुट्टी कर देनी चाहिए। मंगलवार की रात भी घना कोहरे की वजह से सड़कों पर गुजरने वाले वाहन रेंग रेंग कर चलते नजर आए। चालक भी परेशानी का सामना कर मंजिल पार कर रहे है। इसके अलावा ठंड ज्यादा होने से अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ रही है। जिनमें खांसी, जुखाम, खुजली की समस्या से पीड़ित सबसे ज्यादा मरीज है।सोमवार को खिली धूप के चलते जनजीवन को राहत देखी गई। लेकिन मंगलवार को मौसम का मिजाल बदल गया। सुबह से लेकर शाम तक ठंड का कहर रहा। लोग-बाद अलाव के सहारे बैठे देखे गए। वहीं देर शाम के बाद कोहरा गिरना शुरू हो गया। जिससे लोगों के आवागमन में खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। मकर संक्रांति पर सूर्य उतरायण होता है। लेकिन मंगलवार को भगवान सूर्य के दर्शन ना हो सके। सुबह से लेकर शाम तक बादलों में धुंध छायी रही। वहीं ठंड में काफी इजाफा देखा गया। बाजारों में दुकानदार व राहगीर अलाव के सहारे देखे गए। मंगलवार की सुबह से ही कोहरा छा गया। जिससे चलते सुबह से ही भगवान सूर्य आसमान से नदारद रहे। धूप के नहीं निकलने से मौसम में ठंड का कहर रहा। बाजारों में खरीददारों की संख्या भी कम रही। ग्रामीण क्षेत्रों से भी शहर में आने वाले भी कम रहे। शाम 7 बजे के बाद एकाएक कोहरा गिरना शुरू हो गया। हाइवे के अलावा नगर के मार्गो पर भी काफी कोहरा छा गया। जिससे वाहन स्वामियों को वाहन चलाने में सावधानी बरतनी चाहिए। खबर लिखे जाने तक की जानकारी।



## संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत गोष्ठी का किया आयोजन

**नेशनल एक्सप्रेस**



लालगंज रायबरेली - भारतीय जनता पार्टी लालगंज मण्डल के धन्नीपुर शक्ति केंद्र के महाखेड़ा बूथ पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर-के संविधान गौरव अभियान के अंतर्गत एक गोष्ठी आयोजित की गई।कार्यक्रम के मण्डल संयोजक राजेश निर्मल ने अपने सम्बोधन में संविधान पर विस्तृत चर्चा करते हुए भीमराव अंबेडकर जी के कृतित्व पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम को शक्ति संयोजक सुनील कुमार मिश्र,मण्डल उपाध्यक्ष शीतला सविता , उदय नारायण बाजपेई,धर्मेन्द्र निर्मल ने भी अपने विचार रखें।गोष्ठी का संचालन बमबहादुर यादव ने किया।गोष्ठी में महाखेड़ा निवासीगण उपस्थित रहे।मण्डल अध्यक्ष मनोज अवस्थी ने बताया कि गोष्ठी का आयोजन हर शक्ति केन्द्र में आयोजित किया जाएगा।

## खाई में पलटी कार भाई बहन की दर्दनाक मौत

**नेशनल एक्सप्रेस/पवन त्रिपाठी**



बरेली। हाफिजगंज थाना क्षेत्र मंगलवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हल्द्वानी से लौट रही कार खाई में पलट गई बताया जा रहा है ड्राइवर को झपकी आने के कारण यह दर्दनाक हादसा हुआ। हादसे में 30 वर्षीय मुन्ने और 40 वर्षीय उसकी बड़ी बहन मुस्कीन की मृत्यु हो गई और चालक यूनुस मुन्ने का भाई मेहंदी हसन, बन्ने बक्श और उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हुए घायलों को पुलिस द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया मृतकों के शरीर को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया । मुन्ने अपनी बड़ी बहन खुशनुमा के घर बच्चा पैदा होने की खुशियां मनाने हल्द्वानी उनके घर गए थे हल्द्वानी से वापस आते समय सुबह के 4:30 बजे ड्राइवर को नींद की झपकी आ जाने से कार खाई में पलट गई। जिससे कर में सवार छह लोगों में से भाई बहन की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## स्थापना दिवस पर आयोजित एक दिवसीय रायबरेली महोत्सव का आयोजन

### यह आयोजन रायबरेली की वैभवशाली सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करने अगली पीढ़ियों को इससे परिचित कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया - दिनेश प्रताप सिंह

### उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने आयोजित एक दिवसीय रायबरेली महोत्सव का किया उद्घाटन

**नेशनल एक्सप्रेस**





रायबरेली। रायबरेली स्थापना दिवस पर गुरु गोविंद सिंह पर्यावरणीय उद्यान पार्क में आयोजित एक दिवसीय रायबरेली महोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि मा0 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उ0प्र0 सरकार दिनेश प्रताप सिंह ने दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों द्वारा राष्ट्रगान किया गया, इसके पश्चात संतों का पूजन,सम्मान एवं आरती मुख्य अतिथि द्वारा की गई, इसके साथ ही कार्यक्रम में शहीदों के परिजनों, वरिष्ठ सेनानी, किसानो, चिकित्सको एवं समाजसेवियों को माला पहनाकर व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों एवं जनपद से लेकर लखनऊ तक के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

इस अवसर पर मा0 मंत्री जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह आयोजन रायबरेली की वैभवशाली सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करने अगली पीढ़ियों को इससे परिचित कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। रायबरेली का अपना एक गौरवशाली इतिहास रहा है। उन्होंने कहा कि यह बड़े सौभाग्य की बात है कि आज रायबरेली स्थापना दिवस रायबरेली महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है और आज ही के दिन स्वामी विवेकानंद जी की जयंती भी है,इससे अच्छा दिन और क्या हो सकता है। उन्होंने कहा कि पिछली बार यह कार्यक्रम तीन दिवसीय था, लेकिन इस बार महाकुंभ के दृष्टिगत कार्यक्रम को एक दिवसीय रखा गया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि विगत वर्ष मा0 मंत्री जी की प्रेरणा से रायबरेली महोत्सव शुरू किया गया था, जिसका भव्य रूप से आयोजन हुआ था, यह ऐसा एक विशेष अवसर है जहां पर हम अपने जनपद की उपलब्धियां को बता सकते हैं और आने वाले समय में हमें विकास के क्या कार्य करने है उसका आंकलन आज के दिवस में किया जा सकता हैं। रायबरेली महोत्सव एक नए रूप में उभर कर आप लोगों के सामने आया है आगे भी यह आयोजन प्रशासन द्वारा भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा, ऐसी मेरी शुभकामनाएं हैं।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पिछली बार जो कार्यक्रम हुआ था उससे रायबरेली की जो प्रतिष्ठा थी, वह दूर-दूर तक गई थी इस तरह के कार्यक्रम का यह उद्देश्य होता है कि अपनी जो विशेषताएं हैं उनको साल में एक बार ऐसे कार्यक्रम आयोजित करके एक पटल में लाया जाए, जिससे अपने जनपद का नाम हो।


इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अमृता सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार, जिला उद्यान अधिकारी जयराम वर्मा सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# डीएम ने मकर संक्रांति पर कंबल और खिचड़ी करी वितरण










## सम्भल जिले में कई संगठनों द्वारा की गई खिचड़ी वितरण

**नेशनल एक्सप्रेस तहसील प्रभारी**

चंदौसी सम्भल। मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर कपिल ओएलएफ द्वारा भी अपने निवास स्थान भ्रमबाजार में भी खिचड़ी वितरण कार्यक्रम मनाया गया। इसके साथ ही कई संगठनों ने की उड़द दाल की खिचड़ी वितरित की कस्बे के मौहल्ला धीमर वाली पुलिया पर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकताओं द्वारा व डाकखाने रोड पर क्षत्रिय समाज द्वारा उड़द की दाल की वितरित की गई। वही किरन सोशल वेलफेयर सोसाइटी रजिस्टर्ड के तत्वाधान में खिचड़ी एवम चाय का प्रसाद वितरण पुरानी पैंठ में किया गया। समिति की अध्यक्ष डॉ नीलम वार्ष्णेय ने वताय कि आज ही के दिन सूर्य देव धनु राशि से मकर राशि में गोचर करते हैं जिसे उत्तरायण भी कहते हैं ।इसी कारण इस दिन को सूर्य देव की पूजा का विधान है, ऐसी मान्यता है कि खिचड़ी बनाने और खाने से घर में सुख शांति एवम समृद्धि आती है ।तथा नई फसल के लिए आगामी आने वाले वर्ष के लिए समृद्धि का प्रतीक है। वही मकर संक्रांति के पावन पर्व पर हनुमान गढ़ी मंदिर बबराला में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया द्वारा जरुरतमंद लोगों को कम्बल वितरण किया गया। वही रोटरी क्लब चन्दौसी अमन ने मनाया मकर संक्रांति पर्व मकर सक्रांति के पावन पर्व पर रोटरी क्लब चन्दौसी अमन ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी खिचड़ी और तिल खोया के लड्डू का वितरण घास मंडी पर दोपहर 1 बजे से किया गया। -मकर संक्रांति हिंदू धर्म का एक प्रमुख पर्व है, जो सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने पर मनाया जाता है.यह दिन सिर्फ धार्मिक महत्व नहीं रखता, बल्कि इसका संबंध विज्ञान, कृषि और सामाजिक जीवन से भी है. मकर संक्रांति को नई ऊर्जा, नई फसल, और नई शुरूआत का प्रतीक माना जाता है. साथ ही, इस दिन खिचड़ी बनाने और दान करने की परंपरा भी विशेष महत्व रखती है.यह उद्गार मकर संक्रांति के पर्व पर खिचड़ी वितरण कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहे। भारत विकास परिषद नवउदय शाखा चंदौसी द्वारा मकर संक्रांति के उपलक्ष में रेलवे स्टेशन चंदौसी के सामने खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। इस उपलक्ष में शाखा के अध्यक्ष प्रभाष चंद्र चौधरी ने कहा कि मकर संक्रांति का पर्व हमारे हिंदू धर्म में एक प्रमुख पर्व है इसके अंतर्गत गंगा स्नान एवं दान इत्यादि का अत्यंत महत्व है। भारत विकास परिषद का ध्येय वाक्य सेवा और समर्पण है इसीके अंतर्गत हमारी शाखा समय-समय पर सेवा कार्य करती रहती है। कार्यक्रम में पराग बंसल, अतुल शंकर चौधरी, सुनीता शर्मा, विकास गोयल, एडवोकेट दीपक गुप्ता, अंकुर गोयल, अशोक अग्रवाल, एडवोकेट विष्णु शर्मा, ई. सौरभ गुप्ता, नीलिमा गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, कल्पना गुप्ता, मोहित गोयल एवम मधुर वार्ष्णेय उपस्थित रहे।

# जिंदगी अनमोल होती है, यातायात नियमों का करे पालन युवा - नाज़िश नसीर

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



सम्भलः- ह्यूमन केयर चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत गाधीगिरी के माध्यम से लोगों को यातायात के नियमों का पालन करने के लिए संकल्प के साथ गुलाब का फूल दिये। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (टडफ्ळ्ल) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह, सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल जनवरी तक पूरे भारत में मनाया जाता है। यह दुर्घटनाओं को रोकने और कम करने तथा जीवन बचाने के लिए जिम्मेदार ड्राइविंग, पैदल यात्री सुरक्षा और बेहतर सड़क बुनियादी ढांचे की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है संभल बहजोई मार्ग हयात नगर चोमंडा पर लोगों को यातायात के नियमो के प्रति जागरूक करते हुए ट्रस्ट के संस्थापक श्नाजिश नसीर खांन ने कहाकि जिंदगी अनमोल होती है ,अगर लोग यातायात के नियमों का पालन करना शुरू कर दे तो सड़क हादसो में जांन गंवानो वालो की संख्या मे काफी हद तक कमी आयेगी। कुछ ना समझ लोग यातायात के नियमो की अनदेखी करके खुद ही हादसों को दावत देते है, हमे कभी भी सड़क पर गाडी चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, बाइक या बड़ा वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट व सीट बेल्ट का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए, दो पहिए वाहन पर कभी भी तीन सवारी बैठाकर सफर न करे, अगर आप यातायात के नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाते है, तो यह आपके साथ साथ दूसरो के लिए भी लाभदायक होगा, गाड़ी चलाने के दौरान सावधानी हटने पर अकसर हादसे होते है क्योकि ज़िन्दगी अनमोल होती है ।इस ज़िन्दगी पर दूसरो का भी हक होता हैं, सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा व हेलमेट लगाना है, जीवन क बचाना है व मत करो इतनी मस्ती, जिन्दगी नहीं है सस्ती व दुर्घटना से देर भली आदि नारे लगाए। श्रिजवान खान जैन ने कहाकि सड़क हादसों में भारत की भागीदारी पूरे विश्व में 15 प्रतिशत है जोकि गंभीरता दशार्ता है सफर के लिए यातायात नियमों का पालन करना बहुत जरूरी है। नाज़िर खान ने कहाकि यातायात नियम का पालन करने में युवाओं की अहम भूमिका होती है ,अगर युवा नियमों का पालन करने शुरू कर दें ,तो ना सिर्फ हादसे रुकेंगे बल्कि परिवहन विभाग या यातायात पुलिस की कार्यवाही के दायरे में आने से भी बच पाएंगे।अन्त में गाधीगिरी के माध्यम से लोगों को यातायात के नियमो का पालन करने के लिए गुलाब का फूल देकर यातायात के नियमों का पालन करने की अपील की इस अवसर पर मु जुबैर, रिजवान खांन जैन, मुहम्मद फहीम, नाजिश मियाँ, नाज़िर खान आदि शामिल रहे।

# थाना प्रभारी के साथ महिलाओं ने मनाया लोहड़ी व मकर संक्रांति का पावन पर्व




**नेशनल एक्सप्रेस तहसील प्रभारी**

चंदौसी। मंगलवार को गौशाला रोड स्थित अनुष्क सेलिब्रेशन हॉल में आराध्या वूमेन एंड चाइल्ड वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में लोहड़ी एवं मकर संक्रांति के पावन पर्व पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न गीत ,भांगड़ा नृत्य , गिद्दा एवं गेम्स का आयोजन किया गया महिलाओं ने सुंदरिया मुंदारिये जैसे लोहड़ी पर्व के पावन गीतों पर सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी। पंजाबी लोकगीतों की बहुत सुंदर प्रस्तुति बच्चों के द्वारा प्रदान की गई। प्रस्तुति प्रदान करने वाले सभी बच्चों एवं प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष पूनम अरोड़ा ने कहा कि लोहड़ी मुख्य रूप से किसानों के लिए फसल कटाई और कृषि से जुड़ा त्योहार है। यह रबी फसल (मुख्यतः गेंहू) की अच्छी पैदावार के लिए भगवान का आभार व्यक्त करने का दिन है।लोहड़ी को पंजाबी संस्कृति में नए जन्मे बच्चों और नवविवाहित जोड़ों के लिए भी विशेष रूप से मनाया जाता है। लोग अपने घरों में खुशी और समृद्धि की कामना करते हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चंदौसी की थाना प्रभारी रेनू सिंह रही उन्होंने सभी को लोहड़ी एवं मकर संक्रांति की बधाइयां प्रदान की करते हुए कहा हमारी संस्कृति में मकर संक्रांति का बहुत महत्व हैजब सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है और उत्तरायण की ओर बढ़ता है।

इस दिन से दिन बड़े और रातें छोटी होने लगती हैं। कार्यक्रम में अग्नि जलाकर मूंगफली गुड़ एवं रेवड़ी अग्नि को समर्पित कर सभी के मंगल भविष्य की कामना की गई । इस दौरान कार्यक्रम में मीनू आहूजा, रेखा रस्तोगी, अनु गांधी ,हरप्रीत कौर, पूनम अरोड़ा, आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### हजरत अली का जन्मदिन पूरी आस्था और श्रद्धा से मनाया



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/संभल । अली डे के मौके पर जुलूस बरामद हुआ संभल मंगलवार को नगर के मौहल्ला मंडी किशन दास सराय में हर साल की तरह यानी हजरत अली का जन्म दिन पूरी आस्था और श्रद्धा व धूम धाम से मनाया गया बरगाहे रसूलों आले रसूल में खिराजे अकीदत पेश किया गया ! इस जुलूस की शुरूआत इमाम बारगाह अंसरियान से शुरू हुआ और हुसैनी रोड होता हुआ दरगाह शाह अली मुत्ताकी रहमतुल्लाह पर पोहंचा वहा से वारसी चौक और हुसैनी चौक होता हुआ फिर इमाम बारगाह अंसारीयान पर जाकर रुका जहा पर लोगो ने एक दूसरे के गले मिलकर अली डे की मुबारकबाद पेश की मुल्क और कोम की सलामती की दुआ की गई। उधर सारे घरों में ईद जैसा माहौल देखने को मिला बच्चो को नए नए कपड़े पहने घूमता देखा गया घर घर नियाज और लंगर की भी आयोजन किया गया। इसी सिलसिले में हाफिज मुशाहिद के मकान पर नियाज और लंगर का आयोजन किया गया इस मौके पर मोहम्मद ताइफ, शमशीर ,मोहम्मद मुआरिफ, मोहम्मद मुराद , मोहम्मद असद ,जमवाद, तनवीर हुसैन अशरफी, सद्दाम, हुसैन,अब्दुल माजिद, आदि लोग शामिल रहे !

### स्वयंसेवक संघ ने मकर संक्रांति का मनाया पर्व



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/चंदौसी मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की हनुमान शाखा का मकर संक्रांति का पर्व हनुमानगढ़ी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया। जिसमें मुख्य वक्ता प्रधानाचार्य वीरपाल सिंह ने कहा मकर संक्रांति का पर्व संघ द्वारा आयोजित पर्वों में प्रमुख है जो कि भगवान सूर्य को समर्पित है कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेंद्र रस्तोगी ने तथा संचालन नंदकिशोर ने किया तदोपरांत खिचड़ी सहभोज का आयोजन किया गया ।इस दौरान शाखा कार्यवाह सुखलेश, छत्रपाल सिंह ल,दिनेश चीनी, डॉ टीएस पाल, राजीव लोचन शर्मा, सुनील कुमार,डॉ वीरेश कुमार, शिवम चौधरी,प्रभात अग्रवाल,रमाकांत वार्ष्णेय, कुलदीप वार्ष्णेय, हरीश कठेरिया,जगपाल,प्रेमनारायण, श्रीपाल दिवाकर,अरविंद,सुरेश चंद, दीपचंद्र, जयशंकर दुबे,अभिनव,विवेक मिश्रा,प्रेम प्रकाश आदि की सहभागिता रही।

### चंदौसी रेलवे स्टेशन चौराहा बना शराबियों का अड्डा



नेशनल एक्सप्रेस तहसील प्रभारी/चंदौसी ,नगर में लगातार हो रहे है लड़ाई झगड़े और बढ़ रहे हैं अपराध ऐसे में स्थानीय पुलिस का इस तरफ नहीं है कोई ध्यान दिनदहाड़े नवयुवक नशा करके घूमते है लोगो को करते हैं परेशान ।शाम होते ही नजर आते है आवारा मनचले लड़के जो लड़कियों के कोचिंग सेंटरों के इर्दगिर्द मंडराते आते हैं नजर जिससे स्कूल या ट्यूशन जाने वाले बच्चों को होती काफी परेशानिया ।मंगलवार को चंदौसी के रेलवे स्टेशन के बाहर अचानक दो शराबियों में जमकर चले लात घूंसे और गालियां । दोनों लोगों में गाली गलौज का झगड़ा इतना बढ़ गया कि इस दूसरे के गलेमान पकड़ कर सड़क पर गिरा लिया और दूसरे शराबी ने अलाव पर जल रही लकड़ी उठाकर मारना शुरू कर दिया जिससे सामने वाले व्यक्ति का सर फट गया।फिर क्या था वहां पर लोगो का लड़ाई देखने के लिए हुजूम लग गया जो भी आ रहा था दोनों शराबियों का लड़ाई करते हुए वीडियो बनाना शुरू कर दिया।ऐसे में शुक्र है कि जिस समय दोनों का झगड़ा हो रहा था उस टाइम कोई ट्रेन स्टेशन पर नहीं आई थी वरना किसी पैसेंजर के भी चोट भी आ सकती थी।आखिर सवाल उठता है कि वहां रेलवे के लगे सीसीटीवी कैमरे में सब कुछ नजर आता है फिर भी न तो जीआरपी पुलिस आई न ही आरपीएफ पुलिस अगर ऐसे में कोई बड़ा हादसा हो जाए तो जिम्मेदार कौन होगा ।फिलहाल सोशल मीडिया पर लड़ाई को वीडियो खूब वायरल हो रहा है।

## हनुमान मंदिर में हुआ हरि बोल कीर्तन



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

चंदौसी सीता रोड स्थित रघुनाथ आश्रम के सामने हनुमान जी के मंदिर में आचार्य श्री योगेश कुमार शर्मा ने अपने मीठे स्वर द्वारा हनुमान चालीसा उसके बाद हनुमान जी के भजन कीर्तन जय जयकार आदि के साथ वहां सभी बैठे भक्तों का मन मोह लिया ।भक्तों ने भी भगवान की जय जयकारे लगाते हुए झूमे और मकर संक्रांति का पर्व मनाया भक्तों ने वाहर बैठे हुए कुछ गरीब लोगों को समान दान कर पुण्य कमाया। आचार्य श्री योगेश कुमार शर्मा ने हरि बोल कीर्तन किया वहां कीर्तन सुनकर सभी भक्त मन मुग्ध हो गए । कीर्तन का समापन मंदिर में हनुमान आरती के साथ हुआ और अंत में प्रसाद वितरण किया गया ।

# ठंड से राहत दिलाने के लिए कंबलों का वितरण किया

## सुबह से ही महिलाएं कंबलों की आस में शिव मंदिर पर जुटना हो गई शुरू




**नेशनल एक्सप्रेस मुनीश शर्मा**

चन्दौसी । पालिका के कर्मचारी अधिकारी भी पहुंचे मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर शीतलहर के प्रकोप से बचाव हेतु आर्थिक रूप से कमजोर,

असहाय,निराश्रित नागरिकों के लिए पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय व अखिलेश कुमार ने वार्ष्णेय महिला वेलफेयर समिति (रजि) चंदौसी के सहयोग द्वारा मोहल्ला कैथल गेट स्थित वेणुगोपाल मंदिर के सामने शिव मंदिर पर कंबल वितरित किए गए। कंबलों का वितरण शुरू किया गया था कि भीड़ पर काबू करना मुश्किल हो गया । हाथ पर निशान लगाकर पहचान करते हुए कंबलों का वितरण किया गया । साथ ही वार्ष्णेय महिला वेलफेयर समिति (रजि) चंदौसी के तत्वाधान में प्रत्येक वर्ष मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर कंबल वितरित किए जाते रहे हैं। वार्ष्णेय महिला वेलफेयर समिति की ओर से मकर संक्रांति पर जरुरतमंदों को कंबल, चाय व रेवड़ी वितरण का आयोजन किया गया। कंबलों की आस में महिलाएं सुबह से ही रामबाग धाम स्थित शिव मंदिर पर पहुंचना आरंभ हो गई। वक्ताओं का ने कहा कि मकर संक्रांति का त्योहार भगवान सूर्य की उपासना के रूप में मनाया जाता है। आज के दिन दान करने का महत्व अधिक है और गंगा में स्नान करने से पुण्य प्राप्त होता है। मंगलवार को समिति की ओर से रामबाग धाम स्थित शिव मंदिर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। सैकड़ों की संख्या में जरुरतमंद महिलाओं ठंड से राहत दिलाने के लिए कंबलों का वितरण किया। सुबह से ही महिलाएं कंबलों की आस में शिव मंदिर पर जुटना शुरू हो गई। सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक सैकड़ों महिलाएं मौजूद रही। इसके बाद एक-एक करके महिलाओं का कंबलों का वितरण करना आरंभ किया। महिलाओं को कंबलों के साथ रेवड़ी भी दी गई। इस अवसर पर एसडीएम निधि पटेल, पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय, समाजसेवी अखिलेश कुमार खिलाड़ी, ईओ कृष्ण कुमार सोनकर, रचना वार्ष्णेय, ब्रजबाला, कल्पना गुप्ता, नैना, अनुराधा, हेमलता, डॉ. मधुपमा, रेनू कुमारी, संध्या, उमा, सुषमा रानी, विचित्रा, पूनम, तृप्ति, नीलम, भावना, श्वेता, रचना, गीता देवी आदि मौजूद रहीं।

# मोटरसाइकिल बनी ई रिक्शा, ई रिक्शा बना छोटा हाथी हुए चालान




**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

सम्भल। पुलिस अधीक्षक जनपद संभल कृष्ण कुमार विश्नोई के दिशा निर्देशन में मंगलवार को मकर संक्रांति के पर्व में यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संपन्न हेतु वाजिदपुरम बायपास संभल , चौधरी सराय संभल से गजरौला जाने वाले भारी वाहनों का डाइवर्जन कराया गया ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े ।इसी के तहत जो श्रद्धालु राजघाट ,बबराला में ट्रैक्टर ट्रॉली से स्नान के लिए आ रहे थे उनकी ट्रैक्टर ट्रालियों में रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए और यातायात सुचारू रूप से चलाया गया ।

इसके पश्चात यातायात प्रभारी प्रमोद मान ने हयातनगर कस्बा से अतिक्रमण को हटाया और रोड पर खड़े वाहनों को हटाकर उनके नो पार्किंग के चालान किए ।

यातायात प्रभारी प्रमोद मान द्वारा चौधरी सराय संभल में अभियान चलाकर ट्रैक्टर ट्रॉली, बस ,ट्रक, इत्यादि वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाए तथा सभी वाहन चालकों को समझाया कि वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगा होने से दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है यातायात पुलिस ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह दिनांकित 1/1/2025 से 31/1/2025 तक के क्रम में सड़क किनारे खड़े वाहनों को हटाया गया और उनके नो पार्किंग के चालान एम वी एक्ट के अंतर्गत किए गए । अभियान के अनुसार 18 साल से कम उम्र के बच्चे जो वाहन चलाते हुए मिले उनके चालान एम वी एक्ट की धाराओं में किए गए तथा उनसे यातायात नियमों का निबंध लिखवाकर उन्हें यातायात नियमों से अवगत कराया और हिदायत देकर छोड़ दिया गया ।यातायात प्रभारी प्रमोद मान और ट्रैफिक हैड कांस्टेबल सोनू द्वारा बदायूं चुंगी चंदौसी में वाहन स्वामियों को जागरूक किया गया कि सर्दी आने वाली है ऐसे में सभी वाहनों में रिफ्लेक्टर टेप लगाना जरूरी है ताकि कोहरे में रिफ्लेक्टर टेप लगा होने से वाहन दिखाई दे और सड़क दुर्घटना से बचा जा सके । अभियान के क्रम में 270 वाहनों के चालान एम वी एक्ट के अंतर्गत किये गए।सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।


## संपादकीय

# गरीब की सूरत में

**वह** गरीब की सूरत बेच रहा था। उसके पास अनेक सूरत हैं और वह सूरत बनाकर सूरत बेच लेता है। उसके पास बीमार सी सूरत भी है जो देश की नीतियों और कार्यक्रमों को बहुत पसंद आती है। सूरत बेचने का व्यापार यूं तो नया है, लेकिन है मजेदार और चलने भी लगा है। देश की सूरत में गरीबी और बीमारी बची नहीं, इसलिए बीपीएल योजना की पात्रता के लिए भी सूरत खरीदनी पड़ती है। देश की खुशियों में हर बंदा अब स्वच्छता अभियान की देन लगता है। वैसे नागरिकों के बीच एक दूसरे से आगे बढने की होड़ इतनी परवान चढ़ चुकी है कि किसी को अपना बेरोजगार बेटा भी शहजादा लगता है, तो किसी को बेटी का भविष्य चांद सा लगता है। देश की चर्चा में गरीबी बची ही कहां, बल्कि देश की महानता को देखते-देखते हमें अब यह दिखाई नहीं देती। दिखाई तो अब हर नागरिक को अपना सपना भी नहीं दे रहा। हम अपनी जाति और धर्म में महान हैं। न हमारी जाति और न ही धर्म गरीब हो सकता। जब किसान अपनी खेती के लिए मरता है, तो भी कहां गरीब लगता है। इस देश में गरीब आत्महत्या कर ही नहीं सकता। गरीबी कहां मरने की हिम्मत रखती है। देश की योजनाएं पीछे पड़ी हैं कि जीना है, तो गरीब बनो, वरना खुल कर मरो। यह सब किया धरा आधार कार्ड का है, जो बनते ही सदा बिगड़े मूड में रहता है। अब यह आधार कार्ड की मर्जी पर निर्भर है कि वह धारक को पसंद करे या शक करे।

हम आधार कार्ड की वजह से खुशफहमी में हैं कि यह पड़ोसी से बेहतर हमारे पास चलेगा, जबकि इसने हमारे पास आते ही हमारा घर-हमारा नल, हमारी शक्ल-हमारी अक्ल, हमारा दस्तूर-हमारा कसूर, हमारी मेहनत-हमारी जहमत तक का अंदाजा लगाना शुरू कर दिया है। जिंदगी अब हमारे योग्य नहीं, बल्कि आधार कार्ड के योग्य हो चुकी है। अब वही मुस्करा सकता है जिसकी जेब में रखा आधार कार्ड खुश हो। हद तो यह कि अपने ही आधार कार्ड को यह शाश्वत शक है कि उसका स्वामी सही है भी कि नहीं। अच्छी भली जिंदगी को यह आधार कार्ड कहीं भी अटका सकता है। हद यह कि कई बार यह मां-बाप और अक्सर पत्नी के नाम पर शक करने लगा है। उसे अपने जन्म की चिंता नहीं, मालिक की जन्म तिथि पर कोई भरोसा नहीं। सरकार की नीतियां बिल्कुल स्पष्टता से कह रही हैं कि गरीब बनो, लेकिन हमारा अपना आधार कार्ड मान चुका है कि धारक गरीब हो ही नहीं सकता। उसे अपनी सूरत पर इतना गुरूर है कि हमें अब सुधरने की कोई सूरत दिख नहीं रही। आधार कार्ड बनवाने के बाद क्योंकि चेहरा लटकता नहीं, इसलिए वह हमारी सूरत से निराश है। खैर लटके तो उन लोगों के चेहरे भी नहीं, जो देश को लूट कर विदेश पहुंच गए। हमने अपने ही आधार कार्ड को भरोसा दिलाने के लिए गरीब सूरत बेचने वाले हॉकर को पास बुलाया, तो उसने वादा किया कि उसकी बनाई सूरत पर ही फ्री में राशन मिल रहा है और आइंदा देश की हर लाइन में फायदा मिलेगा। गरीब सूरत बेचने वाले का नजदीक से चेहरा चमक रहा था। उसका सिक्का चल रहा था। जिसके सिर पर हाथ रखता, उसकी सूरत गरीब नजर आती। मैंने अपना पूरा सिर उसके आगे रख दिया, तो उसने सिर्फ यह शर्त रखी कि हर दम उसकी सूरत को याद रखना पड़ेगा। मैं देश की योजनाओं से मिल रहे गरीबी के फायदों को याद करके अब पूरी तरह गरीब हो चुका हूं, लेकिन इसके बदले में देश में गरीब सूरत बांटने वाले का भक्त बन गया हूं। सच्ची राष्ट्र भक्ति गरीब की सूरत में महसूस हो रही थी। गरीब सूरत बांटने वाला अपना एक हाथ मेरे सिर पर और दूसरे से देश का आईना दिखा रहा था। मैं सूरत और सीरत से एकदम गरीब हो गया। मेरे आधार कार्ड का शक दूर हो गया। उसे यकीन है कि 'गरीब सूरत' में देश की सारी लाभार्थी योजनाएं उसके मार्फत मुझे ही मिलेंगी। और देश का हर चुनाव और हर बजट मेरे नाम होगा। मैं गरीब की सूरत में अब स्थायी भारत हूं।

# कुंभ में अलौकिकता का बोध लौकिक सुंदरता से!



डॉ. श्रीगोपाल नारसन एड.

> महाकुम्भ मेला मकर संक्रांति के दिन प्रारम्भ होता है। क्योंकि उस समय सूर्य और चन्द्रमा, वृश्चिक राशी में और वृहस्पति, मेष राशी में प्रवेश करते हैं। मकर संक्रांति के इस योग को ₹महाकुम्भ स्नान-योग₹ भी कहते हैं और इस दिन को विशेष मंगलिक पर्व माना जाता है। कहा जाता है कि पृथ्वी से उच्च लोकों के द्वार इस दिन ही खुलते हैं और इस प्रकार इस दिन स्नान करने से आत्मा को उच्च लोकों की प्राप्ति सहजता से हो जाती है।

प्रयागराज महाकुंभ के मीडिया सेंटर का उदघाटन हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया है।उन्होंने महाकुंभ की विशेषताओं का वर्णन करते हुए महाकुंभ में डेढ़ लाख टॉयलेट,70 हजार बिजली के खम्बे,बेहिसाब लाइटिंग,800 बसों का संचालन और मां की रसोई में मात्र 9 रुपये में शुद्ध सात्विक भरपेट खाने जैसे व्यवस्था गिनाई है।उत्तर प्रदेश सूचना एवं लोकसंपर्क विभाग ने महाकुंभ 2025 की भव्य लाइव कवरेज के लिए यहां एक ऐसा दिव्य मीडिया सेंटर बनाया है जो न सिर्फ पूरी तरह से सुसज्जित है बल्कि देश विदेश से आने वाले मीडियाकर्मियों के लिए सुव्यवस्थित समाचार प्रेषण तकनीकी सुविधा उपलब्ध कराई गई है। महाकुंभ को अलौकिक, दिव्य व भव्य बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माना कि सुरक्षित कुंभ हम सबके लिए एक चुनौती है।इस कुंभ में श्रद्धालुओं को शानदार सड़के,धर्म और आस्था से ओतप्रोत कलाकृतियां, विभिन्न वेशभूषाओं से सुसज्जित सन्तो के अखाड़े,संगम में दूर तक फैले रेगिस्तान पर योग साधना के बड़े बड़े वातानुकूलित कक्ष, प्रेरक उपदेश व प्रवचनों की श्रंखला को दिव्यता का रूप दे रही है।

हिंदू धर्म का यह एक महत्वपूर्ण धार्मिक पर्व है। जिसमें करोड़ों श्रद्धालु कुंभ का स्नान करने और अपनी आस्था लेकर आ रहे है।

प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में जब भी महाकुम्भ या कुंभ होता है, श्रद्धालु बड़ी संख्या कुंभ स्नान करते हैं। इन पांचो मे से प्रत्येक स्थान पर प्रति बारहवें वर्ष महाकुम्भ का आयोजन होता है। हरिद्वार और प्रयागराज में दो महाकुंभ पर्वों के बीच छह वर्ष के अंतराल में अर्धकुंभ भी होता है।प्रयागराज में इससे पूर्व सन 2013 में महाकुम्भ में हुआ था।फिर सन 2019 में प्रयागराज में अर्धकुंभ हुआ था और अब महाकुंभ की छटा हम सबको लुभा रही है।

यह महाकुम्भ मेला मकर संक्रांति के दिन प्रारम्भ होता है। क्योंकि उस समय सूर्य और चन्द्रमा, वृश्चिक राशी में और वृहस्पति, मेष राशी में प्रवेश करते हैं। मकर संक्रांति के इस योग को ₹महाकुम्भ स्नान-योग₹ भी कहते हैं और इस दिन को विशेष मंगलिक पर्व माना जाता है। कहा जाता है कि पृथ्वी से उच्च लोकों के द्वार इस दिन ही खुलते हैं और इस प्रकार इस दिन स्नान करने से आत्मा को उच्च लोकों की प्राप्ति सहजता से हो जाती है।

महाकुंभ के आयोजन को लेकर कई पौराणिक कथाएँ प्रचलित हैं। जिनमें से सर्वाधिक मान्य कथा देव-दानवों द्वारा समुद्र मंथन से प्राप्त अमृत कुंभ से अमृत बूँदें गिरने को लेकर है। इस कथा के अनुसार महर्षि दुर्वासा के शाप के कारण जब इंद्र और अन्य देवता कमजोर हो गए तो दैत्यों ने देवताओं पर आक्रमण कर उन्हें परास्त कर दिया। तब सब देवता मिलकर भगवान विष्णु के पास गए और उन्हे सारा वृतान्त सुनाया। तब भगवान विष्णु ने उन्हे दैत्यों के साथ मिलकर क्षीरसागर का मंथन करके अमृत निकालने की सलाह दी। भगवान विष्णु के ऐसा कहने पर संपूर्ण देवता दैत्यों के साथ संधि करके अमृत निकालने के यत्न में लग गए। अमृत कुंभ के निकलते ही देवताओं के इशारे से इंद्रपुत्र 'जयंत' अमृत-कलश को लेकर आकाश में उड़ गया। उसके बाद दैत्यगुरु शुक्राचार्य के निर्देश पर दैत्यों ने अमृत को वापस लेने के लिए जयंत का पीछा किया और घोर परिश्रम के बाद उन्होंने बीच रास्ते में ही जयंत को पकड़ लिया। तत्पश्चात अमृत कलश पर अधिकार जमाने के लिए देव-दानवों में बारह दिन तक अविराम युद्ध होता रहा।इस परस्पर मारकाट के दौरान पृथ्वी के चार स्थानों प्रयाग, हरिद्वार, उज्जैन, नासिक पर कलश से छलक कर अमृत बूँदें गिरी थीं। उस समय चंद्रमा ने घट से प्रस्रवण होने से, सूर्य ने घट फूटने से, गुरु ने दैत्यों के अपहरण से एवं शनि ने देवेन्द्र के भय से घट की रक्षा की। कलह शांत करने के लिए भगवान ने मोहिनी रूप धारण कर यथाधिकार सबको अमृत बाँटकर पिला दिया। इस प्रकार देव-दानव युद्ध का अंत किया गया।



चूंकि अमृत प्राप्ति के लिए देव-दानवों में परस्पर बारह दिन तक निरंतर युद्ध हुआ था। देवताओं के बारह दिन मनुष्यों के बारह वर्ष के तुल्य होते हैं। इस कारण कुंभ भी बारह होते हैं। उनमें से चार कुंभ पृथ्वी पर होते हैं और शेष आठ कुंभ देवलोक में होते हैं, जिन्हें देवगण ही प्राप्त कर सकते हैं, मनुष्यों की वहाँ पहुँच नहीं है,ऐसा माना जाता है।

जिस समय में चंद्रादिकों ने कलश की रक्षा की थी, उस समय की राशियों पर रक्षा करने वाले चंद्र-सूर्यादिक ग्रह जब आते हैं, उस समय महाकुंभ का योग होता है अर्थात जिस वर्ष, जिस राशि पर सूर्य, चंद्रमा और बृहस्पति का संयोग होता है, उसी वर्ष, उसी राशि के योग में, जहाँ-जहाँ अमृत बूँद गिरी थी, वहाँ-वहाँ महाकुंभ होता है।

600 ई पू के बौद्ध लेखों में नदी मेलों का उल्लेख मिलता है।400 ई पू के सम्राट चन्द्रगुप्त के दरबार में यूनानी दूत ने एक मेले को प्रतिवेदित किया ,ऐसा कहा जाता है। विभिन्न पुराणों और अन्य प्राचीन मौखिक परम्पराओं पर आधारित पाठों में पृथ्वी पर चार विभिन्न स्थानों पर अमृत गिरने का उल्लेख हुआ है।

महाकुम्भ मे अखाड़ो के स्नान का भी विशेष महत्वहै।सर्व प्रथम आगम अखाड़े की स्थापना हुई कालांतर मे विखंडन होकर अन्य अखाड़े बने। 547 ईसवी में अभान नामक सबसे प्रारम्भिक अखाड़े का लिखित प्रतिवेदन हुआ था।600 ईसवी में चीनी यात्री ह्यान-सेंग ने प्रयाग में सम्राट हर्ष द्वारा आयोजित महाकुम्भ में स्नान किया था।904 ईसवी मे निरन्जनी अखाड़े का गठन हुआ था जबकि 1146 ईसवी मे जूना अखाड़े का गठन हुआ। 1398 ईसवी मे तैमूर, हिन्दुओं के प्रति सुल्तान की सहिष्णुता के विरुद्ध दिल्ली को ध्वस्त करता है और फिर हरिद्वार मेले की ओर कूच करता है और हजारों श्रद्धालुओं का नरसंहार करता है। जिसके तहत 1398 ईसवी मे हरिद्वार महाकुम्भ नरसंहार को आज भी याद किया जाता है।1565 ईसवी मे मधुसूदन सरस्वती द्वारा दसनामी व्यवस्था की गई और लड़ाका इकाइयों का गठन किया गया । 1678 ईसवी मे प्रणामी संप्रदायके प्रवर्तक श्री प्राणनाथजी को विजयाभिनन्द बुद्ध निष्कलंक घोषित किया गया ।1684 ईसवी मे फ्रांसीसी यात्री तवेर्निए नें भारत में 12 लाख हिन्दू साधुओं के होने का अनुमान लगाया था।1690 ईसवी मे नासिक में शैव और वैष्णव साम्प्रदायों में संघर्ष की कहानी आज भी रोंगटे खड़े करती है, जिसमे60 हजार लोग मरे थे।1760 ईसवी मे शैवों और वैष्णवों के बीच हरिद्वार मेलें में संघर्ष के तहत 18 सौ लोगो के मरने का इतिहास है।1780 ईसवी मे ब्रिटिशों द्वारा मठवासी समूहों के शाही स्नान के लिए व्यवस्था की स्थापना हुई।सन 1820 मे हरिद्वार मेले में हुई भगदड़ से 430 लोग मारे गए जबकि 1906 मे ब्रिटिश कलवारी ने साधुओं के बीच मेला में हुई लड़ाई में बीचबचाव किया ओर अनेको की जान बचाई।1954 मे चालीस लाख लोगों अर्थात भारत की उस समय की एक प्रतिशत जनसंख्या ने प्रयागराज में आयोजित महाकुम्भ में भागीदारी की थी।उस समय वहां हुई भगदड़ में कई सौ लोग मरे थे।सन1989 मे गिनिज बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने 6 फ़रवरी के प्रयागराज मेले में डेढ़ करोड़ लोगों की मौजूदगी प्रमाणित की थी, जो कि उस समय तक किसी एक उद्देश्य के लिए एकत्रित लोगों की सबसे बड़ी भीड़ थी।जबकि सन 1995 मे इलाहाबाद के "अर्धकुम्भ" के दौरान 30 जनवरी के स्नान दिवस में 2 करोड़ लोगों की उपस्थिति बताई गई थी।सन 1998 मे हरिद्वार महाकुम्भ में 5 करोड़ से अधिक श्रद्धालु चार महीनों के दौरान पधारे थे। 14 अप्रैल के दिन एक करोड़ लोगो की उपस्थिति ने सबको चौंका दिया था सन 2001मे इलाहाबाद के मेले में छः सप्ताहों के दौरान 7 करोड़ श्रद्धालु आने का दावा किया गया था। 24 जनवरी 2001 के दिन 3 करोड़ लोग के महाकुंभ में पहुंचने की बात की गई थी।सन 2003 मे नासिक मेले में मुख्य स्नान दिवस पर 60 लाख लोगो की उपस्थिति महाकुम्भ के प्रति व्यापक जनआस्था का प्रमाण है। महाकुंभ में अलौकिकता का बोध लौकिक सुंदरता को देखकर सहज ही हो जाता है,तो आप भी आइए और लगा लीजिए इस महाकुंभ में आस्था की डुबकी जहां स्वेत वस्त्रो में ब्रह्माकुमारीज़ भाई बहने राजयोग का ईश्वरीय ज्ञान भी बांट रही है।

## 15 जनवरी :इतिहास की अहम घटनाएं

1943 दुनिया में सबसे अधिक क्षमता वाला कार्यालय भवन, संयुक्त राज्य अमेरिका के रक्षा विभाग का मुख्यालय है जिसे पेंटागन के नाम से जाना जाता है।

1951 बुचेनवाल्ड के कमांडेंट और मजडनक एकाग्रता शिविरों की पत्नी, इल कोक को पश्चिम जर्मन अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

1968 सिसिली में एक भूकंप ने 380 लोग मरे और करीब 1,000 लोग घायल हो गए।

1975 पुर्तगाल ने UNITA, MPLA, और FNLA के साथ Alvor समझौते पर हस्ताक्षर किए, जो स्वतंत्रता के अंगोलन युद्ध को समाप्त करता है।

1981 हिल स्ट्रीट ब्लूज, अमेरिकी टेलीविजन के सबसे समीक्षकों द्वारा प्रशंसित शो में से एक, अपने पायलट एपिसोड, 'हिल स्ट्रीट स्टेशन' को प्रसारित करता है।

1991 एलिजाबेथ द्वितीय, ऑस्ट्रेलिया की महारानी के रूप में, अपने स्वयं के ऑनर्स सिस्टम में अपने स्वयं के अलग विक्टोरिया क्रॉस पुरस्कार के लिए ऑस्ट्रेलिया को पहला राष्ट्रमंडल क्षेत्र बनने की अनुमति देने वाले पत्र पेटेंट पर हस्ताक्षर किए।

1993 सल्वाटोर 'द बीस्ट' रीना, सिसिलियन माफिया के सबसे शक्तिशाली सदस्यों में से एक, तीन दशकों के बाद भगोड़े के रूप में गिरफ्तार किया गया था।

1995 NFC चैम्पियनशिप के लिए सैन फ्रांसिस्को 49ers ने डलास काउबॉयस को हराया।

1995 दक्षिणी अलबामा और पश्चिमी वाशिंगटन क्रमशः नए क्षेत्र कोड 334 और 360 का उपयोग करना शुरू करते हैं।

1998 जॉन ग्लेन, 76 फिर से अंतरिक्ष में उड़ सकते हैं। यूएसए के नासा ने यह घोषणा की है।

2009 हडसन नदी में डूबने से सभी 155 यात्री अमेरिकी वायुमार्ग के विमान में बच गए।

2009 यूएस एयरवेज़ फ़्लाइट 1549 के बाद न्यू यॉर्क शहर से अपनी शुरुआती चढ़ाई के दौरान कनाडा के एक झुंड के झुंड को मारा, कैप्टेन चेसले सुलेनबर्गर ने हडसन नदी में आपातकालीन लैंडिंग की।

2010 उत्तरी अल्जीरिया में मुस्लिम कट्टरपंथियों द्वारा सेना के कर्नल और बेजायजा के एक सैन्य कमांडर को मार दिया गया।

2011 ऑस्ट्रेलिया में भारी बाढ़ के कारण ग्रामीण विक्टोरिया में 13,000 डोलर की संपत्तियां नष्ट हो गईं।

2012 जॉन हंट्समैन, रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के प्राथमिक उम्मीदवार मिट रोमनी का समर्थन करते हुए दौड़ से बाहर हो गए।

2013 सीरिया की अलेप्पो यूनिवर्सिटी में रॉकेट हमले में 83 लोगों की मौत हुई और 150 लोग घायल हुए।

2013 आयरलैंड और ब्रिटेन में सुपरमार्केट में बिक्री पर कुछ बीफ़ बर्गर में घोड़े का डीएनए मौजूद था। यह आयरलैंड गणराज्य के खाद्य प्राधिकरण द्वारा पाया गया है।


2013 अहमद अल- गिज़ावी, मिस्र के मानव वकील को ज़ैनक्स एंटी-चिंता गोलियों के कब्जे के लिए पांच साल और 300 सौ के लिए जेल की सजा सुनाई गई थी।

2014 विश्व बैंक के वैश्विक जंगल की एक भविष्यवाणी है कि 2013 में 2.4 प्रतिशत से 3.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

2016 पश्चिमी अफ्रीकी देश बुर्किना फासो में ऑगाडोगू के होटल में आतंकवादी हमले में 28 लोगों की मौत हुई और 56 लोग घायल हुए।

## समसामयिक

# सूर्य नमस्कार या उगते सूरज को सलाम!



डॉ. सुरेश गर्ग

**स्वामी** विवेकानन्दजी की जयंती पर उन्हें देश भर में स्कूल-कॉलेज एवं स्थानीय महत्वपूर्ण स्थलों पर शासन-प्रशासन के महानुभावों तथा शहरवासियों द्वारा सार्वजनिकरूप से 'सूर्य नमस्कार' करके श्रद्धांजलि अर्पित की गयीं। पूरा देश भारतीय संस्कृति के भगवा रंग में ज़रूर रंगा दिखा, परन्तु उसका दिलो-दिमाग़ मायूसीभरा डरा-डरा, चिंतित और भ्रमित-सा ही नज़र आया... ! क्योंकि सारा आयोजन राजनीतिक एवं व्यापारिक विज्ञानीरूप से प्रायोजित-सा ही था... ! सूर्य नमस्कार कोई सामान्य पारंपरिक शिष्टाचारी दुआ-सलाम नहीं है, जो मात्र प्रवचनों के माध्यम से भीड़ एकत्रित करके उपदेश देकर या भय दिखाकर करवा लिया जाये ! यह एक संवेदनशील ज्ञान-विज्ञान पर आधारित सांस्कृतिक आध्यात्मिक जीवनचर्या से संबधित जीवनशैली है। इसके बारह आसन और बारह सूत्रीय मंत्र वेदांत और योगदर्शन के सारतत्त्व के रूप में प्रतिदिन स्वस्थ, ज्ञानप्रद एवं समृद्ध जीवन जीने के लिए सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त करने की एक आध्यात्मिक विधि है। जिसके अपने नियम-कायदे हैं, न कि मजमा लगाकर कर लोगों को सम्मोहित करके अपना मकसद पूरा किया जाये ! विडंबना यही है कि वर्तमान विज्ञापनी व्यापारिक वैश्वीकरण के ज़माने में धर्म-संस्कृति को भी 'वस्तु' की तरह उपयोग-दुरुपयोग करने का प्रयास किया जा रहा है ! योग जैसे जटिल एवं दुर्लभ दर्शन को गली-चौराहे पर दुकान की तरह लाकर रख दिया गया है ! और-तो-और एक समय जिस 'दर्शन' को विवेकानंदजी ने अमानवीय मुश्किलें एवं प्रताड़नाएँ सह कर दुनिया में पहुँचाया था, उसे आज कुछ लोगों द्वारा व्यापार की तरह विदेशों मे निर्यात किया जा रहा है... !

योगदर्शन यानी पतंजलि योग- अष्टांगयोग -यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि की भी यही दुर्दशा है। ये सीढ़ीबद्ध पड़ाव हैं, जो एक एक करके ही पार किये जा सकते हैं, छलांग नहीं लगायी जा सकती, परन्तु ये टुकड़े-टुकड़े करके परोसे जा रहे हैं... !

पतंजलिजी का प्रथम सूत्र है- 'योगः चित्तवृत्ति निरोधः' योग का पहला उद्देश्य चितशुद्धि है। उनके अनुसार -" योगेन चितस्य पदेनवाचा मलंशरीरस्य च वैद्यकेन। योगाकरोत्तम प्रवर मुनीनां पतंजलि प्रांजलिरानतोस्तु।।" 'चित्तशुद्धि' के साथ 'वाणीशुद्धि' होना भी ज़रूरी है। लेकिन आज 'लोक' और 'जनसभा' में जो शिशुपाली भाषा उपयोग की जा रही तब क्या वहाँ योग या सूर्य नमस्कार का मायने रह जाता हैं ? यही नहीं, पतंजलि के कहे अनुसार तो रुग्ण शरीर होने पर योग नहीं, पहले इलाज़ होना चाहिए, इसीलिए उन्होंने 'आयुर्वेदशास्त्र' दिया, परन्तु उसके नाम पर तो व्यापार हो रहा है और योगविद्या से असाध्य बीमारियों का इलाज़ बताया जा रहा है ! जहाँ तक सामाजिक रुग्णता को देखना है तो अस्पतालों में मौजूद भीड़ को देख कर अंदाज़ लगाया जा सकता है , कि देश कितना स्वस्थ , शिक्षित और विकसित समृद्ध है ! इनके बीच सूर्य नमस्कार या प्राणायाम की ज़रूरत है, अथवा 'इलाज़' की...¡ !

योग की पहलीसीढ़ी 'यम' के पाँच उपअंग-सत्य, अहिंसा, ब्रह्मचर्य ,अस्तेय एवं अपरिग्रह जटिल चक्रों के 'चक्रव्यूह' को तोड़ना और दूसरी सीढ़ी 'नियम' के पाँच अपअंग -शौच, संतोष,तप,स्वाध्याय एवं श्रृद्धा रूपी भूल-भूलैयों को पार करना, जब महापुरुषों के लिए दुष्कर रहा हो, तब 'झूठइ लेना, झूठइ देना...खाई महा अहि हृदय कठोरा' जमाने में अष्टांग योग के 'यम' और 'नियम' अंगों को कैसे निबाहा जा सकता है ? जबकि शास्त्रोंनुसार वही व्यक्ति योग का अधिकारी हो सकता है जो यम और नियम को पूर्णतया पालन करता हो !

वर्तमान दैनंदिनी जिंदगी में सत्य की बात करना तो बेमानी-सा हो गया है, परन्तु लगता है अब अहिंसावादी होने के नाम पर 'जैन भोजन' की परिभाषा भी बदलनी पड़ेगी... ! क्योंकि शाकाहार के नाम पर जो अन्न, तिलहन, दूध, पानी, फल सब्जियाँ, खाद्यपदार्थ आदि घर-बाजार में उपलब्ध होते हैं, उनमें से अधिकांश हिंसा जनित होते हैं... ! जहरीले रासायनिक खाद, रंग एवं मिलवटी पदार्थ तथा कीटनाशकों के उपयोग से निर्मित ! अंदाज़ लगाया जा सकता है कि ये साग-सब्जियाँ और फल कितने 'मृत एवं जीवित' कीटाणुयुक्त हो सकते हैं... ! परन्तु हम जाने-अनजाने उनका उपयोग करने के लिए मजबूर हैं ! तब हम अपने आपको सात्विक शाकाहारी कैसे मान सकते हैं ?

निश्चित रूप से 'योगदर्शन' और 'सूर्य नमस्कार' जैसी सांस्कृतिक गति-विधियों ने भारतीय धर्म-संस्कृति को दुनिया में उच्च स्थान दिलाया है, इनका मानव की दैनंदिनी ज़िंदगी में आना यानी समुचित मानवता को ऊर्ध्वगति की ओर ले जाना होगा। परमानंद की ओर... ! परन्तु यह राजनीतिक एवं व्यापारिक तिकड़मों से नहीं, बल्कि विवेकानंदजी ने युवाओं को जो वेदान्त का सूत्र- 'तत्त्वमसि' यानी तुम ही ब्रह्म हो ! उठो ! जागो और राष्ट्र और धर्म-संस्कृति के स्वाभिमान के लिए खड़े हो जाओ... ! सूर्य नमस्कार के साथ अपने अंदर के अखंड सूर्य को नमस्कार करो ! वरना पूरी जिंदगी 'उगते सूरज ( एक नहीं, हर दबंग ) को नमस्कार करते निकल जायेगी... !

# भीषण आग से अमेरिका ही नहीं, दुनिया सबक ले



ललित गर्ग

अमेरिका के लॉस एंजेलिस में जंगल की बेकाबू आग फेलने, भारी तबाही, महाविनाश और भारी जन-धन की क्षति ने साबित किया है कि दुनिया की नंबर एक महाशक्ति भी कुदरत के रौद्र के सामने बौनी ही साबित हुई है। न केवल अमेरिका के इतिहास में बल्कि दुनिया के इतिहास यह जंगल की आग सबसे भयावह, सर्वाधिक विनाशकारी एवं डरावनी साबित हुई है। आग धीमी होने का नाम नहीं ले रही है। बल्कि और तेजी से बढ़ती जा रही है और इसका कारण 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाएं हैं। ये हवाएं इस आग को और भड़का रही हैं, तबाही का मंजर बन रही है, जिसे रोकना अमेरिका प्रशासन के लिए एक चुनौती बन गया है। अमेरिकी सेना के सी-130 विमान और फायर हेलीकॉप्टर हर संभव कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हवा की गति और आग की लपटों की ताकत के आगे दुनिया की सबसे बड़ी ताकत के तमाम प्रयास नाकाफी एवं बेबस साबित हो रहे हैं।

अनियंत्रित विकास, पर्यावरण की घोर उपेक्षा एवं भौतिकतावादी सोच इस आग का बड़ा कारण है। खरबों रुपये की संपत्ति और प्राकृतिक संपदा के नष्ट होने के अलावा करीब दो लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। आलीशान बंगलों, सरकारी संरचना तथा नागरिक सुविधा के साधनों के स्वाह होने के साथ करीब 24 लोगों के मारे जाने की खबर है। करीब दो लाख लोगों को घर-बार छोड़कर जाने के लिये तैयार रहने को कहा गया है। अमेरिका संस्कृतिविहीन देश बनता जा रहा है- यह राष्ट्र भौतिक विकास, पर्यावरण उपेक्षा एवं शस्त्र संस्कृति पर सवार है। वहां के नागरिक अपने पास जितने चाहें, उतने भौतिक संसाधन रख सकते हैं। सुविधावादी जीवनशैली के शिखर एवं तमाम सुरक्षा परिस्थितियों में जीने के बावजूद यह देश आज कितना असहाय एवं बेबस है। विकास की बोली बोलने वाला, विकास की जमीन में खाद एवं पानी देने वाला, दुनिया में आधुनिकता, तकनीक एवं विकास की आंधी लाने वाला अमेरिका जब खुद ऐसी भीषण आग की तबाही का शिकार होने लगा तो उसकी नींद टूटी हैं, उसे अपनी असलियत का पता लगा।

दुनिया को सुरक्षा एवं विकास का आश्वासन देने वाला देश आज खुद अपनी रक्षा नहीं कर पा रहा है। वहां के आधुनिक तकनीक से लेस दमकल विभाग व सुरक्षा बलों की तमाम कोशिशों के बावजूद आग बेकाबू है। लोग असहाय होकर अपनी जीवन भर की पूंजी को स्वाह होते देख रहे हैं। जलवायु परिवर्तन के चलते तल्ख होते मौसम से हालात और खराब होने की आशंका जतायी जा रही है। आग के बाद का जो मंजर नजर आ रहा है उसे देखकर ऐसा लगता है मानो कोई बम गिराया गया हो। विडंबना यह है कि आपदा में अवसर तलाशने वाले कुछ लोग खाली कराये गए घरों में लूटपाट से भी बाज नहीं आ रहे हैं। हॉलीवुड हिल्स इलाके में करीब साढ़े पांच हजार से अधिक इमारतों के नष्ट होने की खबर है। कई नामी फिल्मी हस्तियों के घर, जैसे बिली क्रिस्टल, मैंडी मूर, जेमी ली कर्टिस और पेरिस हिल्टन शामिल हैं एवं व्यावसायिक इमारतें व सार्वजनिक संस्थान आग की भेंट चढ़े हैं। वहां की आस्थाएं एवं निष्ठाएं इतनी जख्मी हो गयी कि विश्वास जैसा सुरक्षा-कवच मनुष्य-मनुष्य के बीच रहा ही नहीं। साफ चेहरों के



भीतर कौन कितना बदसूरत एवं उन्मादी मन समेटे है, कहना कठिन है। अमेरिका की विकास की होड़ एवं तकनीकीकरण की दौड़ पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। ईश्वर की बनायी संरचना में दखल का ही परिणाम है कि प्रकृति इतना रौद्र एवं विध्वंसक रूप धारण किया है।

अमेरिका आज दुनिया में प्रकृति के दोहन, अपराध का सबसे बड़ा अड्डा है और हिंसा की जो संस्कृति उसने दुनिया में फैलाई, आज वह स्वयं उसका शिकार है। अमेरिका के इतिहास में यह जंगल की आग सबसे भयावह साबित हुई है। चिंता की बात यह है कि इलाके में हाल-फिलहाल बारिश होने की संभावना नहीं है, जिससे जंगल की आग जल्दी काबू में आ सकती। एक बड़े इलाके में बिजली आपूर्ति ठप होने व पानी की आपूर्ति में बाधा संकट को और बढ़ा रही है। लोगों की सुरक्षित स्थानों में जाने के लिये अफरा-तफरी से जगह-जगह ट्रैफिक जाम लग रहे हैं। पानी का दबाव कम होने से दमकल कर्मियों को आग बुझाने में परेशानी आ रही है। घोर अव्यवस्था एवं कुप्रशासन फेला है। दरअसल यह आग लॉस एंजेलिस के उत्तरी भाग में लगी, जिसने बाद में कई बड़े शहरों को अपनी चपेट में ले लिया। तेज हवाओं व सूखे मौसम के कारण आग ज्यादा भड़की है। सूखे पेड़-पौधे तेजी से आग की चपेट में आ गए। हालांकि, आग लगने का ठोस कारण अभी तक पता नहीं चला है। हकीकत है कि जंगलों में 95 फीसदी आग इंसानों द्वारा ही लगायी जाती है। वैसे जलवायु परिवर्तन प्रभावों के चलते बदले हालात में अब पूरे साल आग लगने की आशंका बनी रहती है।

अमेरिका दुनिया पर अपना एकछत्र शासन चाहता है। कनाडा, ग्रीनलैंड एवं पनामा को अमेरिका में शामिल करना चाहते हैं। मतलब सीधा सा है जिसकी लाठी उसकी भैंस यानी पावर और पैसे के बल पर खुद को बलवान और सुपरपावर मुल्क समझने वाला अमेरिका एक आग के आगे बेबस नजर आ रहा है। कैलिफोर्निया के दक्षिणी हिस्से में शुरू हुई इस जंगल की आग ने अब लॉस एंजलिस जैसे बड़े शहर को राख बना दिया है। पैलिसेड्स में 20 हजार एकड़, ईटन में 14 हजार एकड़, कैनेथ में 1000 एकड़, हर्स्ट में 900 एकड़, लिडिआ में 500 एकड़ में आग फैली है। इन इलाके में राख के बारीक कणों व धुएं की चादर के कारण स्थानीय स्वास्थ्य इमरजेंसी घोषित की गई है। लोगों का जीवन इन सभी स्थानों पर दुर्भर हो गया है। लॉस एंजलिस की इस आग ने न केवल जीवन और संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है, बल्कि सूखे और जलवायु परिवर्तन के प्रति गंभीर चेतावनी भी दी है। इससे निपटने के लिए दीर्घकालिक समाधान तलाशना बेहद जरूरी है।

आज अमेरिका विकास की चरम अवस्था पार कर चुका है। यह आशंका सदैव बनी रही है कि अनियंत्रित विकास एवं प्रकृति विनाश के प्रति समय रहते नहीं चेतने की कीमत सृष्टि के विनाश एवं मानवता के धंस से चुकानी होती है, धरती का पर्यावरण नष्ट हो जाता है। धरती पर मंडराते इसी संकट का प्रतीक है यह आग। बात बहुत ही सीधी सी है कि जब तक प्रकृति डराती नहीं विकास की राहें ऐसे ही बेतहाशा एवं अनियंत्रित आगे बढ़ती रहती हैं। किंतु जब प्रकृति मुस्कुराना भूल जाए तो वह विकास, विकास नहीं रहता। वहाँ कृत्रिमता दस्तक देने लगती है, धरती करवट बदलने लगती है, अम्बर चीत्कार कर उठता है तब मनुष्य को समझ लेना चाहिए कि अब विनाश की पदचाप सुनाई देने लगी हैं। अपनी राहें सुरक्षित रखने के वास्ते राहों को मोड़ने पर विचार करना चाहिए। ज़िद एवं अहंकार में बाज़ी पलट सकती है, वरना विनाश का दावानल अमेरिका की आग की तरह सब कुछ राख कर देता है। 'मन जो चाहे वही करो' की मानसिकता वहां पनपती है जहां ईश्वर की सत्ता एवं इंसानी रिश्तों के मूल्य समाप्त हो चुके होते हैं, ऐसी स्थिति में शक्तिशाली देश अपनी अनंत शक्तियों को भी बौना बना देता है। यह दकियानूसी ढंग है भीतर की अस्तव्यस्तता को प्रकट करने का। ऐसे देशों एवं लोगों के पास सही जीने का शिष्ट एवं अहिंसक सलीका नहीं होता। वक्त की पहचान नहीं होती। ऐसे लोगों में संतुलित विकास, शांतिपूर्ण सहजीवन, सृष्टि का संतुलन एवं सर्वोच्च ईश्वर सत्ता के प्रति सम्मान आदि का कोई खास ख्याल नहीं रहता। भौतिक सुख-सुविधाएं ही जीवन का अंतिम लक्ष्य बन जाता है। एक राष्ट्र मूल्यहीनता, प्रकृति उपेक्षा एवं अहंकारी सोच में कैसे शक्तिशाली बन सकता है ? पक्षी भी एक विशेष मौसम में अपने घोंसले बदल लेते हैं। पर मनुष्य अपनी वृत्तियां नहीं बदलता। वह अपनी वृत्तियां तब बदलने को मजबूर होता है जब दुर्घटना, दुर्दिन या दुर्भाग्य का सामना होता है। अमेरिका की आग पक्षियों के इस संदेश को समझने व समय रहते जागने को कह रही है। इस आग से अमेरिका ही नहीं, समूची दुनिया को सबक लेने की जरूरत है।

# 72 डॉक्टरों की प्राइवेट प्रैक्टिस पर रोक, प्राचार्य ने लिया शपथ पत्र

**इलाहाबाद हाई कोर्ट के निर्देश के बाद मेडिकल कॉलेज ने बढ़ाई सख्ती**

**प्रमुख सचिव चिकित्सा व शिक्षा ने प्राचार्य को दिए प्राइवेट प्रैक्टिस बंद करने के निर्देश**




नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद । स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय में तैनात 72 प्रोफेसर व असिस्टेंट प्रोफेसर अब अपने निजी क्लीनिक पर प्रेक्टिस नहीं कर सकेंगे । शासन का आदेश आने के बाद मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ने सभी चिकित्सकों से शपथ पत्र लिया है प्राइवेट प्रैक्टिस की निगरानी के लिए टीम गठित की जाएगी आदेश आने पर मेडिकल कॉलेज के कुछ चिकित्सक चिंतित हैं कई चिकित्सक तो ओपीडी टाइम में भी अपने क्लीनिक का संचालन कर रहे थे । बीते सप्ताह इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकल पीठ ने मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के विभाग अध्यक्ष डॉक्टर अरविंद गुप्ता की याचिका पर सुनवाई करते हुए मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर व असिस्टेंट प्रोफेसर के प्राइवेट प्रैक्टिस को लेकर सरकार से जवाब मांगा था इसके बाद 6 जनवरी को प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा ने मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को तत्काल प्रभाव से प्राइवेट प्रैक्टिस पर रोक लगाने के निर्देश दिया है मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर योगेश कुमार गोयल ने सभी प्रोफेसर व असिस्टेंट प्रोफेसर से प्राइवेट प्रैक्टिस न करने पर शपथ पत्र मांगा है मेडिकल कॉलेज में 72 असिस्टेंट प्रोफेसर प्रोफेसर एक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक की तैनाती है जो इस दायरे में आते हैं सभी से शपथ पत्र लिया गया है प्राचार्य डॉ योगेश गोयल ने नेशनल एक्सप्रेस दैनिक समाचार पर के जिला ब्यूरो चीफ विपिन कुमार से खास बातचीत की है और बताया है कि मेडिकल कॉलेज के सभी चिकित्सकों से शपथ पत्र लिया जा रहा है सभी चिकित्सकों ने सहमति जताई है कि वह शासन के नियमों का पालन करेंगे इसके बाद भी यदि कोई डॉक्टर प्रेक्टिस करते हुए पाया जाता है तो उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी ।

# नि:शुल्क दिव्यांग सहायक उपकरण शिविर का आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।



फिरोजाबाद । भारत सरकार के अधिकारिता मंत्रालय द्वारा एसआरके इंटर कॉलेज के ग्राउंड में दिव्यांग सहायता उपकरण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक मनीष असीजा उपस्थित रहे ।

शिविर में कई जनकल्याणकारी योजनाओं के कैंप लगाए गए जिसमें वृद्धावस्था पेंशन ,राशन कार्ड ,टीवी रोग से ग्रसित मरीजों की जांच तथा 70 लाख रुपए कीमत के 600 दिव्यांग सहायता उपग्रह उपकरण बांटे गए । जिनमें ई रिक्शा ,ट्राई साइकिल ,कान से सुनने की मशीन, छड़ी ,वॉकर तथा अन्य सामान वितरित किए गए । उपकरण पाकर दिव्यांग लोगों के चेहरे पर खुशी की झलक देखने को मिली उन्होंने बताया कि इससे हमारा जीवन आसान हो जाएगा और हमारी कठिनाई भी कम होगी इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी शत्रुघ्न वैश्य मुख्य चिकित्सा अधिकारी राम बदन राम विकलांग पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी जिला विकास अधिकारी एलिम्को कंपनी के अधिकारी भारतीय जनता पार्टी के पार्षद तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

# संपत्ति की खातिर छोटा भाई बना बड़े भाई की जान का दुश्मन

नेशनल एक्सप्रेस/क्राइम रिपोर्टर ।



फिरोजाबाद । जनपद के थाना मक्खनपुर के क्षेत्र के जिजोली गांव में एक भाई अपने ही सगे भाई का जमीन को लेकर जानी दुश्मन बना हुआ नजर आया है । पीड़िता ने मामले को लेकर एसएसपी फिरोजाबाद को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है । मामले को लेकर पीड़ित पूजा राठोर की माने तो पूजा का देवर पीयूष राठौर ने 5 बर्ष पूर्व अपनी स्वेक्षा से आरती सविता नामक लड़की से भागकर शादी कर ली थी तभी से पीयूष अपनी पत्नी के साथ कही बाहर रहने लगा था तभी पीड़िता के ससुर ने पीयूष को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया था अब कुछ दिनों पहले आकार पीयूष ने पीड़िता के पति की दुकान के सामने अपनी पत्नी को बिठाकर जबरन दुकान नही खुलने दी कई दिनों दुकान बंद रहने पर जब मामला पुलिस थाने तक पहुंचा तो पुलिस की कार्यवाही से पीयूष की पत्नी को दुकान से हटाया गया तब से पीयूष और उसकी पत्नी पीड़िता के पति की संपत्ति को जबरन अपने नाम कराना चाहते है नाम न करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है । पीड़िता ने परेशान होकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है ।

# असमाजिक तत्वों ने तोड़ी संविधान निर्माता की मूर्ति



**अनुयाइयों में रोष**

**प्रशासन तथा ग्राम प्रधान ने नई मूर्ति कराई स्थापित**

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।

सिरसागंज। थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव घुड़िया टीकुर में सोमवार देर शाम किसी अज्ञात व्यक्ति ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को खंडित कर दिया था। जिससे लोगों में आक्रोश पैदा हो गया । ग्राम प्रधान ने दोबारा मूर्ति को स्थापित कराया है। गांव घुड़िया टीकुर में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति की स्थापना 9 जुलाई सन 1999 में कराई गई थी। जिस मूर्ति को किसी अज्ञात व्यक्ति ने सोमवार देर शाम रात के अंधेरे में खंडित कर दिया था । लोगों को जैसे ही खंडित मूर्ति के बारे में जानकारी हुई तो समाज व अन्य लोगों में आक्रोश पैदा हो गया। सूचना पर इलाका पुलिस के साथ क्षेत्राधिकारी सिरसागंज घटना स्थल पर पहुंचे। जिन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि खंडित मूर्ति के स्थान पर दोबारा मूर्ति स्थापित कराई जाएगी। मंगलवार सुबह भीम आर्मी के लोग, अजीम भाई व कई नेतागण घटना स्थल पर पहुंच गए । ग्राम प्रधान दामोदर सिंह ने निजी खर्चा उठाते हुए नई मूर्ति मंगाकर उसी स्थान पर मंगलवार को पुनः स्थापित करा दी है। इस दौरान पुलिस प्रशाशन व भीम आर्मी के लोग, अजीम भाई, राजवीर सिंह, रामबिहारी, विनोद , अखलेश, गिरजेश बाबू, नीरज गौतम आदि नेतागण, समाजसेवी मौजूद रहे।

# मेडिकल कॉलेज में धूमधाम से मनाया मकर संक्रांति पर्व



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।

फिरोजाबाद । जनपद के मेडिकल कॉलेज परिसर में मकर संक्रांति पर्व बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें मेडिकल कॉलेज ग्राउंड में एमबीबीएस की पढ़ाई करने वाले छात्र व छात्राओं ने रंगोली बना कर देश की संस्कृति को दशार्या तो वहीं मकर संक्रांति पर्व पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कॉलेज के प्राचार्य सहित छात्र व छात्राओ ने पतंगबाजी का खूब आनंद लिया । इस मौके पर मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. योगेश कुमार गोयल ने बताया कॉलेज में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स ने मकर संक्रांति के पर्व पर रंगोली बनाकर मकर संक्रांति के महत्व को बताने का प्रयास किया है। वहीं उन्होंने कहा बच्चों को संस्कृति व प्राकृति के साथ जुड़ना चाहिए। और सभी पर्वो को अच्छे से सेलिब्रेट करना चाहिए ।

# पालीवाल महिला मंडल की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन




**प्रतिमा अध्यक्ष, मनोरमा बनीं महामंत्री**

नेशनल एक्सप्रेस/ तहसील रिपोर्टर

शिकोहाबाद । मंगलवार को पालीवाल ब्राह्मण महिला मंडल शिकोहाबाद की नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति के आधार पर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया । इस दौरान पालीवाल महिला मण्डल की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती अर्चना पालीवाल की मौजूदगी में नवीन कमेटी का गठन किया गया। इस दौरान महिला मंडल की नई कमेटी में अध्यक्ष पद पर श्रीमती प्रतिमा पालीवाल को निर्विरोध चुना गया। इसके साथ ही उपाध्यक्ष पर कृष्णा पालीवाल , महामंत्री के पद पर मनोरमा पालीवाल, संगठन मंत्री के रूप में प्रेमलता पालीवाल, कोषाध्यक्ष आशा पालीवाल को चुना गया। इसके अलावा वरिष्ठ सदस्य के रूप में संध्या पालीवाल, आरती पालीवाल, सुनीता पालीवाल, अंजू मुद्गल, नीता पालीवाल, अमिता पालीवाल, निशा पालीवाल, रितु, पूजा, वीना तथा कामना पालीवाल को मनोनीत किया गया है। इस मौके पर नगर संयोजिका अर्चना पालीवाल ने कहा कि पालीवाल महिला मण्डल संगठन मजबूती के लिए अभी से जुट जाएं । इस दौरान खिचड़ी कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर समाज की महिलायें आदि मौजूद रहीं।

# अज्ञात कारणों से लगी आग से चार खोखे जलकर हुए राख

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।



**■जसराना के कस्बा पाढ़म का मामला, पुलिस एवं फायर बिग्रेड से पाया गया आग पर काबू ■तीन लाख से अधिक रुपए के नुकसान की संभावना, आग पर काबू पाया**

जसराना। थाना क्षेत्र के कस्बा पाढ़म में सोमवार की देर सायं अज्ञात कारणों से खोखों में आग लग गई। आग लगने से चार खोखे एवं उनमें रखा सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पुलिस एवं फायर बिग्रेड की गाडी मौके पर पहुंची। लोगों की मदद से फायर कर्मियों ने आग पर काबू पाया। आग बुझने पर लोगों ने राहत महसूस की। वहीं आग लगने से तीन लाख रुपए से अधिक के नुकसान की बात पीडितों ने बताई। कस्बा पाढ़म में मूले की बरी के पास खोखा लगाकर लाखन सिंह निवासी पाढ़म सब्जी की दुकान, मुकेश कुशवाहा निवासी पाढ़म किराना की दुकान, पप्पू कुशवाहा निवासी पाढ़म मिठाई की दुकान जबकि साबिर अली प्रेस की दुकान करते हैं। रोज की भांति वह दुकान बंद कर घर चले गए। देर सायं अचानक खोखों से उठने वाली चिंगारी लोगों ने देखी तो चीख पुकार मच गई। दुकानदारों को सूचना देने के साथ ही लोगों ने आग को बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। वहीं आग की इतनी भयंकर थी कि कोई भी पास जाने की हिम्मत नहीं कर पाया। वहीं सूचना मिली तो जसराना एवं पाढ़म चौकी का पुलिस फोर्स एवं जसराना से फायर बिग्रेड की गाडी मौके पर पहुंच गई। फायर कर्मियों ने लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। कस्बा निवासी अवधेश राजपूत ने बताया कि मूले की बरी के पास रखे खोखों में अज्ञात कारणों से आग लगी है। आग लगने से तीन लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। थाना प्रभारी शेर सिंह ने बताया खोखों में आग लगी थी। आग को बुझा लिया गया है।

# कार चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों से पुलिस की मुठभेड़





**एक आरोपी के पैर में गोली लगी**

नेशनल एक्सप्रेस/क्राइम रिपोर्टर ।

फिरोजाबाद। टूण्डला पुलिस, एसओजी व सर्विलांस टीम की चैकिंग के दौरान कार चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान एक आरोपी के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। दोनों आरोपियों के कब्जे से एक कार, चोरी की हुई कार का इंजन, 01 मास्टर चाबी, अवैध असलहा, जिदा कारतूस एवं खोखा कारतूस बरामद हुआ है।

थाना टूण्डला पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित आरोपी बाघई से बनकट जाने वाले रास्ते पर किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। इसी क्रम में पुलिस ने बाघई मोड़ पर चैकिंग शुरू की। चैकिंग के दौरान एक कार आती हुई दिखाई दी जिसे पुलिस ने रुकने का इशारा किया। कार सवार व्यक्तियों ने पुलिस पर फायर कर दिया।

पुलिस ने खुद को बचाते हुए आत्मरक्षार्थ की फायरिंग में 01 अभियुक्त जयपाल के पैर में गोली लगी। साथ ही एक साथी भजनलाल को साथ में गिरफ्तार किया। घायल अभियुक्त जयपाल को पुलिस अभिरक्षा में लेकर उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों आरोपियों पर कई मुकदमा दर्ज है। आरोपियों जे बैनीवाल गार्डन के बाहर से एक इको कार चोरी की थी।

# वीरनारियों एवं वीरता एवं विशिष्ट पदक विजेताओं को किया गया सम्मानित

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।




फिरोजाबाद । मंगलवार को जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी द्वारा सैक्टर-01, सुहाग नगर स्थित प्रो0 राजेन्द्र सिंह सीनियर सेकेण्डरी स्कूल पर वीरनारियों एवं वीरता एवं विशिष्ट पदक विजेताओं को सम्मानित किये जाने हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत उपस्थित वीरनारियों तथा विशिष्ट पदक विजेताओं को मोमेन्टों, शॉल एवं सम्मान प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही उपस्थित पूर्व सैनिक राम बहादुर एवं नेत्रपाल सिंह को भी मूमेन्टों भैंट कर सम्मानित किया गया। कैप्टन (आई.एन.) आशीष कुमार मित्तल (अ0प्रा0), जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी द्वारा भारतीय सेना के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि आप सभी सैनिकों ने लम्बी अवधि तक विपरीत भौगोलिक परिस्थितियों में दुर्गम स्थानों पर पारिवार से दूर रहकर देश सेवा की है, जिसके लिये आप बधाई के पात्र है। इस जनपद के पूर्व सैनिकों तथा उनके परिवारों के सम्मान की हर तरह से हर कीमत पर रक्षा की जायेगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आर.पी. सिंह, निदेशक, प्रो0 राजेन्द्र सिंह सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, द्वारा सबका आभार व्यक्त किया गया एवं पदक विजेता ऑनरेरी कैप्टन रामवीर सिंह द्वारा सेना के बलिदान एवं बहादुरी व देश सेवा में सम्बन्ध में प्रकाश डाला गया। वीर नारी संगीता देवी एवं रूबी राठौर द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किये गये। उक्त कार्यक्रम के दौरान प्रो0 आर0पी0 सिंह, आकांक्षा शर्मा प्रधानाचार्या, कैप्टन (आई.एन.) आशीष कुमार मित्तल (अ0प्रा0), पदक विजेता ऑनरेरी कैप्टन, रामवीर सिंह, नायब सूबेदार बहादुर सिंह, पूर्व नायब सूबेदार शिवकुमार सिंह, वीर नारी रूबी, रूबी राठौर, कान्ती देवी, नीलम आदि, पूर्व सैनिक रामबहादुर शर्मा, नेत्रपाल सिंह आदि एवं कार्यालय कर्मचारी राघवेन्द्र सिंह,राम कुमार, मु0 लुकमान, आ0सो0 कर्म0 कु0 सपना एंव विशिष्ट पदक विजेताओं एवं वीरनारियों के साथ-साथ सैनिक/पूर्व सैनिक, पूर्व सैनिक आश्रित तथा स्कूली छात्रायें/छात्र आदि उपस्थित रहे।

# मकर संक्रांति के मौके पर हुए खिचड़ी वितरण कार्यक्रम

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।







फिरोजाबाद। जनपद में मकर संक्रांति के मौके कई जगह खिचड़ी वितरण कार्यक्रम हुए। मकर संक्रांति के अवसर पर समाज सेवियों ने खिचड़ी बाँटी।

इसी क्रम में जनाब हिकमत उल्ला खां के संयोजन में सेंट्रल चौराहे पर खिचड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बच्चू बाबा आश्रम राजा के टाल के पास खिचड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव सामाजिक कार्यकर्ता सतेन्द्र जैन सौली एवं धर्मगुरू मुन्नालाल शास्त्री, पार्षद देश दीपक, व्यापार मंडल के सुनील अग्रवाल, जनाब हनीफ खकसार, प्रदीप जैन, दुर्गेश यादव, रविंद्र कुमार सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में जिला ब्राह्मण महासभा (पंजीकृत) फिरोजाबाद ने रामलीला मैदान स्थित भगवान परशुराम शिविर पर मकर संक्रांति के पावन पर्व पर खिचड़ी वितरण का कार्यक्रम किया। इस अवसर पर मुख्य संरक्षक रविंद्र लाल तिवारी, जिलाध्यक्ष संदीप तिवारी, महानगर अध्यक्ष पवन उपाध्याय, मधुरिमा वशिष्ठ, उमेश शर्मा, मनोज भटेले, सुधाकर शर्मा, लक्ष्मण तिवारी, राजेश कुमार तिवारी, योगेंद्र मोहन शर्मा, पंकज भारद्वाज, श्रीओम शर्मा, कौशल किशोर उपाध्याय, महेंद्र द्विवेदी, अशोक कुमार शुक्ला, दिनेश वशिष्ठ, वीनेश शर्मा, भरत तिवारी, राकेश राजौरिया आदि लोग उपस्थित रहें। साथ ही इसी क्रम में टूण्डला में अंतरराष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ के पदाधिकारियों के द्वारा मकर संक्रांति पर्व पर स्टेशन रोड सब्जी मंडी पर खिचड़ी वितरण की गई। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन लोकेंद्र सिंह पोनियां, प्रदेश महामंत्री संगठन रामतीर्थ सिंह चक, नगर अध्यक्ष राजीव मल्होत्रा, नगर उपाध्यक्ष सुनील गुप्ता, सोनू जैन, राहुल धनगर, आशीष अग्रवाल, सोनवीर यादव, उदय प्रताप सिंह, संकी राणा भवानी सिंह आदि लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में खिचड़ी भोज का आयोजन यज्ञशाला मंदिर पर किया गया जिसमें भगवान को भोग लगाकर खिचड़ी का वितरण किया गया। सभी रेलवे कॉलोनीवासियों ने खिचड़ी भोज का आनंद लिया।

इस मौके पर मंदिर महंत हनुमान दास, मंदिर अध्यक्ष अंकित श्रोत्रिया, जयकिशन अजवानी, आशीष शर्मा, सोनू पंडित, अशोक कुमार, आदि उपस्थित रहे ।

# 'स्वर्णिम भारत-विरासत एवं विकास' की थीम पर गणतंत्र दिवस परेड के लिए बिहार की झांकी प्रदर्शन हेतु चयनित

**गणतंत्र दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में बिहार की झांकी का गौरवशाली विषयवस्तु है इस बारःमहेश्वर हजारी मंत्री,सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग**

**स्टेट ब्यूरो चीफ/नेशनल एक्सप्रेस**

पटना(बिहार)। 14 जनवरी, 2025 को सूचना भवन के संवाद कक्ष में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को मंत्री महेश्वर हजारी ने संबोधित करते हुए 26 जनवरी, गणतंत्र दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के कर्तव्य पथ बिहार की झांकी के संदर्भ में बताया कि इस वर्ष गणतंत्र दिवस समारोह-2025 के अवसर पर झांकी के लिए निर्धारित विषय वस्तु स्वर्णिम भारत विरासत एवं विकास की थीम पर रक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा कर्तव्य पथ पर गंणतंत्र दिवस परेड के अवसर पर बिहार सरकार की झांकी को प्रदर्शन हेतु चयनित किया गया है।बिहार राज्य की झांकी में बिहार की समृद्ध ज्ञान एवं शांति की परंपरा को प्रदर्शित किया गया है।प्राचीन काल से बिहार ज्ञान,मोक्ष एवं शांति की भूमि रही है। झांकी में शांति का संदेश देते भगवान बुद्ध को प्रदर्शित किया गया है।भगवान बुद्ध की यह अलौकिक मूर्ति राजगीर स्थित घोड़ा कटोरा जलाशय में अवस्थित है,जहां प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में सैलानी आते हैं।वर्ष 2018 में स्थापित एक ही पत्थर से बनी 70 फीट की भगवान बुद्ध की इस अलौकिक एवं भव्य मूर्ति के साथ घोड़ा कटोरा झील का विकास इको टूरिज्म के क्षेत्र में बिहार सरकार का अनूठा प्रयास है।बिहार की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत अत्यन्त समृद्ध है।झांकी में प्राचीन नालन्दा महाविहार(विश्वविद्यालय) के भग्नावशेषों को भी दशार्या गया है,जो इस बात के साक्षी हैं कि चीन,जापान एवं मध्य एशिया के सुदूरवर्ती देशों से छात्र यहां ज्ञान की प्राप्ति के लिए आते थे।नालन्दा विश्वविद्यालय के भग्नावशेष प्राचीन भारत की ज्ञान परंपरा के प्रतीक हैं। इन भग्नावशेषों का संरक्षण एवं संवर्द्धन भारतीय सांस्कृति की धरोहर



को संजोने के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है।बिहार सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों से नालन्दा का प्राचीन गौरव पुर्नस्थापित हो रहा है।यह स्थल यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों की सूची में शामिल है।बिहार सरकार बिहार की सांस्कृतिक,आध्यात्मिक एवं प्राकृतिक विरासत को संरक्षित करने की दिशा में सतत प्रयत्नशील है।मूर्त सांस्कृतिक विरासत के रूप में प्राचीन नालन्दा के भग्नावशेषों सहित अन्य धरोहरों को संजोने के साथ-साथ उस क्षेत्र का समेकित विकास भी सुनिश्चित किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक संख्या में पर्यटक यहां आए एवं बिहार की विरासत से रूबरू हो सकें।

प्राचीन नालन्दा को ज्ञान केन्द्र के रूप में पुर्नस्थापित करने की दृष्टि से राजगीर में ही अन्तर्राष्ट्रीय नालन्दा विश्वविद्यालय की स्थापना की गयी है। प्राचीन नालन्दा विश्वविद्यालय की वास्तुकला पर आधारित इस आधुनिक संरचना में सारिपुत्र स्तूप, गोपुरम प्रवेश द्वार तथा पारम्परिक बरामदे की अवधारणा को दशार्या गया है।पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से निर्मित इन संरचनाओं से यह विश्वविद्यालय कार्बन न्यूट्रल तथा नेट जीरो कैम्पस के रूप में स्थापित हुआ है।नवनिर्मित नालन्दा विश्वविद्यालय का लोकार्पण माननीय मुख्यमंत्री बिहार की उपस्थिति में भारत के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा दिनांक 19.06.2024 को किया गया है।विरासत के साथ विकास की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में बिहार सरकार द्वारा नालन्दा में राजगीर खेल परिसर तथा बिहार खेल विश्वविद्यालय की भी स्थापना की गयी है।इसी वर्ष राजगीर खेल परिसर में बिहार वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन सफलता पूर्वक किया गया जिसकी राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय स्तर पर काफी सराहना की गयी।बिहार सरकार के द्वारा झांकी के माध्यम से ज्ञानभूमि नालन्दा की प्राचीन विरासत एवं उसके संरक्षण हेतु किए जा रहे राज्य सरकार के प्रयासों को दशार्ने की कोशिश की गयी है।साथ ही नालन्दा विश्वविद्यालय की स्थापना के माध्यम से बिहार को पुनःशिक्षा के मानचित्र पर वैश्विक रूप में स्थापित करने के प्रयास को दर्शाया गया है।

## ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज कबड्डी टूनार्मेंट में बिहार की बेटियों ने लहराया परचम



**स्टेट ब्यूरो चीफ/नेशनल एक्सप्रेस**

पटना(बिहार)।नई दिल्ली के त्यागराज स्पोर्टस कम्पलेक्स में आयोजित पांच दिवसीय (03.01.2025 से 08.01.2025 तक) ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज कबड्डी टूनार्मेंट में देश के अलग-अलग राज्यों से 20 टीमों ने हिस्सा लिया।जिसमें बिहार महिला टीम ने फाइनल में हिमाचल की टीम को 23-45 से पराजित कर ऑल इंडिया चैंपियनशिप में जीत हासिल किया और बिहार की बेटियों ने इतिहास रच दिया।

जीत का परचम लहराने वाली महिला टीम ने सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग में पदस्थापित रश्मि कुमारी ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर विभाग एवं राज्य का नाम रौशन किया है।

सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के निदेशक, वैभव श्रीवास्तव,अपर सचिव, संजय कृष्ण तथा संयुक्त निदेशक, रवि भूषण सहाय ने रश्मि कुमारी को बंधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## पूर्व एमएलसी परवेज अली ने किया सड़कों का शिलान्यास




**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

अमरोहा। पर्व एमएलसी परवेज ने पूर्व कैबिनेट मंत्री, लोक लेखा समिति के सभापति सदर विधायक महबूब अली की निधि से निर्मित होने वाले कांठ रोड स्थित मौहल्ला अफगानान में गऊशाला से नलकूप न. 54 तक, एवं मौहल्ला बेरियान में आमिर अब्बासी के प्लाट से फारूकी बिरादरी के कब्रिस्तान तक सी०सी० रोड व नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इन सड़को की काफी जर्जर हालत थी व पिछले काफी समय से जनता द्वारा इन को दुरूस्त कराने की मॉग उठ रही थी। श्री अली के प्रयास से अमरोहा की काफी सड़को का निर्माण होता आ रहा है। नगर के विकास के लिये सड़को का सही होना अति आवश्यक है। उक्त सड़को के निर्माण से मौहल्लेवासियो को आवागमन में सुविधा होगी। श्री अली सदैव ही जनता की सेवा के लिये तत्पर रहते है। इस मौके पर दानिश इजि०, जग्गा खाँ, जनाब फारूकी, यामीन फारूकी, आलेमीन सैफी जावेद खॉ, रिशाल खॉ, मौज्जम खा. शहजाद खॉ, अनस खॉ, आरिफ खान, हाजी फकरूलजमा खॉ, आवेश खान, असलम खान मुर्सरत खान आदि मौजूद रहे।

## फर्जी डीएसपी और पुलिस ऑफिसर बन कर करते थे लोगों से वसूली, डिफेंस वदीर्धारी समेत 7 गिरफ्तार



**नेशनल एक्सप्रेस/मनोज कुमार**

पटना(बिहार)।बिहार के किशनगंज में 7 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है।ये लोग फर्जी डीएसपी और पुलिस पदाधिकारी बनकर सड़कों पर वाहनों से अवैध वसूली करते थे।गिरफ्तार युवकों में एक युवक डिफेंस का वर्दी पहना हुआ था और अपने आप को एसएसबी का जवान बता रहा था कोचाधामन थानाध्यक्ष रंजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने सोंथा चौक के पास से सात युवकों को पुलिस का नेम प्लेट लगाकर एक कार के साथ गिरफ्तार किया गया है।पुलिस ऑफिसर बन करते थे वसूलीदरअसल सातों फर्जी पुलिस बनकर अर्टिगा कार बीआर 11बीएफ 2169 पर सवार होकर जिले के विभिन्न सड़कों पर अपने कार को खड़ाकर वाहनों को रोकता था और सिविल कपड़ा पहने युवक वाहन चालकों को डरा-धमका कर कहता था कि डीएसपी साहब गाड़ी में बैठे हुए हैं।चुपचाप लेनदेन कर लो नहीं तो डीएसपी साहब आने से मोटा फाइन के साथ वाहन को जप्त कर लेगा।वहीं सिविल ड्रेस पहने युवक अपने को पुलिस पदाधिकारी कहता था।जिसके बाद वाहन चालक डर से रुपये दे देता था।क्या बोले एसपी?पुलिस अधीक्षक सागर कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोग थाना क्षेत्र के सोंथा के पास वाहनों से अवैध वसूली कर रहे हैं।सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और आरोपियों को कार के साथ दबोच लिया।पकड़े गए युवकों में पूर्णिया का रहने वाला कौशल डिफेंस की वर्दी पहने हुए था।वह खुद को पूर्णिया एसएसबी का जवान बता रहा है।कहां के रहने वाले हैं आरोपी युवक?

किशनगंज एसपी सागर कुमार ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में संतोष कुमार मधुबनी जिले का रहने वाला है,जबकि पूर्णिया जिले का कौशल और अन्य पांच युवक अजहरुद्दीन,मनीष,सज्जाद,नौशाद और एक नाबालिक युवक है।पांचों सदर थाना क्षेत्र के अलग-अलग मोहल्ले के रहने वाले हैं।पुलिस पकड़े गए युवकों से पूछताछ कर रही है।

कोचाधामन पुलिस ने 7 युवकों को गिरफ्तार किया है।पूर्णिया का रहने वाला कौशल सड़क पर फर्जी डीएसपी का रोल अदा करता था।बाकी 6 युवक सिविल ड्रेस में थे।इनके पास से छह मोबाइल और 7 हजार 470 रुपये नगद बरामद किया गया है।ये लोग पुलिस अधिकारी बनकर सड़कों पर वाहनों से अवैध वसूली करते थे-**सागर कुमार,पुलिस अधीक्षक,किशनगंज**

## एक करोड़ 71लाख रुपए के गांजे को पुलिस ने किया नष्ट,कैमूर में नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

**स्टेट ब्यूरो चीफ/नेशनल एक्सप्रेस**



पटना(बिहार)।बिहार के कैमूर में नशा के खिलाफ एक्शन लेते हुए पुलिस ने भारी मात्रा में गांजा और सिरप को नष्ट किया है।अलग-अलग जगहों से पकड़े गए कुल 13 कांडों में जब्त 1 करोड़ 71 लाख 25 हजार के गांजा का विनष्टीकरण किया गया है।साथ ही 253.8 लिटर सिरप को भी विनष्ट किया गया है।पुलिस ने 684 किलो गांजा को नष्ट कियाशाहाबाद क्षेत्र के डीआईजी डॉ सत्य प्रकाश के नेतृत्व में पुलिस ने यह विनष्टीकरण की कार्रवाई दुर्गावती कनोड़िया सीमेंट कंपनी में की,जहां भभुआ एसडीपीओ शिव कुमार और स्थानीय थानाध्यक्ष के सहित कई पुलिस बल मौजूद रहे।कैमूर एसपी हरिमोहन शुक्ला ने प्रेस वार्ता कर बताया कि कैमूर जिला अंतर्गत एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत जिला के अलग-अलग जगहों से पकड़े गए 13 कांडों में कुल 684.6 किलोग्राम गांजा और 253.8 लिटर कफ सिरफ का विनष्टीकरण किया गया है।एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कुल 13 कांडों में जब्त मादक पदार्थ में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 684 किलो गांजा और 253 लीटर सिरप को नष्ट किया गया।

आगे भी ये कार्रवाई जारी रहेगी।यह कार्रवाई शाहाबाद क्षेत्र के डीआईजी के निर्देश पर किया गया है,जोकि सोमवार को शाहाबाद क्षेत्र के डीआईजी कैमूर पहुंचे थे,जहां पुलिस के भभुआ में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।उसके बाद उनके निर्देश पर गांजा और कफ सिरफ का विनष्टीकरण किया गया है।वहीं 684.8 किलों ग्राम गांजा की कीमत मार्केट में 1करोड़ 71 लाख 25 हजार रुपए बताया जाता है।

## जंगल में अज्ञात युवती का शव मिलने से फैली सनसनी



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

वृंदावन। मथुरा वृंदावन मार्ग स्थित वात्सल्य ग्राम के पीछे धोरेरा के जंगलों में एक अज्ञात युवती का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पाकर पहुंची इलाका पुलिस ने शव का पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

धोरेरा गांव के जंगलों में आज दोपहर ग्रामीणों ने एक महिला का शव पड़ा देखा। जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई। जंगलों में महिला का शव होने की सूचना पर विभिन्न थानों के फोर्स के साथ एसपी सिटी डॉ अरविंद कुमार वह क्षेत्राधिकार सदर संदीप कुमार सिंह भी फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड के साथ मौके पर पहुंच गई। प्रारंभिक जांच के बाद पुलिस के आला अधिकारियों ने बताया की प्रथम दृष्टया शव को देखने पर पता चल रहा है कि उसकी हत्या की गई है। महिला की गर्दन पर फंदे का निशान स्पष्ट देखा जा सकता है। महिला के पास बरामद हुए चूड़ियों के बैग से यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि शायद महिला चूड़ियां बेचने का कार्य करती होगी। महिला की तलाशी में कोई भी ऐसा सामान पुलिस को नहीं मिला है जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। महिला के कानों में एक एयरफोन भी लगा हुआ पुलिस को मिला है साथ ही महिला के पास से ही एक मोबाइल चार्जिंग केबल पुलिस को बरामद हुई है।

## धर्म संसद के ब्रजमंडल संयोजक बने आचार्य कृष्ण बलराम गोस्वामी

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

वृंदावन। नगर के सप्त देवालयों में से एक ठाकुर श्री राधा दामोदर मंदिर में श्री कृष्ण जन्मभूमि के पक्षकार दिनेश शर्मा और श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित बिहारी लाल वशिष्ठ के नेतृत्व में मंदिर के सेवायत आचार्य कृष्ण बलराम गोस्वामी को ब्रजमंडल का संयोजक नियुक्त किया गया। जिसमें प्रयागराज में होने वाली 23 जनवरी को धर्म संसद के आयोजन को भव्यता प्रदान करने के लिए ब्रजमंडल का संयोजक नियुक्त किया गया है।




वही इस मौके पर बोलते हुए आचार्य कृष्ण बलराम गोस्वामी महाराज ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण की जन्म भूमि को मुक्त करने के लिए यह धर्म संसद संतो के सानिध्य में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए जन जागृति का काम करेगी। मुगलों द्वारा हमारे धर्म स्थलों को तोड़कर जो इबादत गाह बनाई गई। उन्हें हम न्यायालय के माध्यम से अवश्य प्राप्त करेंगे।

वहीं हिंदूवादी नेता दिनेश शर्मा एवं पंडित बिहारी लाल वशिष्ठ ने कहा कि आचार्य कृष्ण बलराम गोस्वामी को ब्रजमंडल का संयोजक नियुक्त करने पर धर्म संसद में ब्रजमंडल के संतजन, धमार्चार्य, बृजवासी से जुड़कर इस आयोजन को भव्यता प्रदान करेंगे।

वही इस मौके पर राधा दामोदर मंदिर के सेवायत आचार्य करुण गोस्वामी महाराज, स्वामी ज्ञान सागर महाराज, दिव्य शक्ति अखाड़ा के महामंत्री राजेश पाठक, महानगर अध्यक्ष ठाकुर नरेश सिंह, सोनू शास्त्री, राकेश पाठक, अंशुल पाराशर, बालो पंडित आदि मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य विभाग उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को करेगा सम्मानितः मंगल पांडेय,मंत्री

**स्टेट ब्यूरो चीफ/नेशनल एक्सप्रेस**



पटना(बिहार)।स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा राज्य के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण एवं गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सेवाओं के निमित्त स्वास्थ्य प्रक्षेत्र में बिहार राज्य के बढ़ते कदम विषय पर बुधवार यानी 15 जनवरी को पटना के बापू सभागार में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।बिहार सरकार राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और स्वास्थ्य कर्मियों को प्रोत्साहित करने के लिए इस कार्यक्रम में राज्य स्तर से लेकर स्वास्थ्य उपकेंद्र स्तर तक उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित करेगा।श्री पांडेय ने कहा कि इस कार्यशाला में क्षेत्रीय प्रबंधन इकाई,जिला प्रबंधन इकाई,सदर अस्पताल,अनुमंडलीय अस्पताल और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के अधिकारी एवं कर्मचारी भाग लेंगे।स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले डॉक्टरों,पैरा-मेडिकल स्टाफ और अन्य कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके बाद एक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा।श्री पांडेय ने कहा कि राज्य के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।इस प्रकार के कार्यक्रमों से कर्मियों के मनोबल में वृद्धि होती है और उन्हें अपने कार्य के प्रति नई ऊर्जा मिलती है।

## ड्रोन की खरीददारी पर किसानों को मिलेगा भारी अनुदानःमंगल पांडेय,मंत्री

**ड्रोन के क्रय पर सरकार द्वारा 60 प्रतिशत या अधिकतम 3.65 लाख अनुदान, कृषि मंत्री ने कृषि कार्य में ड्रोन की उपयोगिता के प्रदर्शनी का किया उद्घाटन**

**नेशनल एक्सप्रेस/स्टेट ब्यूरो चीफ**

पटना(बिहार)।कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कृषि भवन परिसर में कृषि कार्य में ड्रोन की उपयोगिता के प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि सचिव संजय अग्रवाल ने की।बताते चलें कि उक्त कार्यक्रम में छःजिला पटना,सिवान,सारण,भोजपुर-,वैशाली एवं नालंदा के सैकड़ों प्रगतिशील किसान,पटना जिला के 100 से अधिक जीविका दीदियों तथा इफको के माध्यम से प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया।श्री पांडेय ने कहा कि देश में पहली बार इस प्रकार की प्रदर्शनी लगी है।विश्व आधुनिकीकरण की ओर तीव्र गति से अग्रसर है।कृषि क्षेत्र में भी नवीनतम तकनीकों का उपयोग किसानों के उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि हेतु किया जा रहा है,जिससे भारतीय कृषि में तेजी से प्रगति हुई है।राष्ट्रीय कृषि



विकास योजना अंतर्गत 2024-25 में सभी 101अनुमंडलों में एक-एक कृषि ड्रोन के क्रय पर सरकार द्वारा 60 प्रतिशत या अधिकतम 3.65 लाख अनुदान की व्यवस्था की गई है।योजना अंतर्गत निर्धारित छिड़काव शुल्क का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 240 प्रति एकड़ सहायता अनुदान दी जाएगी।श्री पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना से ये योजना सामने आई और सीएम नीतीश कुमार के मार्गदर्शन से इसे जमीन पर उतारा गया है।किसानों के बीच ड्रोन तकनीक तेजी से लोकप्रिय हो रहा है।कीटनाशकों के अनुप्रयोग में ड्रोन का उपयोग करने की असीम संभावनाएं हैं,ड्रोन से फसलों पर सटीक मात्रा में पौधा संरक्षण रसायनों एवं उर्वरको का छिड़काव किया जा सकता है।केंद्र सरकार द्वारा नमो ड्रोन दीदी योजना अंतर्गत जीविका के महिला समूहों को 201ड्रोन वितरण की योजना है।केंद्र सरकार ने महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए नमो ड्रोन दीदी योजना के लिए 1261करोड़ की मंजूरी दी है।श्री पांडेय ने कहा कि ड्रोन तकनीक पारंपरिक खेती के तरीकों को बदलकर किसानों को निरंतर स्मार्ट खेती की ओर ले जा रही है।नवीनतम तकनीक से भारतीय कृषि में तेजी से प्रगति हुई और किसानों द्वारा प्रौद्योगिकियों से लाभ हुआ।इस तकनीक से मिट्टी और कृषि योग्य भूमि का विश्लेषण किया जा सकता है।निरंतर फसलों की निगरानी की जा सकती है।ड्रोन के जरिए इंसान को कम मेहनत लगेगी।डेटा एकत्र करने और कृषि उत्पादों के प्रयोग में ड्रोन की मदद से नए सेवा मॉडल विकसित किए जा सकते हैं।अब महिलाएं भी ड्रोन पायलट का प्रशिक्षण प्राप्त कर योगदान दे रही हैं।कार्यक्रम में विधायक देवेशकांत सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा किसानों के बीच ड्रोन का व्यापक प्रचार एवं उपयोग हेतु कई योजनाएं संचालित की जा रही है।कृषि सचिव संजय अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत पोपुलराइजेसन ऑफ एरियल स्प्रे ऑफ पेस्टीसाइड एण्ड लिक्विड फर्टिलाइजर बाई ड्रोन इन पीपीपी मोड योजना अंतर्गत वर्ष 2024-25 में राज्य के सभी 101अनुमंडलों में एक-एक कृषि ड्रोन की व्यवस्था अनुदानित दर पर किया जाएगा। इफको के उप महाप्रबंधक रजनीश पाण्डेय ने भी संबोधित किया।इस कार्यक्रम में विधायक देवेशकांत सिंह,कृषि सचिव संजय अग्रवाल,विशेष सचिव विरेंद्र यादव, डॉ आलोक रंजन घोष,नीतीन कुमार सिंह,अमिताभ सिंह एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# प्रयाग का प्रयोग, सब को जोड़ने और सब से जुड़ने का

# मकर संक्रांति जीवन में सामंजस्य और संतुलन का पर्व

## महाकुम्भः मानवता का महापर्वः स्वामी चिदानन्द मुनि

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



प्रयाग राज कुंभ के महत्व पर बोलते हुए परमार्थ निकेतन के प्रमुख स्वामी चिदानंद मुनि ने कहा कि मकर संक्रांति का पर्व, वसंत ऋतु की शुरूआत का प्रतीक है, महाकुम्भ 2025 के पावन अवसर पर प्रयागराज के पवित्र संगम की धरती पर पूज्य स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी, पूज्य साध्वी भगवती सरस्वती जी और प्रसिद्ध कथाकार जया किशोरी जी के पावन सान्निध्य में विश्व की धरती से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने संगम के पवित्र जल में डुबकी लगाकर धन्यता का अनुभव किया। स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि मकर संक्राति, जीवन में सामंजस्य और संतुलन स्थापित करने का पर्व है। मकर संक्रांति एक ऐसा पर्व है, जो हमें हमारे जीवन के उद्देश्य को समझने और उसे संतुलित तरीके से जीने का अवसर देता है। यह समय है आत्मनिरीक्षण का और भीतर और बाहरी दुनिया में एकता और शांति स्थापित करने का है।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा है कि महाकुम्भ केवल एक विशाल मिलन का अवसर नहीं है, बल्कि यह एक व्यक्तिगत अनुभव है, जो हमारे हृदय और मन की शुद्धि के लिए है। जैसे हम पवित्र नदियों में स्नान कर अपने शरीर को शुद्ध करते हैं, वैसे ही हमें अपने विचारों और कर्मों को शुद्ध करना होगा।

स्वामी जी ने कहा कि मकर संक्रांति के दिन सूर्य का उत्तरायण होना प्रकृति के बदलाव का प्रतीक है, जो अंधकार से प्रकाश की ओर, अज्ञानता से ज्ञान की ओर और बुराई से अच्छाई की ओर मार्गदर्शन करता है। सूर्य का उत्तरायण होना हमारे जीवन के हर पहलू में संतुलन लाने का प्रतीक है। यह समय है अपने कार्यों और विचारों में संतुलन स्थापित करने का, ताकि हम आत्मिक और सामाजिक दृष्टि से प्रगति कर सकें।

इस अवसर पर साध्वी भगवती सरस्वती जी ने कहा कि कुम्भ मेला, वास्तव में एक स्वर्णिम अवसर है, जो हमें अपने भीतर की दिव्यता की पहचान कराता है और मानवता के सर्वोत्तम मूल्य को अपनाने का संदेश देता है। यह भावनाओं और आस्थाओं का महोत्सव है। कुम्भ मेला हमें यह सिखाता है कि जीवन को जितना हम अपनी आस्था से पवित्र करेंगे, उतना ही हमारा जीवन उज्जवल और शांति से भरा होगा।

कथाकार जया किशोरी जी ने कहा कि मकर संक्रांति का पर्व न केवल प्रकृति के परिवर्तन का प्रतीक है, बल्कि यह हमारे जीवन में संतुलन, शांति और प्रेम की दिशा में एक मार्गदर्शक है। जीवन में हर बदलाव के साथ, हमें अपने आप को नए तरीके से ढालने की आवश्यकता होती है। सूर्य का उत्तरायण जीवन के हर क्षेत्र में सकारात्मकता और ऊर्जा का संचार करता है, और यह हमें अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। मकर संक्रांति के इस पावन अवसर पर, हम सभी को अपने जीवन में सामंजस्य और संतुलन बनाए रखने का संकल्प लेना होगा ताकि हम जीवन को बेहतर बना सकें।

इस महापर्व के दौरान प्राप्त आध्यात्मिक ऊर्जा और शांति को हम अपने जीवन में कार्यान्वित करें, और इस संकल्प के साथ आगे बढ़ें कि हम सभी एक दूसरे से प्रेम और सहयोग करेंगे।

देशी-विदेशों श्रद्धालु पूज्य स्वामी जी और पूज्य साध्वी जी के पावन सान्निध्य में संगम स्नान कर आज के इस विशेष दिन पर हुये गद्गद।





सनातन गर्व महाकुम्भ पर्व के पावन शुभारंभ अवसर एवं पौष पूर्णिमा व मकर संक्रांति की मध्य रात्रि में पुण्य सलिला भगवती मां गंगा, यमुना एवं अदृश्य सरस्वती की पवित्र त्रिवेणी संगम में सपरिवार आस्था एवं पुण्य की डुबकी लगाई। वहीं समस्त प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना की।
महाकुंभ अध्यात्म, आस्था एवं आधुनिकता का संगम है।
आप भी महाकुंभ में आइए और अक्षय पुण्य कमाइये

## राहुल गांधी के बिहार आगमन से बढ़ेगी ताकत,नए साल में बीजेपी-नीतीश को उखाड़ फेंकेंगेःडॉ अखिलेश प्रसाद सिंह



**नेशनल एक्सप्रेस/स्टेट ब्यूरो चीफ**

पटना(बिहार)।बिहार कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं देश के विपक्ष के नेता राहुल गांधी के 18 जनवरी को पटना आगमन पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित सभा को संबोधित करेंगे।जिसमें प्रदेश कांग्रेस के मुख्य सभागार के नवीनीकरण और उसके नामकरण राजीव सभागार और कांग्रेस कार्यालय के कर्मचारियों के लिए बने नवनिर्मित भवन जिसका नाम इंदिरा भवन रखा गया है,उसका उद्घाटन भी करेंगे।

नए साल में राहुल गांधी के बिहार आगमन से बीजेपी और नीतीश कुमार को उखाड़ फेंकने का काम भी कांग्रेस पार्टी करेगी।राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के आगमन से बिहार कांग्रेस के कार्यकताओं में नई स्फूर्ति आएगी।जिससे एक एक कार्यकर्ता जुटकर सूबे में नई सरकार के गठन को प्रतिबद्ध हैं।प्रदेश कांग्रेस कार्यालय सदाकत आश्रम के प्रांगण में मौजूद मैदान में भव्य सभा आयोजित होगा,जिसमें हमारे नेता राहुल गांधी उपस्थित जनसमूह और कांग्रेसजन को संबोधित करेंगे।

संवाददाता सम्मेलन में विधानमंडल दल के नेता डॉ शकील अहमद खान ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत जोड़ो यात्रा में भी पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने बिहार में विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ वार्ता की पहल की थी और उसी के तहत नए साल में नए जोश के साथ सभी से वार्ता करेंगे।यह संवाद कार्यक्रम पटना के बापू सभागार में विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ संविधान और सामाजिक समरसता पर चर्चा आयोजित होगी जिसके बाद प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## आज का राशिफल



ज्योतिर्विद
डॉ. श्याम सुंदर पाठक 'अनन्त'
Mob:-9760800271

**मेष :** आपका आज का दिन लाभदायक रहेगा। आय में वृद्धि का योग है। कार्यक्षेत्र में भी आज का दिन उल्लेखनीय रहेगा।मन जरूर परेशान हो सकता है किन्तु चीजों को पटरी पर लाने का प्रयास सफल रहेगा। पढ़ाई में भी सुधार होगा। ठण्ड सेजुकाम व बुखार सम्भव है।

**वृषभ :** आज का दिन आपके लिए शुभ साबित होगा। आय में वृद्धि होगी। आज कोई भी नया कार्य प्रारम्भ करना भविष्य की दृष्टि से उत्तम रहेगा। पढ़ाई भी अच्छी रहेगी। परीक्षा परिणाम सुखद रहेगा। स्वास्थ्य भी उत्तम रहेगा।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए मध्यम शुभ है। पढ़ाई में सुधार होगा। स्वास्थ्य पर फोकस करेंगे और सुधार भी होगा। फालतू खर्च हो सकता है। गले में दर्द सम्भव है। अपने खर्चों पर लगाम लगाने की आवश्यकता है।

**कर्क :** आज आपका दिन अच्छारहेगा। मन में कई दिनों की अशान्ति का शमन होगा और आत्म- विश्वास व उत्साह में वृद्धि होगी। परीक्षा परिणाम सुखद रहेगा। स्वास्थ्य में भी सुधार होगा। आज आपको सुखद समाचार प्राप्त होगा।

**सिंह :** आज का दिन मिश्रित फलदाई रहेगा। परीक्षा परिणाम सकारात्मक रहेगा किन्तु आशा से कम ही रहेगा। स्वास्थ्य में थोड़ा दिक्कत महसूस करेंगे। आज क्रोध, जिद्द व बहस से बचें, वरना नुकसान हो सकता है। फालतू खर्च हो सकता है।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा। गले व सिर मेंदर्द में सुधार होगा। परीक्षा परिणाम सकारात्मक रहेगा। आर्थिक हानि या अपव्यय हो सकता है। भाग्य में वृद्धि होगी। खुशखबरी मिलेगी।

**तुला :**आज का दिन आपके लिएविशेष शुभ है। मन में उत्साह, उमंग व प्रसन्न महसूस करेंगे। कोईनयाप्रोजेक्ट शुरू करने हेतु आज का दिन अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य में उत्तरोत्तर सुधार होगा। पढ़ाई में भी सुधार होगा। परीक्षा परिणाम बेहद शुभ रहेगा।

**वृश्चिक :** आज का दिनआपके लिए खुशियों और राहत से भरा है। आर्थिक लाभ का योग है। आय के नवीन स्रोत बनेंगे। रुका हुआ धन वापिस आएगा। स्वास्थ्य में भी सुधार महसूस करेंगे। आज बहस व क्रोध से बचें। परीक्षा परिणाम सुखद रहेगा।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए कठिनाईयों भरा है। पढ़ाई व व्यवसाय दोनों में आज आपको संघर्ष करना पड़ेगा। परीक्षा परिणाम सकारात्मक नहीं रहेगा। स्वास्थ्य पर फोकस कीजिए क्योंकि लापरवाही भारी पड़ सकती है। गले में दर्द व बुखार सम्भव है।

**मकर :**आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा। पढ़ाई व व्यवसाय दोनों में आज सकारात्मक फल मिलेगा। येभाग्योदयका समय चल रहा है इसलिए अभी की गई मेहनत भविष्य में अच्छा परिणाम देगी। फालतू खर्च सम्भव है। स्वास्थ्य में गिरावट महसूस करेंगे।

**कुंभ :**आज का दिन आपके लिए तनाव भरा वसंघर्षपूर्ण है। नाआज कोई नया कार्य शुरू करें और ना ही आजनिवेश करें। परिश्रम व भागदौड अधिक रहेगी। परीक्षा परिणाम बहुत सुखद नहीं रहेगा लेकिन सरकारी नौकरी के लिहाज से आज उत्तम परिणाम प्राप्त हो सकता है।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए उल्लेखनीयरहेगा। आर्थिक लाभ का योग है। आय के नवीव स्रोत बनेंगे। परीक्षा परिणाम सुखद रहेगा। स्वास्थ्य में भी सुधार होगा। विद्यार्जन में विशेष लाभ रहेगा। किसी पुराने मित्र से सुखद मुलाकात सम्भव है।

## राष्ट्र हित मैं विवेकानंद जी के विचारों को आत्म सात करें युवा

**कैलाश मित्तल**



उट राइज स्कूल जौरा में प्रमुख समाज सेवी भाजपा के वरिष्ठ नेता एवॅ म.प्र. अग्रवाल महासभा के निर्विरोध निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मित्तल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित विवेकानंद जी की162 वीं जयंती को युवा दिवस के रूप में योग एवॅ सूर्यनमस्कार कर भव्यता के साथ समारोह पूर्वक मनाया गया, मुख्य अतिथि कैलाश मित्तल ने सभी बच्चों एवॅ विद्यालय के प्राचार्य श्री इठ त्यागी जी एवॅ उप प्राचार्य श्री उपाध्याय तथा सभी उपस्थित शिक्षा विदों के साथ योग एवॅ सूर्य नमस्कार किया,
मुख्य अतिथि श्री मित्तल ने विवेकानंद जी के 39 वर्ष के अल्प जीवन की विराट उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए सभी को संबोधित कर कहा कि ,हम सभी को विवेकानंद जी के जीवन व उनके विचारों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र एवॅ समाज हित मैं लक्ष्य के साथ आगे बढ़ेंगे तो हम निश्चित रूप से सभी बाधाओं को पार कर अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देकर लोगों के जीवन में खुशियाली ला सकेंगे

## बीएसडी एकेडमी के मेधावियों ने उत्तर प्रदेश सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में लहराया परचम

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



अमरोहा। उत्तर प्रदेश सैनिक स्कूल लखनऊ व गोरखपुर ने प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित किया। जिसमें बी०एस०डी० एकेडमी धनौरा के मेधावी बच्चों ने कक्षा- एक में प्रवेश के लिए बच्चों 6 के बच्चों को चयनित किया गया। स्कूल बच्चों के अभिभावकों में सीतिहर 18 अभयेर जयदेव, आदित्य, कार्तिक, चयनित विद्यार्थियों में सारांश, हर्ष, रक्षित शमी, मनिक, अक्षत गुप्ता, हसन खान, अक्षित, दक्ष, अर्पण, विमल, लक्ष्य, अभिमन्यु, कपिल, यश, चैतन्य, मनिकुमार, अनुजर, साहिब रजा, नमनदीप, साकिब मनप्रीत, हर्षदीप, अति, रिया आदि का चयन हुआ। प्रबंधक नितिन धारीवाल ने एवं निर्देशिका श्रीमति सुशीला देवी ने बच्चों को फूल माला पहनाकर उनका स्वागत व उत्साहवर्धन किया। श्री धारीवाल ने बताया कि गतवर्ष सप्त 2024-25 के लिए 18 बच्चों का चयन हुआ था। इस बार सत्र 2025-26 के लिए यू०पी० सैनिक स्कूल में कुल 20 बच्चों का चयन हुआ है। इस अवसर पर समस्त स्टाफ में रोनक अलुना, राहुलपाल सोनिया, कपिल, तेजपाल विश्वकर्मा, विकास कुमार, मिंकू, संचित हर्षित पाररूल, नितिन, प्रत्यूष, अजय मुनाजिर रवि कौशिक, तुषार, नीतू. मोनिका, काजल, अमन द्वीप, लविता, ललिता, निकिता आदि मौजूद रहे।

## मकर संक्रांति उदारता,दान और धर्म परायणता का पर्व : डॉ .दिलीप जायसवाल,मंत्री

**नेशनल एक्सप्रेस/मृत्युंजय कुमार सिंह**



पटना(बिहार)।भाजपा प्रदेश कार्यालय परिसर में मकर संक्रांति के पावन पर्व के मौके पर आज किसान मोर्चा के तत्वाधान में कार्यकर्ता मिलन समारोह सह दही चूड़ा भोज का आयोजन किया गया है।इस भोज में प्रदेश के वरिष्ठ नेता से लेकर तमाम जिलों के कार्यकताओं ने हिस्सा लिया।इस भोज में एनडीए में शामिल घटक दलों के भी नेता शामिल हुए।कार्यक्रम की शुरूआत प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ.दिलीप जायसवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया।इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष डॉ.जायसवाल ने कहा कि मकर संक्रांति उदारता,दान और धर्म परायणता का पर्व है।उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति हिंदू धर्म में बेहद ही खास,शुभ और महत्वपूर्ण पर्व है।जब सूर्य मकर राशि में प्रवेश करते हैं,तब मकर संक्रांति का त्योहार मनाया जाता है।उन्होंने कहा कि भारत जैसे कृषि आधारित समाज के लिए ये नई फसलों की शुरूआत का उत्सव है।इस दिन से दिन बड़े और रातें छोटी होने लगती हैं,जो जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार का भी प्रतीक है।उन्होंने इस मौके पर प्रदेश और देशवासियों को बधाई और शुभकामना देते हुए कहा कि यह पर्व सभी के जीवन में मिठास घोले,यही कामना है।भगवान सूर्यदेव सभी को आरोग्यता और समृद्धि प्रदान करे।प्रदेश कार्यालय परिसर में आयोजित इस दही चूड़ा के भोज को लेकर कार्यकर्ता भी उत्साहित दिखे।इस दही चूड़ा भोज में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ.दिलीप जायसवाल के अलावा उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी,विजय कुमार सिन्हा,विधानसभा अध्यक्ष नन्दकिशोर यादव,जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा,मंत्री मंगल पांडेय,प्रेमकुमार,नंदकिशोरयादव,अवधेश नारायण सिंह,नितिन नवीन,नीरज सिंह बबलु,हरि सहनी,विधायक संजय सरावगी उपस्थित रहे।इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने कहा कि मकर संक्रांति भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.दिलीप जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित की गई।इस आयोजन को विशेष बताते हुए कहा कि आज से शुभ दिनों की शुरूआत हो गई है और कार्यकर्ता उत्साहित होकर यहां से निकले हैं।इस साल विधानसभा चुनाव भी होने वाला है।

## मॉल में स्थित स्पा सेन्टर में चल रही थी अवैध गतिविधियां,5 महिलाओं सहित 8 गिरफ्तार

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**



जयपुर/चूरू।चूरू थाना कोतवाली इलाके में स्थित एक मॉल में संचालित स्पा सेंटर पर अवैध गतिविधियां होने की सूचना पर कालीका पेट्रोलिंग टीम ने थाना पुलिस के सहयोग से दबिश देकर संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त 5 महिलाओं सहित 8 जनों को गिरफ्तार किया है।एसपी जय यादव ने बताया कि अवैध कार्यो के खिलाफ चूरू पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को चूरू कस्बे में स्थित मॉल के अन्दर संचालित रॉयल नाम के स्पा सेन्टर के अवैध गतिविधियों के संचालन की सूचना मिलने पर तस्दीक की गई।पुष्टि होने के बाद एएसपी एसआईयूसीएडब्लू कृष्णा सामरिया के नेतृत्व मे कालिका पैट्रोलिग टीम तथा थाना कोतवाली की टीम द्वारा चैक किया गया,जहां सेन्टर में पांच महिला एवं तीन पुरुष संदिग्ध हालत में मिले।इस पर संदिग्ध पुजा गोयल पुत्री सतीश निवासी टोहाना,हिना पुत्री अरवर शेख(28)-निवासी अंधेरी मुम्बई,सोनू नायक पुत्री रामकुमार(23)निवासी मक्कासर,माही पुत्री बाबु राम(25) व अमन पुत्री हरीराम(24)निवासी लुधियाना पंजाब व सतार खां पुत्र जी के खान निवासी पुरानी आबादी श्रीगंगानगर,सुमीत जांगिड़ पुत्र हरीरराम(35)निवासी वार्ड 15 रतन नगर एवं आमीन पुत्र मकबुल(30) निवासी वार्ड 19 चूरू को गिरफतार किया गया। कालिका पैट्रोलिग टीम द्वारा अवैध कार्यो व संदिग्ध गतिविधियों के खिलाफ लगातार कार्यवाही जारी है।

# करौली पुलिस ने की बैंक में लूट की वारदात का तीन दिनों में पदार्फाश

## दोनों आरोपी गिरफ्तार, बैंक कर्मियों व ग्राहकों को हथियार का डर दिखा मंकी कैप पहन की थी 10.75 लाख की लूट

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**



जयपुर/करौली।करौली में हिंडौन सिटी क्षेत्र के रीको इंडस्ट्रीज एरिया में स्थित पंजाब नेशनल बैंक में 3 दिन पहले शाम करीब 4:00 बजे बैंक कर्मियों एवं ग्राहकों को हथियार का डर दिखाकर 10.75 लाख रुपए की लूट के मामले का पुलिस ने मात्र तीन दिनों में खुलासा कर घटना के दोनों आरोपियों ओमप्रकाश गुर्जर पुत्र सुबुद्वी (33)निवासी कामर पहाडी थाना महुआ जिला दौसा व विष्णु कोली पुत्र पप्पू(21) निवासी धौलेटा थाना नादौती जिला करौली को गिरफ्तार कर लिया है।एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि 10 जनवरी की शाम करीब 4:00 बजे मंकी कैप पहने दो अज्ञात बदमाश हिंडौन सिटी स्थित पंजाब नेशनल बैंक पहुंचे।जहां बैंक कर्मियों और मौजूद ग्राहकों को हथियार दिखा जान से मारने की धमकी देकर 10.75 लाख पिट्ठू बैग में डालकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही संपूर्ण करौली जिले सहित दौसा, भरतपुर एवं धौलपुर जिलों में नाकाबंदी करवाई गई।

आईजी रेंज राहुल प्रकाश एवं एसपी उपाध्याय के निर्देश पर एएसपी सत्येन्द्र पाल सिंह के मार्गदर्शन एवं सीओ गिरधर सिंह के नेतृत्व में थाना नई मण्डी हिण्डौन सिटी सहित कुल 08 विशेष दलों का गठन कर अज्ञात मुल्जिमों की तलाश प्रारंभ की गई।इस दौरान पुलिस ने घटनास्थल से प्राप्त सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों के भागने का रूट मैप तैयार कर करौली एवं पड़ोसी जिलों के करीब 550 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक कर उनका विश्लेषण किया।फुटेज में नजर आये दो अज्ञात नकाबपोश व सन्दिग्ध बाईक के फोटो-वीडियो सोशल मीडिया एवं मुखबिरों को शेयर कर तलाश का दायरा बढ़ाया।सीसीटीवी फुटेज में आये वीडियो से एआई का उपयोग कर आरोपियों के चेहरो के फोटोग्राफ को डवलप किया गया।जेलों से आसूचना संकलन की गई।दोनों आरापियों द्वारा मंकी कैप, मफलर तथा शॉल का उपयोग किया था तो इनकी पहचान में चुनौतियों का सामना करना पड़ा।इसके लिए साईबर सैल से तकनीकी सहयोग प्राप्त कर डेटा का विश्लेषण किया गया।सीसीटीवी फुटेज विश्लेषण के आधार पर दोनों आरोपियों के बिना नम्बरी बाईक से शहदगीपुरा से गॉव औण्ड जाने तक की जानकारी मिली। इससे आगे के सभी गांव के सभी संदिग्धों के बारे में जानकारी प्राप्त कर करीब 200 संदिग्धों के फोटो व वीडियो प्राप्त कर सीसीटीवी फुटेज से मिलान किया गया।

इसी दौरान थाना नई मंडी के हैड कानिस्टेबल रविन्द्र सिंह व कांस्टेबल जोगेन्द्र सिंह को मुखबिर से बैंक लूट के मुख्य आरोपी ओमप्रकाश गुर्जर के बारे में सूचना मिलने पर उसे पुख्ता कर कई बार आरोपी के घर पुलिस ने दबिश दी,लेकिन आरोपी घर मे मौजूद नही मिला।रैकी व तलाश के दौरान दोनो पुलिस कर्मियों को मुखबिर से आरोपी ओमप्रकाश के पहाड़ी क्षेत्र के जंगलों में छुपा होने की सूचना मिलने पर दस्तयाब किया गया।जिसने लूट की वारदात में विष्णु कोली का साथ होना बताया।इस पर एसएचओ महावीरजी कैलाश चन्द मय जाप्ता द्वारा थाना नादौती के सहयोग से दूसरे आरोपी विष्णु कोली को धौलेटा गांव से दस्तयाब किया गया।

पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया,जिनसे गहनता से अनुसंधान जारी हैं।लूट की रकम की बरामदगी के लिए पूछताछ की जा रही हैं।मुख्य आरोपी ओमप्रकाश गुर्जर द्वारा साल 2021 में भी मासलपुर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में लूट की वारदात की थी।

## खबरें फटाफट

### समय पर इलाज न मिलने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत



सरसौल _ महाराजपुर थाना क्षेत्र के सुनहैला गांव में मंगलवार को राष्ट्रीय पक्षी मोर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मोर के पंख के नीचे जख्म मिले हैं.स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी लेकिन वन विभाग की टीम राष्ट्रीय पक्षी मोर को देखने तक नहीं पहुंची वहीं मोर की कुछ ही घंटों बाद मौत हो गई. वहीं मौत के कारणों की पड़ताल नहीं हो सकी लोगों ने नाराजगी जतायी कि पशु चिकित्सक व वन विभाग की टीम जल्दी आ जाती तो शायद मोर को बचाया जा सकता था। घायल मोर को देख तत्काल इलाज के लिए स्थानीय पशु चिकित्सालय में संपर्क किया लेकिन कोई नहीं आया.लोगों ने वन कर्मियों को भी इसकी सूचना दी.काफी देर बाद भी वन विभाग की रेस्क्यू टीम मौके पर नहीं पहुंची.वहीं जानकारी होने के बाद भी किसी ने राष्ट्रीय पक्षी मोर को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार करवाना नहीं समझा वन कर्मी कृष्ण कुमार ने बताया कि तबियत खराब होने के चलते हम जा नहीं पाए जानकारी नहीं हैं।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने लगाई फांसी

सरसौल _ थाना महाराजपुर क्षेत्र में एक (25) वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। वहीं घटना से परिजनों में कोहराम मच गया. सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार महाराजपुर थाना क्षेत्र के कस्बा महाराजपुर निवासी हसन उर्फ रोली पुत्र रहीस (25) वर्षीय बीती रात कमरे में मोफलर के सहारे फांसी के फंदे पर लटक कर सुसाइड कर लिया. युवक की मौत की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया. परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है.घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों का मजमा लग गया. सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामला संदिग्ध देख जांच पड़ताल में जुट गई। वहीं महाराजपुर थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथमदृष्टया मामला आत्महत्या का बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### आईआईटी में 17 जनवरी से आयोजित होगा 13वां वार्षिक उद्यमशीलता शिखर सम्मेलन

कानपुर, । आईआईटी कानपुर 17 से 19 जनवरी तक अपना 13वां वार्षिक उद्यमशीलता शिखर सम्मेलन का आयोजन करने जा रहा है। यह समिट रिफ्लेक्शन ऑफ रिज़ल्यिन्स पर आधारित होगा। जो चुनौतियों की परिवर्तनकारी शक्ति का पता लगाएगा। यह दिखाएगा कि कैसे रिज़ल्यिन्स नवाचार और विकास के लिए एक प्रेरक शक्ति के रूप में कार्य करता है। यह जानकारी मंगलवार को आईआईटी की मीडिया प्रभारी रूचा खेडकर ने दी।

### फ्लैट दिलाने के नाम पर दो लोगों ने एक महिला से 15 लाख रुपये ठगी




कानपुर के गांधी नगर सीसामऊ में फ्लैट दिलाने के नाम पर दो लोगों ने एक महिला से 15 लाख रुपये एडंवास के रुप में ले लिए। इसके बाद भी फ्लैट न मिलने पर जब महिला ने रुपये मांगे तो उन्हें फर्जी चेक थमा दी गई। पीड़िता ने सीसामऊ थाने में दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

रेलबाजार के शांति नगर निवासिनी स्वाती त्रिपाठी के अनुसार उन्हें रहने के लिए एक घर की जरुरत थी। उन्हें जानकारी हुई कि गांधी नगर दुर्गा देवी रोड पर रिजवान और वैभव मल्होत्रा फ्लैट बना रहे है। इस पर वह अपने पति के साथ गई और दोनों लोगों से फ्लैट के बारे में बात की। दोनों लोगों ने फ्लैट की 56 लाख रुपये बताई और उनसे बुकिंग के नाम पर 15 लाख रुपये की मांग की। जिस पर उन्होंने एडवांस के रुप में रुपये दे दिए।

जब इस वात का विरोध किया गया तो आरोपियों ने उन्हें व उनके पति को धमकाना शुरू कर दिया। सीसामऊ थाना प्रभारी हिमांशु चौधरी ने बताया कि महिला स्वाती त्रिपाठी की तहरीर पर बिल्डर और उसके साथी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है।

### सीएसए के छात्र को मिला नौ लाख रुपये का पैकेज, कुलपति ने दी बधाई



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। सीएसए में आयोजित हुए कैंपस प्लेसमेंट में छात्र अस्मित पटेल का चयन नौ लाख रुपये के पैकेज पर हुआ है। मंगलवार को सेवायोजन निदेशक डॉ. विनय कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वविद्यालय के तैतीस छात्र-छात्राओं का एस्कॉर्ट कुबोटा लिमिटेड कंपनी ने ऑनलाइन टेस्ट लेने के बाद नौकरी का ये ऑफर अस्मित को दिया है। छात्र के उत्कर्ष प्रदर्शन के बाद कुलपति आनंद कुमार सिंह ने उन्हें बधाई दी। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी वि श्व वि द्या ल य (सीएसए) के छात्र अस्मित पटेल को नौ लाख रुपये का पैकेज मिला है। सेवायोजन निदेशक डॉ विनय कुमार यादव ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि यह विश्वविद्यालय के लिए काफी गर्व की बात है। आओ बताया कि एस्कॉर्ट कुबोटा लिमिटेड कंपनी ने 33 छात्र-छात्राओं का ऑनलाइन टेस्ट लिया था। इसमें नौ छात्र-छात्राओं की लिस्ट बनाई गई इसके बाद उनमें छटनी करते हुए पांच छात्र-छात्राओं का पर्सनल इंटरव्यू राउंड के लिए चयन किया गया जिसमें अस्मित पटेल का चयन हुआ है।

# कानपुर मेट्रो ट्रायल रन को हरी झंडी दिखा सकते है सीएम योगी आदित्यनाथ का समय मांगा

नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह



कानपुर नगर मेट्रो ट्रायल रन के लिए पूरी तरह तैयार हो चुकी है। ट्रायल रन को हरी झंडी दिखाने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ का समय मांगा गया है। कार्यक्रम का समय मिलते ही मोतीझील से कानपुर सेंट्रल तक मेट्रो टेस्ट रन पूरा करेगी। एक महीने ट्रायल रन के बाद यात्रियों के लिए अंडरग्राउंड सेक्शन पर भी मेट्रो के द्वार खोल दिए जाएंगे।

मेट्रो अधिकारियों के मुताबिक टेस्ट रन अप और डाउनलाइन दोनों पर ही सफलतापूर्वक किया जा चुका है। आईआईटी से मोतीझील तक 9 किमी प्रायोरिटी सेक्शन पर ट्रायल रन को मुख्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाई थी। इस बार भी उनका समय मांगा गया है। अंडरग्राउंड सेक्शन में मेट्रो ट्रेन शुरू होने के बाद लोग नवीन मार्केट, बड़ा चौराहा और नयागंज बिना जाम में फंसे आसानी से पहुंच सकेंगे। मोतीझील से कानपुर सेंट्रल के बीच पड़ने वाले सभी 5 स्टेशन; चुन्नीगंज, नवीन मार्केट, बड़ा चौराहा, नयागंज और कानपुर सेंट्रल अंडरग्राउंड हैं। आईआईटी से मोतीझील के बीच मेट्रो सेवा पहले की भांति 5-6 मिनट में मिलती रहेगी। लेकिन अंडरग्राउंड में मेट्रो सेवा 10-12 मिनट में मिलेगी।

आईआईटी से कानपुर सेंट्रल तक मेट्रो ट्रेन का संचालन शुरू होने से शहर के अंदर सार्वजनिक यातायात को सुदृढ़ करने और ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलाने में काफी मदद मिलेगी।

बता दें कि नयागंज अंडरग्राउंड स्टेशन तक डाउनलाइन में ट्रैक, थर्ड रेल सिस्टम, सिग्नल आदि इंस्टॉल करने का काम पूरा होने के बाद मेट्रो ट्रैक के समानांतर लगाए गए थर्ड रेल को भी चार्ज किया जा चुका है। करंट की सप्लाई चालू भी पूरी तरह चालू है। 750 वोल्ट डीसी करंट पर मेट्रो दौड़ेगी। कानपुर मेट्रो ट्रेनें परिचालन के लिए पारंपरिक तौर पर प्रयोग होने वाली ओएचई (ओवर हेड इक्युपमेंट) प्रणाली की जगह पर ट्रैक के समानांतर बिछी हुई थर्ड रेल का प्रयोग करती हैं।

कानपुर मेट्रो ट्रेन के टेस्ट रन के दौरान ट्रेन को ऑटोमेटिक ट्रेन प्रोटेक्शन (एटीपी) मोड पर चलकर सिग्नलिंग, ट्रैक, पावर सप्लाई आदि विभिन्न इंटरफेसों को परखा जा चुका है।

## कानपुर से प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुरवामीर के पास शुलभ शौचालय और विश्राम गृह का किया निर्माण

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



प्रयागराज महाकुंभ 2025 की तैयारियों को लेकर एनएचएआई ने बड़ी पहल की है। कानपुर से प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुरवामीर के पास शुलभ शौचालय और विश्राम गृह का निर्माण किया गया है। एनएचएआई के महाप्रबंधक अमन रोहला ने इन सुविधाओं का उद्घाटन करते हुए बताया कि महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं।

आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए हाइवे पर पेट्रोलिंग वाहन और एम्बुलेंस की सेवाएं 24 घंटे उपलब्ध रहेंगी, जिससे जरूरतमंद श्रद्धालुओं को तुरंत चिकित्सा सहायता मिल सके। महाप्रबंधक ने अधिकारियों को यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के निर्देश दिए हैं। विशेष रूप से होटल, ढाबों और वाहन मरम्मत की दुकानों के सामने अवैध पार्किंग पर रोक लगाने के आदेश दिए गए हैं।

प्रशासन महाकुंभ 2025 की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर पूरी तरह सतर्क है। कार्यक्रम में प्रोजेक्ट मैनेजर देवेंद्र पाल, एस के सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इन सुविधाओं से देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी और उनकी यात्रा सुगम होगी।

## कानपुर देहात अकबरपुर माती रोड ब्रहमा हॉस्पिटल में मकर संक्रांति के अवसर पर विशाल खिचड़ी वितरण



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

कानपुर। कानपुर देहात अकबरपुर के माती रोड के समीप स्थित ब्रह्मा हॉस्पिटल में मकर संक्रांति के उसे उपलक्ष में विशाल खिचड़ी वितरण किया गया।खिचड़ी वितरण, क्षेत्रवासियों ने जताई खुशी हॉस्पिटल संचालक अंशुमान गौतम ने इस अवसर पर कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें समाज की सेवा करने का मौका मिला। खिचड़ी को गरमागरम रायता और अचार के साथ वितरण किया गया, जिससे उपस्थित लोगों को सर्द मौसम में स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित व्यक्ति मौजूद रहे। और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। प्रदान किया। हॉस्पिटल संचालक अंशुमान गौतम ने इस अवसर पर कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें समाज की सेवा करने का मौका मिला। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज में सामूहिकता और सहयोग की भावना प्रबल होती है। इस आयोजन को सफल बनाने में सभी उपस्थित लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उपस्थित लोगों ने इस आयोजन की प्रशंसा की और भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों के आयोजन की अपेक्षा जताई। इस मौके पर डॉक्टर विजय डॉक्टर रणवीर मनोज अमरजीत विजय समस्त स्टाफ मौजूद रहाजिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी। आज की पत्रकार वार्ता में प्रदेश अध्यक्ष आनन्द तिवारी, जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा अल्पना कुमारी आदि लोग शामिल रहे।

## वायरस से बचने के लिए हमको कोविड की गाइडलाइन का पालन करना चाहिए

नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह



कानपुर एचएमपीवी वायरस भले ही ज्यादा खतरनाक ना हो लेकिन इससे बचाव सबसे ज्यादा जरूरी हैं। डॉक्टरों की माने तो यह वायरस एक आम वायरस की तरह ही मरीज को प्रभावित कर रहा है और इसके लक्षण भी वैसे ही होते हैं जैसे की आम वायरस के। इसलिए इस वायरस को बिना जांच के पकड़ा नहीं जा सकता है। कानपुर मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बीपी प्रियदर्शी ने कहा कि इस वायरस से बचने के लिए हमको कोविड की गाइडलाइन का पालन करना चाहिए, क्योंकि ये वायरस एक दूसरे के संपर्क में आने से ही फैलता है।

अगर कोई व्यक्ति किसी स्थान पर छींक देता है या खांसता है तो उसके वायरस उस एरिया में फैल जाते हैं और अगर हम आसपास मौजूद है तो वहां की किसी चीज को टच करते हैं तो ये वायरस हमारे हाथों के माध्यम से मुंह और नाक के संपर्क में आते हैं। हम उससे संक्रमित हो जाते हैं। इसमें भी हमें यही करना है कि दो गज की दूरी मास्क है जरूरी।

उन्होंने बताया कि यदि 100 डिग्री के ऊपर बुखार है और यह बुखार लगातार एक हफ्ते तक उतरता चढ़ता रहता है तो खुद को आप आइसोलेट कर ले। गले या सीने में दर्द हो तो तुरंत डॉक्टर की सलाह ले और घर पर गुनगुने पानी का सेवन करें। दिन में कई बार गरारा करें। एचएमपीवी वायरस से बचने की जरूरत सबसे ज्यादा 1 साल से 5 साल तक के बच्चों को है। इसके बाद जिन लोगों को सांस की बीमारी है, शुगर, एचआईवी, बीपी, कैंसर, किडनी जैसी बीमारियां हैं उन मरीजों को भी काफी सतर्कता बरतने की जरूरत है। डॉ. प्रियदर्शी ने बताया कि यह वाइरस कोई नया नहीं है, बल्कि 25 साल पुराना वायरस है और इंडिया में इसमें बहुत सारे शोध चल रहे हैं। इसकी कोई वैक्सीन नहीं बनी है। हालांकि इस वायरस में बहुत कम मरीज गंभीर स्थिति में पहुंचते हैं।

### प्रयागराज मण्डल ने मकर संक्रांति पर 85 से अधिक मेला स्पेशल गाड़ियों का किया संचालन

महाकुम्भ नगर, । महाकुम्भ में रेल प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए, सुरक्षा, आश्रय, आसान टिकट वितरण एवं बड़ी संख्या में गाड़ियों की व्यवस्था की गयी है। महाकुम्भ में आए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेल प्रशासन द्वारा मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर आज मंगलवार को 16 बजे तक 65 (50 आउटवर्ड और 15 इनवर्ड) से अधिक स्पेशल गाड़ियां परिचालित की गयीं। प्रयागराज जंक्शन से 32 स्पेशल गाड़ियां प्रयागराज जंक्शन से 8 गाड़ी कानपुर के लिए, 11 गाड़ियां पंडित दीनदयाल उपाध्याय के लिए, 6 मानिकपुर की ओर, 7 गाड़ी अयोध्या, लखनऊ वाराणसी के लिए चलायी गयी। प्रयागराज छिवकी स्टेशन से 3 गाड़ियां पंडित दीन दयाल उपाध्याय के लिए, 1 गाड़ी कटनी के लिए, 1 गाड़ियां सतना के लिए एवं 1 गाड़ी वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी के लिए ।

### सर्दी के संक्रमण में लापरवाही पड़ सकती है भारी



कानपुर। ठंड में हो रहे इजाफे के चलते लोगों को सांस से जुड़ी तमाम समस्याए हो रहीं हैं। यही कारण है कि अस्पतालों में लगने वाली ओपीडी में फेफड़ों के मर्ज से जुड़े मरीजों की संख्या में 18 से 20 प्रतिशत तक इजाफा देखने को मिल रहा है। विशेषज्ञ की माने तो इस सर्द मौसम में लापवाही और ठंड को नजरअंदाज करने पर बैक्टीरिया मुंह के जरिये शरीर में प्रवेश करता है फिर ये फेफड़ों को जकड़ लेता है। जिससे सांस लेने में परेशानी होने लगती है। ऐसे में यदि समय रहते इस इसका इलाज न किया जाए तो यह एक विकराल रूप ले सकता है। इस तरह के लक्षण होने और इसके बचाव को लेकर मेडिकल कालेज के मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉ. आरके वर्मा से मंगलवार को खास बातचीत की गई।

उन्होंने बताया कि मौसम में हो रहे बदलाव का असर लोगों के शरीर में भी देखने को मिल रहा है। सर्दियों को नजरअंदाज करने से फेफड़ों में इंफेक्शन होने की वजह से मरीज को खांसी और सर्दी जुखाम की वजह से सांस लेने की समस्या होने लगती है। यह परेशानी उन मरीजों में सबसे ज्यादा देखी जा रही है, जिनकी शारीरिक क्षमता कम होती है। समय पर ध्यान न दिया जाए तो यह एक गंभीर बीमारी में तब्दील दो जाता है। फेफड़ों में इंफेक्शन होने के बाद शारीरिक रूप से कमजोर मरीजों को खांसी और जुकाम की वजह से सांस लेने में तकलीफ होने लगती है। फेफड़ों की समस्या से जूझ रहे मरीजों के छीकने और खांसने पर निकलने वाले बैक्टीरिया के संपर्क में आने से दूसरों में तेजी से फैलता है। यही कारण है कि मौजूदा समय में अस्पताल में लगने वाली ओपीडी में 18 से 20 प्रतिशत फेफड़ों से संबंधित मरीजों की संख्या में इजाफा देखने को मिल रहा है।

## घने कोहरे और भीषण ठंड पर भारी पड़ी आस्था, गंगा के घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



कानपुर। गंगा स्नान और दान के सबसे बड़े पर्व मकर संक्रांति पर मंगलवार भोर से ही भीषण ठंड और घने कोहरे बीच शहर के प्रमुख सरसैया घाट, बिठूर घाट, सिद्धनाथ घाट, अटल घाट, परमट घाट आदि घाटों पर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। इसके साथ ही दान-पुण्य भी किया गया। जय गंगा मइया के उद्घोष के साथ महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे आस्था में लीन दिखाई दिए। वहीं सुरक्षा को लेकर गंगा स्नान के दौरान पुलिस की चौकसी भी देखने को मिली।

सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करते ही मकर संक्रांति का पर्व मनाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। शास्त्रों में ऐसा कहा गया है कि मकर संक्रांति के दिन गंगा स्नान और दान करने पर व्यक्ति को दस अश्वमेघ यज्ञ और एक हजार गाय दान के बराबर पुण्य की प्राप्ति होती है। इसी मंगल कामना के साथ मंगलवार ब्रह्म मुहर्त से ही कपकपाती ठंड और घने कोहरे के बीच शहर के प्रमुख परमट घाट, बिठूर घाट, सरसैया घाट, सिद्धनाथ घाट, शुक्लागंज गंगा घाट, नानाराव घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिखाई दी। घाटों पर श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाने के बाद सूर्य भगवान को जल अर्पित करते हुए अपने परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना करते हुए नजर आए।

गंगा स्नान करने आए श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए घाटों पर बांस बल्लियां लगाकर बेरिकेडिंग के साथ पुलिस पीएसी बल तैनात रहा जो हर तरह की गतिविधियों पर अपनी नजर बनाए हुए हैं। घाटों पर ड्रोन के जरिये निगरानी करने के साथ-साथ गोताखोरों की भी तैनात किया गया है। पुलिस प्रशासन की ओर से लाउडस्पीकर के माध्यम से गंगा स्नान करने आए श्रद्धालुओं को सचेत भी किया जा रहा है। वहीं पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के निर्देश पर डीसीपी मध्य दिनेश त्रिपाठी और डीसीपी पश्चिम राजेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घाटों पर निगरानी करते रहे।मैं खाने में क्या ऑर्डर कर रही हूं? मैं रूम पर हूं या घर पर, उसे सब पता चल जाता है। उसे अभी तक सस्पेंड नहीं किया गया। उसके पास सभी लीगल पावर है। वह लगातार मुझे और मेरे अकाउंट को ट्रेस कर रहा है।

## दोस्त ने एक्टिंग कॉलेज मुंबई में दाखिला कराने का झांसा देकर लाखों के असली जेवरात किए चोरी

नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह



कानपुर के गुजैनी में ठगी का एक अलग तरह का मामला सामने आया है। एक 17 साल की नाबालिग को रील बनाने और एक्टिंग का बहुत शौक था। इसी बात का फायदा उठाकर उसके दोस्त ने एक्टिंग कॉलेज मुंबई में दाखिला कराने का झांसा देकर लाखों के असली जेवरात चोरी करवा लिए। घर वालों को पता न चले इसके लिए बिल्कुल वैसे ही जेवरात नकली बनवाकर किशोरी को दे दिया। परिवार के लोगों को इस बात की भनक लगने पर बेटी के दोस्त और परिवारीजनों के खिलाफ गुजैनी थाने में गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

साउथ सिटी के बर्रा-8 में रहने वाले प्रदीप श्रीवास्तव ने बताया कि उनकी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी को एक्टिंग करने का शौक है। बेटी की सहेली का दोस्तो का एक ग्रुप है, उसमें मेरी बेटी भी जुड़ी हुई है। बेटी के दोस्त हर्ष वर्मा उर्फ शिवा भी उसी ग्रुप कर सदस्य है। आरोप है कि हर्ष वर्मा उर्फ शिवा ने मेरी बेटी को अक्टूबर 2024 में वाट्सप व इंस्टाग्राम पर चैट करना चालू कर दिया और चैट पर कहता था कि तुम्हे एक्टिंग करने का शौक है। हमारी जान पहचान एक्टिंग कॉलेज वालों से है। हमारे साथ चलना हम तुम्हे एक्टिंग कालेज मुम्बई ले चलेंगे, मेरी बेटी को बरगला फुसलाकर समझाया कि एक्टिंग के लिये 3 लाख रुपए का खर्च आयेगा। मेरी बेटी ने बताया कि मेरे पास इतना रुपया नही है तब हर्ष वर्मा उर्फ शिवा ने कहा कि तुम्हारे घर पर ज्वैलरी होगी वह लाकर हमें दे दो उसे बेचकर हम तुम्हे एक्टिंग कालेज ले चलेंगे।

तब मेरी बेटी ने कहा कि घर वाले जान जायेंगे उसने कहा कि चिंता मत करो हम वैसे ही ज्वैलरी बनवाकर तुम्हे दे देंगे वही पर रख देना कोई जान नही पायेगा। मेरी बेटी ने इस बात से इनकार किया तो शिवा ने धमकाते हुए कहा कि मैं तुम्हारी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल कर दूंगा। मेरी बेटी ने डर के मारे घर का सारा जेवर जिसमें तीन सोने का हार, एक चेन लकेट सहित, एक सोने की मांगबेदी 4 दिसंबर 2024 को शिवा को सौंप दिया। इस दौरान पूरा परिवार शादी में कानपुर देहात गया था। इसके बाद असली जेवर की तरह नकली जेवर सौंप दिया और वहीं पर रख देने की नसीहत दी। इससे कि घर वालों को पता ही नहीं चले कि आखिर घर के जेवरात गायब हैं।

किशोरी के पिता की मानें तो 12 दिसंबर को उनकी मां ने वूलेन कपड़ों के लिए बक्सा खोला तो दंग रह गईं। उनके जेवरात की पोटली खुली हुई थी। संदेह होने पर जेवर देखे तो अलग से चमक रहे थे। देखने में नकली लग रहे थे। ज्वैलर्स से जांच कराई तब पता चला कि पूरे जेवरात नकली हैं। इसके बाद पूछताछ करने पर बेटी ने बताया कि हर्ष वर्मा उर्फ शिवा ने मुझसे एक्टिंग के लिये उपरोक्त सारा जेवर ले लिया हैं। धमकाता था कि तुम्हारी फोटो मेरे पास है वायरल कर देंगे डर के मारे मैंने हर्ष वर्मा उर्फ शिवा को सारा जेवर दे दिया था।

मैने हर्ष वर्मा उर्फ शिवा की जानकारी उसके मोहल्ले में की तो मुझे जानकारी मिली कि उक्त सभी परिवार के लोग भोले-भाले लोगों को फंसाकर गैंग चलाते है इसमें हर्ष वर्मा उर्फ शिवा का पिता संजय वर्मा, चाचा कमल वर्मा, मां रुचि वर्मा व अन्य अज्ञात लोग भी शामिल हैं। इस तरह उपरोक्त आरोपीगणों द्वारा मेरी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर व धमका कर मेरे घर में ही चोरी कराते हुये व मेरी पुत्री से धोखाधड़ी करते हुये उक्त सोने के जेवरात हड़प लिये । उक्त घटना से मेरी पुत्री लगातार डिप्रेशन में है।

# कर्नाटक के सामने विजय हजारे सेमीफाइनल में हरियाणा की चुनौती



कर्नाटक के कप्तान मयंक अग्रवाल

**वडोदरा (भाषा)** इंडियन प्रीमियर लीग की नीलामी में किसी फ्रेंचाइजी से बोली हासिल करने में नाकाम रहे कर्नाटक के कप्तान मयंक अग्रवाल बुधवार को जब हरियाणा के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी के सेमीफाइनल मैच के लिए मैदान में उतरेंगे तो उनकी कोशिश एक और शानदार प्रदर्शन से टीम को खिताबी मुकाबले में पहुंचाने की होगी। चार बार के चैम्पियन कर्नाटक की टीम में शानदार लय में चल रहे अग्रवाल के अलावा श्रेयस गोपाल और विजय कुमार विशाख जैसे बेहतरीन खिलाड़ी है।

हरियाणा को टूनार्मेंट में अब तक बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले निशांत सिंधु, अंशुल कंबोज और कप्तान अमित कुमार जैसे खिलाड़ियों पर भरोसा होगा। अग्रवाल के लिए अपने करियर के इस चरण में राष्ट्रीय टीम में वापसी करना लगभग नामुमकिन है लेकिन इस यह 33 वर्षीय खिलाड़ी आईपीएल फ्रेंचाइजियों को प्रभावित करना चाहेगा। वह टूनार्मेंट के इस सत्र में पंजाब अरुणाचल प्रदेश, हैदराबाद और नगालैंड के खिलाफ शतक जड़ चुके हैं।

इस सत्र में कमाल की बल्लेबाजी कर रहे करुण नायर के अलावा अग्रवाल सिर्फ दूसरे खिलाड़ी है जिन्होंने कुल 600 से ज्यादा रन बनाये हैं। कर्नाटक के कप्तान ने 123.80 की औसत और 109.75 के स्ट्राइक रेट से 619 रन बनाये हैं। टीम को केवी अनीश से भी भी बेहतरीन पारी की उम्मीद होगी जिन्होंने इस सत्र में आठ मैचों में 342 रन बनाये है।

क्वार्टर फाइनल में देवदत्त पडिक्कल ने बड़ौदा के खिलाफ शतकीय पारी खेलकर लय में वापसी की है। टीम को गेंदबाजी में अनुभवी श्रेयस गोपाल (16 विकेट) और तेज गेंदबाज वासुकी कौशिक (17 विकेट) से उम्मीदें होंगी। कर्नाटक ने ग्रुप सी की तालिका में शीर्ष स्थान हासिल करने के बाद क्वार्टर फाइनल में में बड़ौदा पर पांच रन की रोमांचक जीत दर्ज की थी। ग्रुप चरण में लगातार अच्छा करने वाली कर्नाटक को अंतिम चार में हरियाणा के अमित कुमार (10 मैचों में 56.33 की औसत से 507 रन) और 20 साल के निशांत सिंधू की चुनौती से पार पाना होगा।

सिंधू ने हरफनमौला खेल से प्रभावित करते हुए 313 रन बनाने के साथ 12 विकेट भी लिए है। इस वामहस्त स्पिनर ने इस दौरान 4.98 की इकोनॉमी रेट से किफायती गेंदबाजी की है।

## मुंबई रणजी टीम के साथ रोहित ने किया अभ्यास



**मुंबई (भाषा)** खराब दौर से जूझ रहे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 23 जनवरी से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी के दूसरे चरण से पहले मंगलवार को मुंबई टीम के साथ अभ्यास किया लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वह आगामी मैच में खेलेंगे या नहीं । सैतीस वर्ष के रोहित आस्ट्रेलिया दौरे पर बेहद खराब फॉर्म में थे । उन्होंने आस्ट्रेलिया में तीन टेस्ट में सिर्फ 31 रन बनाये और सिडनी में पांचवें तथा आखिरी टेस्ट के कारण खुद बाहर रहने का फैसला किया । उन्होंने वानखेड़े स्टेडियम पर सुबह कुछ घंटे चले अभ्यास सत्र में भाग लिया । उन्होंने मुंबई के दिग्गज और भारत के अपने साथी खिलाड़ी रहे अजिंक्य रहाणे के साथ बल्लेबाजी की । मुंबई क्रिकेट संघ के एक अधिकारी ने कहा, टूनार्मेंटों के बीच अंतर होने पर प्रक्रिया यही होती है कि टीम प्रबंधन खिलाड़ियों से उनकी उपलब्धता के बारे में पूछता है । उन्होंने कहा, रोहित से 23 जनवरी को जम्मू कश्मीर के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच के लिये टीम के चयन के समय पूछा जायेगा ।

# अभिनाश जामवाल ने स्वर्ण जीता, सेना को लगातार तीसरा टीम खिताब



बरेली भाषा) हिमाचल प्रदेश के मुक्केबाज अभिनाश जामवाल ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पुरूष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में वेल्टरवेट ( 60 से 65 किलो ) वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि सेना ने लगातार तीसरी बार टीम खिताब अपने नाम किया ।

मौजूदा चैम्पियन शिवा थापा और पूर्व युवा विश्व चैम्पियन वंशज कुमार को हराने वाले जामवाल ने फाइनल में रेलवे के अमित को मात दी। इस बीच सेना के मुक्केबाज सचिन सिवाच ने लाइटवेट (55 से 60 किलो ) और लक्ष्य चाहर ने लाइट हैवीवेट (75 से 80 किलो) वर्ग में स्वर्ण पदक जीते । सिवाच ने पंजाब के निखिल को हराया जबकि चाहर ने दिल्ली के ध्रुव सिंह को मात दी । बेंटमवेट (50 से 55 किलो ) वर्ग में मनीष राठौड ने सेना के पवन बर्तवाल को हराया जबकि वेल्टरवेट (70 से 75 किलो ) में निखिल दुबे ने दीपक को मात दी ।

क्रूसरवेट ( 80 से 85 किलो ) वर्ग में सुमित ने सेना के जुगनू को हराया जबकि नरेंदर ने सुपर हैवीवेट ( 90 और 90 प्लस वर्ग ) में हरियाणा के अंशुल गिल को मात दी । सेना ने पांच स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक जीतकर खिताब अपने नाम किया। फाइनल में भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष अजय सिंह, ओलंपिक पदक विजेता विजेंदर सिंह और पूर्व विश्व चैम्पियन स्वीटी बूरा मौजूद थे ।

**न्यूज ब्रीफ**

### भारत की नजरें आयरलैंड के खिलाफ महिला वनडे में क्लीन स्वीप करने पर

राजकोट ( भाषा ) पहले दो मैचों में शानदार जीत दर्ज कर चुकी भारतीय टीम आयरलैंड के खिलाफ बुधवार को तीसरे और आखिरी वनडे में उतरेगी तो उसका इरादा श्रृंखला में क्लीन स्वीप करने का होगा । भारतीय टीम ने बल्लेबाजी में अभी तक जबर्दस्त प्रदर्शन किया है और इस लय को कायम रखना चाहेगी । चार पारियों में तीसरा अर्धशतक जमाने वाली प्रतीका रावल की नजरें शतक जमाने पर होंगी । कप्तान स्मृति मंधाना के साथ उन्होंने हर मैच में भारत को उम्दा शुरूआत दी है ।
दोनों ने पिछले मैच में पहले विकेट के लिये 156 रन जोड़े जो पांच पारियों में उनकी तीसरी शतकीय साझेदारी थी । मंधाना ने वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला के बाद लगातार अच्छा फॉर्म जारी रखा है । हरलीन देयोल ने भी 89 रन की अहम पारी खेली । भारत ने पिछले मैच में पांच विकेट पर 370 रन बनाये जो उसका सर्वोच्च वनडे स्कोर है । हरमनप्रीत कौर की गैर मौजूदगी में चौथे नंबर पर उतरी जेमिमा रौड्रिग्स ने परिपक्वता दिखाते हुए 28 गेंद में अर्धशतक जमाया । रौड्रिग्स ने कहा , यह अतिरिक्त जिम्मेदारी थी । शुरूआत में मैने काफी संयम दिखाया जो काफी सकारात्मक था क्योंकि मेरे लिये क्रीज पर डटे रहना जरूरी था । मैं रन तो बना रही थी लेकिन क्रीज पर टिककर खेल नहीं पा रही थी । अनुभवी बल्लेबाज तेजल हसंबिस ने भी वापसी करते हुए अर्धशतक जमाया । शेफाली वर्मा और हरमनप्रीत जैसे बिग हिटर्स की गैर मौजूदगी में प्रतीका जैसे नये खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करके अपनी जगह पक्की की । भारतीय गेंदबाजी चिंता का सबब रही और टीम घरेलू हालात में लगातार विकेट लेने में नाकाम रही जिससे आयरलैंड को पिछले मैच में सात विकेट पर 254 रन बनाने का मौका मिला ।

# बुमराह दिसंबर महीने के लिए आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने



दुबई (भाषा) ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला में शानदार गेंदबाजी करने वाले भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को दिसंबर महीने के लिए आईसीसी का महीने का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुना गया है ।

बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस और दक्षिण अफ्रीका के डेन पैटरसन को पछाड़कर इस खिताब को अपने नाम किया। बुमराह अपने दम पर भारतीय गेंदबाजी की अगुवाई करते हुए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर दिसंबर में खेले गये तीन टेस्ट मैचों में 14.22 की शानदार औसत से 22 विकेट चटकाये । उन्होंने पांच जनवरी को खत्म हुई श्रृंखला के पांच मैचों में 32 विकेट लिये। इस दौरे का पहला टेस्ट मैच नवंबर में खेला गया था। बुमराह ने एडीलेड में खेले गये दिन रात्रि टेस्ट की पहली पारी में चार विकेट झटक कर मैच में भारत की वापसी कराई थी लेकिन बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन से टीम ने इस मैच को गंवा दिया। उन्होंने ब्रिसबेन में खेले गये तीसरे टेस्ट की पहली पारी में छह और मैच में नौ विकेट लिये जिससे भारत मैच ड्रॉ करने में सफल रहा।

उन्होंने इसके बाद मेलबर्न में खेले गये बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच की पहली पारी में चार और दूसरी पारी में पांच विकेट चटकाये।

# क्रिकेटरों के साथ पत्नियों के दौरे पर लगाम कसना चाहता है बीसीसीआई

नयी दिल्ली (भाषा) भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ऑस्ट्रेलिया के निराशाजनक दौरे के बाद कई अनुशासनात्मक कदम उठाने पर विचार कर रहा है जिसमें विदेशी दौरों में क्रिकेटरों की पत्नियों की उपस्थिति सीमित करना तथा कोच और खिलाड़ियों के मैनेजरों को टीम बस में यात्रा करने से रोकना शामिल है। अगर बीसीसीआई यह फैसला करता है तो 45 दिन या उससे अधिक दिनों के दौरे पर खिलाड़ी अपनी पत्नी और परिवार के अन्य सदस्यों को केवल दो सप्ताह तक ही अपने साथ रख पाएंगे। अगर दौरा 45 दिन से कम समय का है तो यह अवधि एक सप्ताह की हो सकती है।

इसके अलावा खिलाड़ी विदेश दौरे के दौरान किसी अन्य वाहन में यात्रा नहीं कर सकते हैं और उन्हें टीम बस का ही उपयोग करना होगा। अधिकतर खिलाड़ी इस नियम का पालन करते हैं लेकिन कुछ अवसरों पर खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के सदस्य अन्य वाहन का उपयोग कर लेते हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे के निराशाजनक प्रदर्शन पर बुलाई गई समीक्षा बैठक में इन विषयों पर चर्चा की गई लेकिन इनमें से किसी को भी तुरंत प्रभाव से लागू नहीं किया गया है। खिलाड़ियों और कोच के मैनेजरों का टीम बस में यात्रा करने का मुद्दा तब सामने आया जब ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान कोचिंग स्टाफ के एक सीनियर सदस्य के मैनेजर को टीम बस में यात्रा करने की अनुमति दी गई। भारत पांच मैच की इस श्रृंखला में 1झ3 से हार गया था।

बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, निजी मैनेजर के टीम बस में यात्रा करने से भ्रष्टाचार निरोधी इकाई के सदस्यों के कान भी खड़े हो जाते हैं। इस पर भविष्य में लगाम कसी जाएगी। जहां तक विदेशी दौरों में पत्नियों की उपस्थिति की बात है तो बैठक में इस पर चर्चा की गई और इस बारे में जल्द ही फैसला किया जाएगा। उन्होंने कहा, इसके अलावा सभी खिलाड़ियों और कोचों को टीम बस से ही यात्रा करनी चाहिए। हमेशा ऐसा होता रहा है लेकिन पिछले कुछ समय से देखने को मिल रहा है कि खिलाड़ी अन्य वाहनों का भी उपयोग करने लगे हैं। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा टीम बस को लेकर बीसीसीआई के नए आदेश से हैरान हैं। चोपड़ा ने एक्स पर लिखा , सभी खिलाड़ियों को टीम बस में यात्रा करनी होगी, यह थोड़ा अजीब लगता है। क्या ऐसा कोई मानदंड नहीं था। अगर ऐसा नहीं हो रहा है तो यह पता करना जरूरी है कि किसने इसे बदला और क्यों बदला। ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान एक रिजर्व खिलाड़ी की पत्नी ने अपने यूट्यूब चैनल के लिए वीडियो बनाया था।

## इंग्लैंड में खो खो को लोकप्रिय बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है भारतीय समुदाय

नयी दिल्ली (भाषा) इंग्लैंड के खो-खो खिलाड़ियों जायन सॉन्डर्स और आन्या शाह के लिए भारत का यह पारंपरिक खेल पदक जीतने और स्वदेश में इसे लोकप्रिय बनाने के साधन तक ही सीमित नहीं है, बल्कि अपनी जड़ों से जुड़े रहने का भी एक तरीका है।

भारतीय मूल के खिलाड़ी जायन और आन्या खो खो विश्व कप के लिए भारत का दौरा करने वाली इंग्लैंड की 30 सदस्यीय टीम का हिस्सा हैं और उनका मानना है कि उनकी टीम इस खेल में भारत को चुनौती देने की क्षमता रखती है।

सोलह साल के जायन ने एथलेटिक्स में रुचि के कारण इस खेल को चुना।

**न्यूज ब्रीफ**

### 'भारत बैटरी शो' में 80 से अधिक वैश्विक कंपनियां नए उत्पाद प्रदर्शित करेंगी

नयी दिल्ली (भाषा) जर्मनी, अमेरिका, इटली, जापान, सिंगापुर और चीन जैसे देशों की 80 से अधिक कंपनियां ह्यभारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपोब्ल के दौरान भारत बैटरी शो में नई चार्जिंग ढांचा प्रौद्योगिकी एवं समाधान प्रदर्शित करेंगी। मंगलवार को जारी बयान के मुताबिक, भारत बैटरी शो में 20 से अधिक नवोन्मेषी उत्पादों को पेश करने के साथ कई उत्पाद घोषणाएं एवं अंतरराष्ट्रीय साझेदारी भी देखने को मिलेंगी। इसमें बैटरी भंडारण, बैटरी पुनर्चक्रण और चार्जिंग ढांचे में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल को दिखाया जाएगा। इस तीन-दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन रविवार से यहां शुरू हो रहे ह्यभारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो के दौरान किया जाएगा। यह प्रदर्शनी आईईएसए (इंडिया एनर्जी स्टोरेज अलायंस) की तरफ से भारत मंडपम में आयोजित होगी।

### कर्मचारियो के काम के घंटों से ज्यादा उनका सशक्तीकरण महत्वपूर्ण : आईटीसी चेयरमैन पुरी

नयी दिल्ली (भाषा) आईटीसी लिमिटेड के चेयरमैन संजीव पुरी ने सप्ताह में 90 घंटे काम करने के विवाद पर कहा है कि कर्मचारियों के लिए कामकाजी घंटे निर्धारित करने के बजाय उन्हें कंपनी के व्यापक दृष्टिकोण के साथ जोड़ना अधिक महत्वपूर्ण है। पुरी ने कर्मचारियों को निश्चित घंटों तक काम करने के सवाल पर कहा, हम ऐसा नहीं करेंगे। हम चाहते हैं कि लोग (कंपनी की) यात्रा का हिस्सा बनें और जोश से इसमें शामिल हों तथा उद्यम में बदलाव लाने की उनमें इच्छा हो...हम इसे इस तरह देखते हैं। आईटीसी सिगरेट से लेकर उपभोक्ता वस्तुओं तक के कारोबार में है।

# भारत में पांच साल में हल्दी उत्पादन को दोगुना कर 20 लाख टन तक पहुंचाने की क्षमता : गोयल



नयी दिल्ली (भाषा) वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड निर्यात को बढ़ावा देने और अगले पांच साल में उत्पादन को दोगुना करके लगभग 20 लाख टन करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए बाजार विकसित करने में मदद करेगा। बोर्ड का उद्घाटन करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि यह नए उत्पादों में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देगा और मूल्यवर्धित हल्दी उत्पादों के लिए देश के पारंपरिक ज्ञान को और विकसित करेगा। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, हल्दी को स्वर्णिम मसाला भी कहा जाता है। भारत वैश्विक हल्दी उत्पादन का 70 प्रतिशत उत्पादन करता है... हम पांच साल में उत्पादन को दोगुना करके 20 लाख टन तक पहुंचाने का लक्ष्य कर रहे हैं। सरकार ने अक्टूबर में राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के गठन को अधिसूचित किया था। बोर्ड की स्थापना की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि यह हल्दी उत्पादन में नवाचार, वैश्विक प्रचार और मूल्यवर्धन के बेहतर अवसर सुनिश्चित करेगा। गोयल द्वारा ह्यएक्सह्न पर एक पोस्ट का जवाब देते हुए, मोदी ने कहा, राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड की स्थापना विशेष रूप से भारत भर में हमारे मेहनती हल्दी किसानों के लिए बहुत खुशी की बात है। यह हल्दी उत्पादन में नवाचार, वैश्विक प्रचार और मूल्य संवर्धन के बेहतर अवसर सुनिश्चित करेगा। यह आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करेगा, जिससे किसानों और उपभोक्ताओं दोनों को लाभ होगा। भारत दुनिया में हल्दी का सबसे बड़ा उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक है।

वर्ष 2022-23 में, भारत में 3.24 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में हल्दी की खेती की गई, जिसमें 11.61 लाख टन का उत्पादन हुआ। भारत में 20 से अधिक राज्यों में हल्दी की 30 से अधिक किस्में उगाई जाती हैं। हल्दी के सबसे बड़े उत्पादक राज्य महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक और तमिलनाडु हैं। हल्दी के विश्व व्यापार में भारत की हिस्सेदारी 62 प्रतिशत से अधिक है।

वित्त वर्ष 2022-23 में 380 से अधिक निर्यातकों द्वारा 20 करोड़ 74.5 जाख डॉलर मूल्य की 1.53 लाख टन हल्दी और हल्दी उत्पादों का निर्यात किया गया।

# शेयर बाजार में तेजी लौटी रौनक, सेंसेक्स 170 अंक चढ़ा



मुंबई (भाषा) स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को चार दिन से जारी गिरावट पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 170 अंक के लाभ में रहा। खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी और वैश्विक बाजारों में तेजी से घरेलू बाजार पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ा। इसके अलावा ऊर्जा, बैंक तथा धातु शेयरों में निचले स्तर पर लिवाली से भी बाजार को समर्थन मिला। कारोबारियों के अनुसार, हालांकि निवेशकों की लगातार बिकवाली और कच्चे तेल के दाम में तेजी से शेयर बाजार पर दबाव बना और इसका लाभ सीमित रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 169.62 अंक यानी 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,499.63 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 505.6 अंक तक चढ़ गया था। बीएसई में 2,867 शेयर लाभ में, जबकि 1,096 शेयर नुकसान में रहे। 110 शेयरों के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 90.10 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,176.05 अंक पर बंद हुआ।

बीएसई सेंसेक्स इससे पिछले चार कारोबारी सत्रों में 1,869.1 अंक यानी 2.39 प्रतिशत नीचे आया था।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक बाजार में तेजी और घरेलू स्तर पर खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी का बाजार पर सकारात्मक प्रभाव रहा। इससे भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के लिए अगली मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर में कटौती को लेकर गुंजाइश बढ़ेगी। हालांकि, कच्चे तेल के दाम में तेजी तथा 10 साल के बॉन्ड पर ऊंचे प्रतिफल पर नजर होगी। उन्होंने कहा, चौथी तिमाही के लिए कमजोर आय अनुमान को लेकर चिंता के बीच आईटी शेयरों में गिरावट आई। घरेलू धारणा कंपनियों के दिसंबर तिमाही के परिणाम और आगामी केंद्रीय बजट से प्रभावित होगी, जिसको लेकर मिला-जुला रुख है।

सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से अदाणी पोर्ट्स में पांच प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। इसके अलावा एनटीपीसी, टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, जोमैटो, बजाज फाइनेंस, टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक, इंडसइंड बैंक और मारुति के शेयर भी लाभ में रहे। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाइटन, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इन्फोसिस और अल्ट्राटेक सीमेंट शामिल हैं।

सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज का दिसंबर तिमाही का वित्तीय परिणाम निवेशकों की अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहने के बाद कंपनी का शेयर आठ प्रतिशत से अधिक के नुकसान में रहा। एचसीएल टेक ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसका एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी (अक्टूबर-दिसंबर) तिमाही में 5.54 प्रतिशत बढ़कर 4,591 करोड़ रुपये रहा है।

# भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की राह पर : आईटीसी प्रमुख पुरी

नयी दिल्ली (भाषा) आईटीसी के चेयरमैन संजीव पुरी ने कहा है कि पिछले दशक के परिवर्तनकारी सुधारों ने भारत को वैश्विक मंच पर पहुंचा दिया है और यह भारत के लिए ऐतिहासिक क्षण है। इसके साथ ही पुरी ने भरोसा जताया मजबूत वृहद बुनियादी ढांचे और उद्देश्यपूर्ण नीतिगत हस्तक्षेप के दम पर देश 2047 तक विकसित राष्ट्र बन जाएगा। भारत माल एवं सेवा कर (जीएसटी) जैसे ऐतिहासिक सुधारों तथा बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने से दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, जबकि 2014 में यह दुनिया की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था।

पुरी ने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा, नई विश्व व्यवस्था (जो भू-अर्थशास्त्र और भू-राजनीति पर नई नीतियों की विशेषता पर केंद्रित है) में मेरा मानना है कि विश्व, आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण और आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती की ओर देख रहा है।

उन्होंने कहा, जलवायु संबंधी आपात स्थिति के कारण दुनिया की नजहर ऊर्जा बदलाव पर है। डिजिटल बदलाव एक और क्षेत्र है जिससे दुनिया गुजर रही है। खाद्य तथा पोषण सुरक्षा वैश्विक चिंता का विषय बन रहे हैं। अब इन सभी क्षेत्रों में मुझे लगता है कि भारत एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है क्योंकि भारत में प्रतिभा है, भारत के पास कौशल है।

पुरी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत 21वीं सदी की आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। ऐसे समय में जब चीन और पश्चिम के बीच संबंध लगातार खराब होते जा रहे हैं, भारत अधिकतर प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के साथ अच्छे संबंधों का फायदा ले रहा है। भारत उन निवेशकों तथा विनिमार्ताओं को चीन के अलावा एक विकल्प प्रदान करता है जो आपूर्ति श्रृंखला जोखिमों को कम करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा, ये भारत के लिए काफी बड़े अवसर हैं। इसलिए मुझे लगता है कि यह भारत के लिए बहुत अच्छा समय है। यह भारत के लिए ऐतिहासिक क्षण है और मुझे लगता है कि भारत का भविष्य बहुत उज्ज्वल है। भारत के वित्त वर्ष 2027-28 तक जापान और जर्मनी दोनों को पीछे छोड़ते हुए तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का अनुमान है। उस समय तक भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 5,000 अरब अमेरिकी डॉलर के आंकड़े को पार कर जाएगा। अर्थव्यवस्था में हालिया मंदी पर पुरी ने कहा कि आर्थिक बदलाव का सफर कभी भी एक स्तर पर चलकर तय नहीं किया जा सकता।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि भारत बहुत अच्छी स्थिति में है। वृहद आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी है। ऐसा इसलिए है क्योंकि इसमें उद्देश्यपूर्ण नीतिगत हस्तक्षेप शामिल हैं जिनमें से अधिकतर हस्तक्षेप केंद्र सरकार और कुछ राज्यों द्वारा कई वर्षों में किए गए हैं। पुरी ने कहा कि भारत के पास अपेक्षित प्राकृतिक संसाधन हैं। ऊर्जा बदलाव जैसे रणनीतिक उभरते क्षेत्रों पर देश का ध्यान उसे आर्थिक महाशक्ति बनाने की ओर अग्रसर कर रहा है।

भारत के 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के बारे में पूछे जाने पर पुरी ने कहा, यह काफी हद तक संभव है।

## मनीष गुप्ता ने सेल के निदेशक का पदभार संभाला

नयी दिल्ली (भाषा) सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी सेल ने मंगलवार को कहा कि मनीष गुप्ता ने कंपनी के तकनीकी, परियोजनाएं व कच्चा माल मामलों के निदेशक पद का कार्यभार संभाल लिया है। गुप्ता ने सोमवार को पदभार संभाला था।

कंपनी बयान के अनुसार, एमएएनआईटी भोपाल से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक गुप्ता 1991 में दुगार्पुर इस्पात संयंत्र में प्रबंधन प्रशिक्षु (तकनीकी) के तौर पर सेल से जुड़े थे। उनके पास इस्पात उद्योग का तीन दशक से अधिक का अनुभव है। वह सेल के विभिन्न संयंत्रों और इकाइयों में काम कर चुके हैं।

वर्ष 2019 में वे बोकारो इस्पात संयंत्र के महाप्रबंधक बने थे। बाद में वह इस्को इस्पात संयंत्र के कार्यकारी निदेशक भी रहे थे।

गुप्ता ने सेल के कॉरपोरेट कार्यालय में कार्यकारी निदेशक प्रभारी (परिचालन) के रूप में कार्य किया है।

# भारतीय कर्मचारियों का वेतन इस साल 9.4 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान : रिपोर्ट

मुंबई (भाषा) भारतीय कर्मचारी इस साल विभिन्न उद्योगों में औसतन 9.4 प्रतिशत वेतन वृद्धि की उम्मीद कर सकते हैं। यह मजबूत आर्थिक वृद्धि और कुशल प्रतिभाओं की बढ़ती मांग का संकेत है।

मानव संसाधन परामर्श कंपनी मर्सर के कुल पारिश्रमिक सर्वेक्षण (टीआरएस) के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में कर्मचारियों के वेतन में लगातार वृद्धि हुई है। वेतन वृद्धि 2020 के आठ प्रतिशत से 2025 में बढ़कर 9.4 प्रतिशत होने का अनुमान है। सर्वेक्षण में भारत की प्रौद्योगिकी, उपभोक्ता वस्तुओं, वित्तीय सेवाओं, विनिर्माण, मोटर वाहन, इंजीनियरिंग आदि क्षेत्र की 1,550 से अधिक कंपनियों ने हिस्सा लिया। मोटर वाहन क्षेत्र में कर्मचारियों का वेतन 10 प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान है। पिछले साल यह 8.8 प्रतिशत रहा था। यह इलेक्ट्रिक वाहनों में वृद्धि तथा सरकार के नेतृत्व में मेक इन इंडिया पहल के कारण संभव हो पाया है। विनिर्माण व इंजीनियरिंग क्षेत्र में वेतन वृद्धि आठ से बढ़कर 9.7 प्रतिशत होने का अनुमान है, जो विनिर्माण परिवेश में पुनरुत्थान को दशार्ता है। मर्सर की इंडिया करियर लीडर मानसी सिंघल ने कहा, भारत के प्रतिभा परिदृश्य में उल्लेखनीय बदलाव हो रहा है। इसके अलावा 75 प्रतिशत से अधिक संगठनों द्वारा प्रदर्शन-आधारित वेतन योजनाओं को अपनाने, अल्पावधि व दीर्घावधि दोनों में प्रदर्शन को महत्व देना समग्र बदलाव को दर्शाता है। उन्होंने कहा, जो कंपनियां इन प्रवृत्तियों को प्राथमिकता देंगी, वे प्रतिस्पर्धी बाजार में प्रतिभाओं को आकर्षित करने तथा उन्हें बनाए रखने के लिए बेहतर स्थिति में होंगी।



''मानवता के मंगलपर्व 'महाकुंभ 2025' में 'पौष पूर्णिमा' के शुभ अवसर पर संगम स्नान का सौभाग्य प्राप्त करने वाले सभी संतगणों, कल्पवासियों और श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन।''

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.


# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2




दयाशंकर सिंह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ बलिया द्वारा मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर मंडी परिषद बलिया के परिसर में आयोजित खिचड़ी सहभोज के कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ।






# सांख्यिकीय उपकरणों और मात्रात्मक तकनीक की प्रभावी शासन में महत्वपूर्ण भूमिका : राष्ट्रपति मुर्मू

नयी दिल्ली, (भाषा) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि सांख्यिकीय उपकरण और मात्रात्मक तकनीक नीतिगत निर्णयों के लिए अनुभवजन्य आधार प्रदान कर प्रभावी शासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने भारतीय सांख्यिकी सेवा (आईएसएस) के परिवीक्षाधीन अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारें स्वास्थ्य, शिक्षा, जनसंख्या आकार और रोजगार सहित अन्य क्षेत्र के आंकड़े एकत्र करने के लिए राष्ट्रीय सांख्यिकीय प्रणालियों पर निर्भर हैं। ये आंकड़े नीति-निर्माण का आधार होते हैं।

आईएसएस के 2024 बैच के परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की।



मुर्मू ने कहा कि सांख्यिकी का उपयोग प्राचीन सभ्यताओं में भी किया जाता था, जब शासक कराधान उद्देश्यों के लिए बुनियादी जनगणना आंकड़ों का उपयोग करते थे।

राष्ट्रपति ने कहा, ''सांख्यिकीय विश्लेषण शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही लाने का एक उपकरण है। सांख्यिकी न केवल कुशल शासन की रीढ़ है, बल्कि सामाजिक-आर्थिक विकास का औजार भी है।''

मुर्मू ने कहा कि सटीक आंकड़े एकत्र करना उनका कर्तव्य है, जो ठोस और उद्देश्यपूर्ण निर्णयों का आधार हो सकता है। उन्होंने कहा, ''सरकार को नीतियां बनाने, लागू करने और निगरानी करने के साथ-साथ नीति की समीक्षा और प्रभाव का आकलन करने के लिए आंकड़ों की आवश्यकता होती है। नागरिकों को सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के आकलन और उनके बारे में निष्पक्ष समझ बनाने के लिये आंकड़ों की आवश्यकता होती है। आपकी नौकरी के लिए सांख्यिकीय पद्धतियों में उच्च दक्षता की आवश्यकता होती है, जिसका उपयोग आप देश की आंकड़ों और सूचना आवश्यकताओं का समाधान प्रदान करने के लिए करेंगे।''

राष्ट्रपति ने परिवीक्षाधीन आईएसएस अधिकारियों से आंकड़े एकत्र करते समय आम लोगों, विशेषकर गरीबों और वंचितों की जरूरतों के प्रति संवेदनशील रहने का आग्रह किया। मुर्मू ने कहा, ''आपके द्वारा एकत्र किए गए सभी आंकड़े को संसाधित, विश्लेषित किया जाएगा और अंततः लोगों की जरूरतों की पूर्ति करने तथा उनके सपनों को पूरा करने में मदद करने के लिए उपयोग किया जाएगा। समाज के विभिन्न वर्गों के विकास से देश की समृद्धि बढ़ेगी।''


मुर्मू ने कहा कि आईएसएस अधिकारी अर्थव्यवस्था की स्थिति के विभिन्न पहलुओं को मापने के लिए राष्ट्रीय खाते, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक और ऐसे अन्य महत्वपूर्ण सूचकांक तैयार करने के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा, ''आप जनसंख्या, मानव विकास, रोजगार और सामाजिक न्याय पर विभिन्न सामाजिक आंकड़े, गरीबी और दिव्यांग व्यक्तियों के संबंध में बहु-आयामी आंकड़े और सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) से संबंधित संकेतकों का विकास और विश्लेषण भी करेंगे।''

राष्ट्रपति ने कहा कि ये प्रामाणिक आंकड़े आर्थिक विकास को मापने और प्रभावी नीतियां बनाने के लिए प्रमुख उपकरण के रूप में कार्य करते हैं।

मुर्मू ने कहा, ''आंकड़े नीति निर्माताओं के लिए नैदानिक उपकरण की तरह हैं। प्रभावी हस्तक्षेप के लिए नैदानिक आंकड़े की सटीकता महत्वपूर्ण है।'' उन्होंने कहा कि वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनने की भारत की यात्रा के दौरान अधिकारी सुविज्ञ निर्णय लेने, पारदर्शिता को बढ़ावा देने और अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में सतत विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# पीओके भारत के माथे का मुकुट मणि है: राजनाथ सिंह

**अखनूर** (जम्मू-कश्मीर), (भाषा) रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को पाकिस्तान को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के बिना जम्मू-कश्मीर ''अधूरा'' है। उन्होंने इस्लामाबाद को अपने आतंकवादी ढांचों को नष्ट करने या गंभीर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी।



उन्होंने कहा, ''जम्मू-कश्मीर में स्थिति काफी बदल गई है और इस सच्चाई को स्वीकार किया जाना चाहिए। जम्मू-कश्मीर पीओके के बिना अधूरा है। पीओके भारत के माथे का मुकुट मणि है।'' सिंह यहां अखनूर सेक्टर के टांडा आर्टिलरी ब्रिगेड में नौवीं सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि अनुच्छेद 370 के हटने से क्षेत्र में बदलाव की शुरुआत हुई है। भारत के रुख की पुष्टि करते हुए सिंह ने कहा, ''पाकिस्तान के लिए, पीओके विदेशी क्षेत्र से ज्यादा कुछ नहीं है'' और जम्मू-कश्मीर के लोगों की आकांक्षाएं कभी भी पाकिस्तान की आकांक्षाओं से मेल नहीं खाती हैं। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में क्षेत्र के कई मुस्लिम निवासियों द्वारा दिए गए बलिदान का हवाला दिया और इस बात पर प्रकाश डाला कि पाकिस्तान द्वारा पीओके की जमीन का इस्तेमाल आतंकवादी प्रशिक्षण शिविरों के लिए किया जा रहा है। रक्षा मंत्री ने कहा कि पीओके की जमीन का इस्तेमाल 'आतंकवाद का कारोबार' चलाने के लिए किया जा रहा है और भारत सीमा के निकट बनाये गये 'लॉन्च पैड' से अच्छी तरह अवगत है।

सिंह ने पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा, ''...पाकिस्तान को इनको (आतंकी शिविरों को) खत्म करना ही होगा।'' रक्षा मंत्री ने पीओके के तथाकथित प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक की हाल की टिप्पणियों की भी निंदा की जिन्होंने पाकिस्तान के भारत विरोधी एजेंडे को जारी रखने की वकालत की थी। उन्होंने कहा कि पीओके के लोग सम्मानजनक जीवन से वंचित हैं और पाकिस्तान के शासकों ने अपने भारत विरोधी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए धर्म के नाम पर उनका शोषण किया है।

आतंकवाद को समर्थन देने संबंधी अपनी नीति को छोड़ने में पाकिस्तान की विफलता को लेकर निशाना साधते हुए सिंह ने कहा, ''पाकिस्तान ने हमेशा भारत को अस्थिर करने का हर संभव प्रयास किया है। वह अपने प्रयास जारी रखे हुए है। पाकिस्तान ने कभी आतंकवाद को नहीं छोड़ा है। जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ करने वाले आतंकवादी पाकिस्तान से आते हैं।''

इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री ने घोषणा की कि देशभर के दूरदराज के क्षेत्रों में पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को मोबाइल मेडिकल इकाइयों के माध्यम से चिकित्सा सुविधाएं उनके घर तक पहुंचाई जाएंगी। उन्होंने कहा, ''सरकार ने पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की सहायता के लिए कई कदम उठाए हैं। हालांकि मैं यह दावा नहीं करता कि सभी उपाय पर्याप्त हैं, लेकिन इस वर्ष एक महत्वपूर्ण पहल दूरदराज के क्षेत्रों में भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के लिए 'मोबाइल मेडिकल यूनिट' की शुरुआत करना है।'' कार्यक्रम में रक्षा मंत्री सिंह के अलावा जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और 'जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ' एम वी सुचिन्द्र कुमार भी शामिल हुए।

# लोहड़ी कार्यक्रम में शामिल हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

नई दिल्ली। लोहड़ी का कई लोगों के लिए विशेष महत्व है, खासकर उत्तरी भारत के लोगों के लिए। यह नवीनीकरण और आशा का प्रतीक है। यह कृषि और हमारे मेहनती किसानों से भी जुड़ा हुआ है। आज शाम, मुझे दिल्ली के नारायणा में एक कार्यक्रम में लोहड़ी मनाने का अवसर मिला। विभिन्न क्षेत्रों के लोगों, खासकर युवाओं और महिलाओं ने इस उत्सव में हिस्सा लिया। सभी को लोहड़ी की हार्दिक शुभकामनाएं।

# केजरीवाल ने भाजपा पर वोट खरीदने का आरोप लगाया

नयी दिल्ली, (भाषा) आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को आरोप लगाया कि आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले मतदाताओं को लुभाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) धन और सोने की जंजीर बांट रही है।



हालांकि, भाजपा ने आरोपों को खारिज करते हुए इन्हें मनगढ़ंत बताया और कहा कि यह केजरीवाल की हताशा को दर्शाते हैं। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा कार्यकर्ता मतदाताओं को लुभाने के लिए जैकेट, जूते, साड़ियां, धन और यहां तक कि सोने की जंजीर भी बांट रहे हैं। उन्होंने कहा, ''मैं दिल्ली के लोगों से अपील करता हूं कि अगर चुनाव के दौरान आप उम्मीदवार सहित कोई भी धन या सामान की पेशकश करता है, तो इनमें से किसी को भी वोट नहीं दें।'' आप प्रमुख ने यह भी दावा किया कि पार्टी की लोकप्रियता बढ़ रही है और उन्होंने पार्टी को पूर्ण बहुमत मिलने की भविष्यवाणी की।

केजरीवाल ने कहा, ''समय के साथ आप का ग्राफ ऊपर चढ़ रहा है। दिल्ली बिक्री के लिए नहीं है। इन बेईमान और अपराधी लोगों को दिखाइए कि न तो दिल्ली और न ही इसका लोकतंत्र खरीदा जा सकता है।''

# उमर अब्दुल्ला ने देश की सुरक्षा में योगदान के लिए सशस्त्र बलों की प्रशंसा की

**जम्मू**, (भाषा) जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को देश की सुरक्षा में योगदान के लिए सशस्त्र बलों की प्रशंसा की और उनकी समस्याओं को दूर करने में अपनी सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।



अब्दुल्ला ने कहा कि सरकार और सुरक्षा बलों के बीच संबंधों को बेहतर और मजबूत बनाने के प्रयास जारी हैं। वह जम्मू के पास अखनूर सेक्टर स्थित टांडा आर्टिलरी ब्रिगेड में सेना द्वारा आयोजित ''नौवें सशस्त्र बल भूतपूर्व सैनिक दिवस'' समारोह को संबोधित कर रहे थे।

समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने भी भाग लिया।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर सैनिकों और पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा, ''आज इस मौके पर आप लोगों के बीच आकर मैं खुद को सौभाग्यशाली मानता हूं... आप वे लोग हैं, जिन्होंने इस देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया। आप वे लोग हैं जिन्होंने अपने कल की चिंता नहीं की, अपनी जान की परवाह नहीं की।''

उन्होंने कहा, ''आप वे लोग हैं जो देश की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने के लिए तैयार हैं और अपने कर्तव्यों का पूरी लगन से पालन कर रहे हैं। अब आपका ख्याल रखना हमारा फर्ज है। देश का ख्याल रखते हुए आपने सभी का ख्याल रखा।'' उन्होंने कहा कि अब सरकार का यह दायित्व है कि उन्हें किसी कठिनाई या परेशानी का सामना न करना पड़े।

मुख्यमंत्री ने कहा, ''जब हम ऐसा करते हैं तो हमें यह नहीं सोचना चाहिए कि हम आप पर कोई उपकार कर रहे हैं, क्योंकि यह हमारा कर्तव्य है। आपने देश के लिए जो किया उसके लिए हम आपके आभारी हैं और वास्तव में आपने हम पर बहुत बड़ा उपकार किया है। अब हमारा कर्तव्य है कि हम आपकी मदद करके, आपकी समस्याओं का समाधान करके, आपकी कठिनाइयों को दूर करके अपना कर्तव्य निभाएं।''

पूर्व सैनिकों के समक्ष आने वाली किसी भी समस्या के समाधान के लिए अपनी सरकार की ओर से पूर्ण समर्थन का आश्वासन देते हुए अब्दुल्ला ने कहा कि उन्हें किसी भी कमी या त्रुटि को उनके ध्यान में लाना चाहिए, ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार पूर्व सैनिकों के लिए भर्ती में आरक्षण लागू करने का प्रयास करेगी तथा सरकारी योजनाओं के अनुसार वित्तीय सहायता भी उपलब्ध कराएगी।

# दिल्ली पुलिस ने स्कूल में बम की धमकी देने के आरोपी का संबंध राजनीतिक रूप से संबद्ध एनजीओ से जोड़ा

**नयी दिल्ली,** (भाषा) दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को दावा किया कि शहर के 400 से अधिक स्कूलों में बम की फर्जी धमकी भेजने वाले 12वीं कक्षा के छात्र की पहचान कर ली गई है और उसके माता-पिता एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) से जुड़े हैं, जो एक राजनीतिक दल का समर्थन करता है।



पुलिस ने हालांकि राजनीतिक पार्टी का नाम नहीं बताया और कहा कि आगे की जांच जारी है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि लड़के से पूछताछ की गई और जांच के दौरान पाया गया कि एनजीओ ने संसद हमले के दोषी अफजल गुरु का भी समर्थन किया था। पुलिस के अनुसार, एनजीओ की एक राजनीतिक पार्टी से निकटता, विघटनकारी रणनीति के माध्यम से सार्वजनिक अशांति पैदा करने की संभावित बड़ी साजिश के संबंध में गंभीर सवाल उठाती है।

विशेष पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) मधुप तिवारी ने यहां पुलिस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बताया, ''हम ई-मेल ट्रैक कर रहे थे और वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) की वजह से, उनके स्रोत का पता लगाना मुश्किल था। हमें यह भी पता लगाना था कि क्या इसमें कोई आतंकी पहलू भी है।'' उन्होंने कहा कि वीपीएन के उपयोग के कारण सेवा प्रदाता पुलिस की मदद नहीं कर पा रहे थे। अधिकारी ने कहा, ''हमारी टीम ने आठ जनवरी को हाल ही में मिले ई-मेल के बाद नाबालिग को ट्रैक किया। चूंकि ई-मेल भेजने वाला एक किशोर था, इसलिए टीम ने फॉरेंसिक जांच के लिए उसका लैपटॉप और मोबाइल फोन अपने कब्जे में ले लिया।''

नाबालिग ने अपना अपराध कबूल कर लिया और यह स्थापित हो गया कि वह दिल्ली के 400 से अधिक स्कूलों को भेजी गई इसी प्रकार की धमकियों की कई पूर्व घटनाओं में शामिल था, जिनमें पिछले वर्ष एक मई को भेजी गई 250 धमकियां भी शामिल हैं। अधिकारी ने कहा, ''आरोपी ने अपनी पहचान छिपाने के लिए अनेक गुमनाम और कूट ई-मेल सेवा प्रदाताओं और उन्नत उपकरणों का इस्तेमाल किया।''

पुलिस टीम ने नाबालिग द्वारा भेजे गए 400 धमकी भरे ई-मेल ट्रैक किए। उन्होंने उसके पिता की पृष्ठभूमि की भी जांच की, जो एक एनजीओ के साथ काम कर रहे हैं, और पता चला कि यह संगठन एक नागरिक संस्था समूह का हिस्सा है, जो अफजल गुरु की फांसी के मुद्दे को उठाता रहा है और एक राजनीतिक दल की मदद भी कर रहा है। पुलिस ने एक बयान में कहा कि एनजीओ का एक राजनीतिक पार्टी के साथ पुराना और गहरा संबंध है। पुलिस ने कहा, ''यह एनजीओ खुले तौर पर राजनीतिक पार्टी की वकालत करने के लिए जाना जाता है। एनजीओ के विवरण के विश्लेषण से पता चला कि यह 2001 के संसद हमले में शामिल एक दोषी आतंकवादी अफजल गुरु की फांसी का विरोध करने और विभिन्न मुद्दों पर एक विशेष राजनीतिक पार्टी का समर्थन करने के लिए खुले तौर पर वकालत करने के लिए जाना जाता है।''

नाबालिग आरोपी के उद्देश्य के बारे में तिवारी ने कहा कि प्रारंभिक जांच और एकत्र साक्ष्यों के विश्लेषण से पता चला है कि फर्जी ई-मेल के पीछे मुख्य उद्देश्य स्कूलों में दहशत और व्यवधान पैदा करना था। उन्होंने कहा कि ये फर्जी धमकियां अत्यधिक कूट (एनक्रिप्टेड) ई-मेल सेवाओं और जटिल डिजिटल मार्गों के माध्यम से दी गईं, जिससे स्पष्ट रूप से पहचान छिपाने और पता लगने से बचने का इरादा जाहिर होता है।

पुलिस ने पुष्टि की है कि दिल्ली के स्कूलों को 12 फरवरी, 2024 से बम की धमकियां मिलनी शुरू हुईं और वे पूरे नेटवर्क की जांच कर रहे हैं। अधिकारी ने कहा, ''इस वर्ष 8 जनवरी को एक बड़ी सफलता तब मिली, जब दिल्ली के लगभग 23 स्कूलों को ई-मेल के माध्यम से बम की धमकी मिली, जिससे व्यापक दहशत फैल गई, स्कूल बंद हो गए और शैक्षणिक गतिविधियां बाधित हुईं।'' उन्होंने कहा कि आठ जनवरी के ई-मेल के बाद पुलिस ने इसे (ई-मेल) भेजने वाले की पहचान कर ली, उससे पूछताछ की तथा उसका लैपटॉप और दो मोबाइल फोन जब्त कर लिए।

तिवारी ने कहा, ''इन उपकरणों का प्रारंभिक फॉरेंसिक विश्लेषण किया गया, जिससे पता चला कि आरोपी सीधे तौर पर धमकी भरे ई-

## महिला किसानों के लिए योगी सरकार बनाएगी मॉडल एफपीओ

**लखनऊ,** (भाषा) उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 10 महिला किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को मॉडल के रूप में विकसित करने की घोषणा की है। मंगलवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है।

बयान के मुताबिक, इन एफपीओ का मुख्य उद्देश्य महिला किसानों को उनके उत्पादों को एकत्रित करने, प्रसंस्करण करने और बेहतर मूल्य पर बेचने में सहायता करना है। इस पहल से महिला किसानों को स्थानीय बाजार से जोड़ने और कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने का मौका मिलेगा। इसमें कहा गया है कि महिलाओं की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए योगी आदित्यनाथ सरकार का ग्रामीण आजीविका मिशन अहम भूमिका निभा रहा है। इस मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) का गठन कर महिलाओं को विभिन्न प्रकार के व्यवसाय और स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। बयान के मुताबिक, महिलाओं को कुटीर उद्योग, डेयरी, कृषि उत्पादों का प्रसंस्करण, हथकरघा और अन्य हस्तशिल्प कार्यों से जोड़ने के लिए प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।

# राहुल ने दिल्ली में गंदगी को लेकर केजरीवाल पर निशाना साधा



नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली में गंदगी को लेकर मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा और कटाक्ष करते हुए कहा कि यह ''केजरीवाल की पेरिस जैसी दिल्ली'' है।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मंगलवार को मकर संक्राति कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रिठाला पहुंचे थे और वहीं पर पार्टी के कुछ कार्यकर्ताओं के साथ स्थानीय नाले और वहां मौजूद गंदगी को देखने पहुंचे। इस दौरान रिठाला से कांग्रेस उम्मीदवार सुशांत मिश्रा भी मौजूद थे।

इस नाले और गंदगी का वीडियो 'एक्स' पर साझा करते हुए गांधी ने कहा, ''ये है केजरीवाल जी की 'चमकती' दिल्ली - पेरिस जैसी दिल्ली।'' राहुल गांधी ने सोमवार को सीलमपुर की अपनी चुनावी सभा में भी केजरीवाल पर तीखा प्रहार किया था और आरोप लगाया कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरह झूठे वादे करने और प्रचार करने की रणनीति पर अमल करते हैं।

केजरीवाल ने उन पलटवार करते हुए कहा था कि राहुल गांधी कांग्रेस बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन वह (केजरीवाल) देश बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं।

स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048, ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।